वर्ष-31, अंक- 284, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
31 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## एक नजर

### राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

**रांची/देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई और 01 अगस्त 2025 को झारखंड के दौरे पर रहेंगी।

### भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में रचा इतिहास

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका की नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक साथ मिलकर 'निसार मिशन' लांच किया। यह सैटेलाइट बुधवार की शाम को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच की गई। 'निसार मिशन' पृथ्वी की बेहतर निगरानी करेगा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




**एक अगस्त से झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र, सुचारु संचालन को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक**

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव और डीजीपी समेत कई विभागों के अधिकारी रहे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** षष्ठम झारखंड विधान सभा का तृतीय (मानसून) सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक आहूत किया गया है। सत्र के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर विधानसभा स्थित माननीय अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।
बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सत्र की कार्यवाही को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर सभी आवश्यक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, मीडिया समन्वय, वीआईपी मूवमेंट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि मानसून सत्र के दौरान जनहित से जुड़े विषयों पर केंद्रित संवाद और विधायी कार्यों के लिए शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जाए।

# टांगी से पिता की हत्या कर भागा कलयुगी बेटा, गांव में पसरा मातम

- **जारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में हुई दर्दनाक घटना, पुलिस ने आरोपी पुत्र को कुछ ही घंटों में किया गिरफ्तार**



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में मंगलवार की रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। यहां एक 28 वर्षीय युवक सुमन मुंडा ने अपने 60 वर्षीय पिता गुरुवा मुंडा की टांगी से बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम और सन्नाटा पसर गया है। मृतक की पत्नी सिल्मइट मुंडाई ने बताया कि रात में गुरुवा मुंडा शौच के लिए बाहर निकले थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे उनके पुत्र सुमन मुंडा ने अचानक टांगी से उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब पत्नी बचाने दौड़ी तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर वह चिल्लाई, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल गुरुवा मुंडा को तत्काल जशपुर (छत्तीसगढ़) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार और एसआई रमेश महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। इस घटना के बाद रुद्रपुर गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक पुत्र अपने ही पिता की इतनी क्रूरता से हत्या कर सकता है।

**रामगढ़ पुलिस ने छात्रा को सकुशल रांची पुलिस को सौंपा**

# रांची से अपहृत स्कूली छात्रा कुजू से बरामद

- **पुलिस के अभियान से घबराकर छात्रा को रास्ते में छोड़ भाग निकले अपराधी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/रामगढ़।** रांची से अपहृत स्कूली छात्रा को तीन घंटे के अंदर पुलिस के लगातार चलाए गए छापेमारी अभियान के बाद सकुशल कुजू ओपी क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। रांची में बुधवार की सुबह करीब आठ बजे उस समय सनसनी फैल गई थी, जब स्कूल जा रही 10 वर्ष की एक छात्रा को सिरमटोली फ्लाईओवर के पास से अज्ञात अपराधियों ने अगवा कर लिया था। रामगढ़ पुलिस ने छात्रा को सकुशल रांची पुलिस को सौंप दिया है।
रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने बुधवार को कुजू ओपी में प्रेस वार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। अपहृत छात्रा के सकुशल बरामदगी के मामले में रामगढ़ एसपी ने मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार की सराहना की और कहा कि इनकी तत्परता से बच्ची को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सदानंद कुमार की त्ववरित कार्रवाई से रामगढ़ पुलिस को सफलता मिली है। बच्ची के अपहरण होने से जुड़े मामले के संबंध में एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के वाहन को जब्त करने और उनकी धर पकड़ के लिए क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही है, वे जल्द ही पकड़े जाएंगे। बताया कि अपहरणकर्ताओं की उम्र करीब 20 से 25 साल के बीच है।
**यह है पूरा मामला :** बुधवार की सुबह करीब 8:00 बजे करबला चौक रांची निवासी एवं डेली मार्केट के एक फल कारोबारी की 10 वर्षीया पुत्री टोटो से बिशप एस्कॉर्ट स्कूल रांची जा रही थी। इसी बीच, रांची सिरमटोली फ्लाईओवर के पास कार पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने टोटो को टक्कर मारते हुए नाबालिग छात्रा को हथियार दिखाकर जबरन अपने कब्जे में कर रामगढ़ ओर भाग निकले। इधर, छात्रा के अपहरण होने की सूचना परिजनों को होने के बाद तत्काल परिजनों द्वारा रांची पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद आईजी मनोज कौशिक, डीआईजी/एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ एसपी को सूचना दी। जिस पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने त्ववरित कार्रवाई करते हुए एनएच 33 पर पड़ने वाले सभी थाना व ओपी के प्रभारियों को बच्ची के अपहृत होने की सूचना देते हुए नाकेबंदी करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद अपहृत छात्रा को लेकर भाग रहे अपराधियों के काला रंग के आई20 कार (जेएच01 एफयू-6874) तेजी से मांडू की ओर जाने लगी। जैसे ही आई20 कार मांडू के समीप पहुंची, अपराधियों ने देखा कि मांडू पुलिस चेकनाका लगाकर तालाशी ले रही है। पुलिस को अपनी ओर आता देखकर अपराधी कार को पीछे मोड़कर कुजू की ओर ले जाने लगे। यह देख मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपराधियों का पीछा किया। इस पर अपराधियों ने अपनी कार श्री राम चौक कुजू चौक के रास्ते ले भागे। अपराधियों के अंदर पुलिस के दबिश व एनकाउंटर के डर से बैंक ऑफ बडौदा के पास अगवा की हुई छात्रा को उतार कर कुजू चौक की ओर फरार हो गए। इधर, पीछा कर रहे मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार व कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्ची को सकुशल बरामद कर ओपी ले आए।
**अभियान में ये थे शामिल :** अभियान में रांची ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि अख्तर अली, आशीष गौतम समेत रामगढ़ पुलिस टीम शामिल थे।

### अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

छात्रा के अपहरण की सूचना मिलते ही रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने शहर भर में नाकेबंदी कर संभावित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी थी। इधर, छात्रा की सकुशल बरामदगी के बाद पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल और रूट से जुड़े सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। मामले को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता भी बढ़ा दी गई है।

### अपराधियों पर सख्त है हेमंत सोरेन सरकार

हेमंत सोरेन सरकार अपराधियों पर सख्त है। अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। सरकार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कृतसंकल्प है। राज्य कैबिनेट में अपराधियों पर इनाम की घोषणा से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। राज्य में अब फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर भी एक से लेकर 30 लाख रुपए तक के इनाम की घोषणा हो सकती है। इस संबंध में सभी जिलों के एसपी को जानकारी दे दी गई है।



# कोई भी कानून के ऊपर नहीं : हाईकोर्ट



- **गैंगस्टर अमन साव की मां की एफआईआर दर्ज नहीं करने पर कोर्ट नाराज**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर अमन साव की मां किरण देवी की शिकायत पर एफआईआर रजिस्टर न करने पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने दो टूक कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, फिर चाहे वह पुलिस महानिदेशक ही क्यों न हो। अदालत ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार से विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गैंगस्टर अमन साव की कथित मुठभेड़ में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने पूछा कि जब किरण देवी की ओर से ऑनलाइन एफआईआर दी गई थी, तो उसे अब तक रजिस्टर क्यों नहीं किया गया? अदालत ने इस पर राज्य सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा है। इसके अलावा प्रार्थी की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार इस मामले की सुनवाई में जान-बूझकर देरी कर रही है, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर कॉल रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी सीमित समय में ही मोबाइल कंपनियों से प्राप्त की जा सकती है, लेकिन देर होने से ऐसे प्रमाण नष्ट हो सकते हैं। अमन की मां किरण देवी ने याचिका में आरोप लगाया है कि 11 मार्च को पलामू में उनके बेटे का पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर कर दिया। उन्होंने कहा है कि उनके बेटे को रायपुर सेंट्रल जेल से रांची स्थित एनआईए कोर्ट में पेशी के लिए लाया जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में साजिश के तहत उसे मार दिया गया। याचिका में बताया गया है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में अमन को 75 पुलिसकर्मियों की टीम के साथ चाईबासा जेल से रायपुर स्थानांतरित किया गया था, लेकिन रायपुर से रांची लाने के दौरान केवल 12 सदस्यीय एटीएस टीम तैनात थी। किरण देवी का कहना है कि उन्हें पहले से आशंका थी कि पुलिस उनके बेटे की हत्या की साजिश कर रही है और बाद में उसे एनकाउंटर का नाम दे देगी। इस मामले में याचिकाकर्ता ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, सीबीआई निदेशक, झारखंड गृह सचिव, डीजीपी, एसएसपी रांची और एटीएस के अधिकारियों को भी पक्षकार बनाया है और सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# अलकायदा की महिला आतंकी शमा परवीन बेंगलुरु से गिरफ्तार

- **कोडरमा की निवासी बताई जाती है, गिरफ्तारी गुजरात एटीएस ने की है**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** अलकायदा टेरर मॉड्यूल के मामले में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। जानकारी के मुताबिक गुजरात एटीएस ने आतंकी संगठन अलकायदा की महिला आतंकी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। 30 वर्षीया महिला आतंकी का नाम शमा परवीन बताया जाता है। उससे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह झारखंड के कोडरमा की रहने वाली है। वह भारत में एक आतंकी मॉड्यूल चला रही थी। उस पर अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआईएस) के लिए युवाओं को ब्रेन वाश करने का आरोप है। इस संबंध में गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी के अनुसार, महिला को अल-कायदा से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में तीन अन्य लोगों की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है। 23 जुलाई 2025 को एटीएस ने अलकायदा (एक्यूआईएस) से कथित संबंध रखने वाले चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी मोहम्मद फैक, अहमदाबाद निवासी मोहम्मद फरदीन, अरावली के मोडासा निवासी सेफुल्लाह कुरैशी और उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी जीशान अली के रूप में हुई है।

**इंडिया**

# बाढ़ जैसी स्थिति चेतावनी है, हम खरीद रहे हैं बर्बादी

विश्व के सबसे विकसित और शक्तिशाली देश अमेरिका के न्यूयॉर्क में बाढ़ के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर उसकी बदहाली का मजाक उड़ाने के बजाय हमें इसे चेतावनी के रूप में लेने की आवश्यकता है। अपने देश के उलट रिसर्च और योजनाबद्ध ढंग से विकास करने वाले न्यूयॉर्क में वहां की पुरानी जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक बारिश के हिसाब से तैयार नहीं किया गया था। भारत के शहरी बुनियादी ढांचे में बसी ज्यादातर आबादी अनियोजित ढंग से बने आवासों में निवास करती है, इसलिए ज्यादा असुरक्षित हैं। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि भारतीय शहर देश की जीडीपी में 63 फीसदी का योगदान दे रहे हैं, जिसके 2050 तक 75 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय तक मौजूदा शहरी आबादी का दोगुना यानी 95.1 करोड़ लोग शहरों में रहने लगेंगे। वे 70 प्रतिशत नए रोजगार पैदा करेंगे और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप ईकोसिस्टम की मेजबानी करने वाले नवाचार के केंद्र होंगे, लेकिन वे तीव्र जलवायु परिवर्तन का भी सामना करेंगे और अभी शहरी बाढ़ की वजह से प्रतिवर्ष करीब चार अरब डॉलर का नुकसान होता है। 2070 तक यह नुकसान बढ़कर 14 से 30 अरब डॉलर पहुंच सकता है और करीब 4.6 करोड़ लोग मुसीबत में पड़ सकते हैं। और ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। मुंबई में बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किराया बीस से पच्चीस फीसदी कम है, जो गरीब परिवारों के जीवन को संकट में डालता है। कोलकाता में आधे से ज्यादा नागरिक सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं। एक तूफान सब कुछ तबाह कर सकता है। सूखा क्षेत्र पलामू के डाल्टनगंज में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई थी और नदी नालों के ऊपर अतिक्रमण से प्रभावित और शहर के बाहरी इलाकों में अनियोजित विकास जोखिम बढ़ा रहा है। वर्ष 1985 से 2015 के बीच बरसाती बाढ़ में 131 फीसदी की वृद्धि देखी गई। कभी कम जोखिम वाले शहर (हैदराबाद, बंगलूरू, इंदौर) अब नियमित रूप से बाढ़ का सामना कर रहे हैं। रांची सहित अनेक स्मार्ट सिटी बन रहे हैं पर जलवायु-स्मार्ट शहरी डिजाइन समय की मांग है। रांची में सिवरेज सिस्टम के नाम पर गलियों के बीच रेन पाइप से भी पतली पाइप गाड़कर ठेकेदारों ने छोड़ दिया है जिससे लगभग बीस किलोमीटर की दूरी ऊंचाई तक पानी कैसे तय करेगा और पॉलीथिन जैसी फंस जाएंगी तो क्या होगा जैसे कई सवाल हैं जिनका जवाब ढूंढा जा रहा है।इसके अलावा बिना नक्शा पास कराए शहरी क्षेत्रों से जुड़े इलाकों में अंधाधुंध विकास एक अलग प्रकार के संकट को जन्म देगा।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# सीएचसी में प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप गर्भस्थ शिशु की मौत, महिला की हालत गंभीर

## परिजनों ने उपायुक्त व सिविल सर्जन को लिखा पत्र, दोषी नर्सों पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत नर्सों की लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई, जबकि महिला की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने इस संबंध में पलामू उपायुक्त समीरा एस और सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव को लिखित शिकायत भेजकर दोषी स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विश्रामपुर प्रखंड के नवाडीह कला गांव निवासी रंजीत विश्वकर्मा की पत्नी माया देवी को प्रसव पीड़ा होने पर 25 जुलाई की शाम करीब 7 बजे विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। महिला के ससुर श्याम बिहारी विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक जांच के बाद नर्सों ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो घंटे में सामान्य प्रसव हो जाएगा और कोई चिंता की बात नहीं है।



### गंभीर आरोपः पेट पर चढ़कर कराया गया प्रसव

परिजनों का आरोप है कि नर्सों ने प्रसव जल्द कराने के लिए अनुचित तरीके अपनाए। कथित रूप से नर्सें माया देवी के पेट पर चढ़ गईं और दर्द की तीव्रता के बावजूद उनकी चीख-पुकार को अनदेखा करते हुए उन्हें थप्पड़ मारे गए। पीड़िता के साथ मौजूद महिलाओं ने यह सब अपनी आंखों से देखा और बाहर मौजूद परिजनों को सूचना दी। कुछ देर बाद माया देवी बेहोश हो गईं, जिसके बाद उसे तत्काल एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद ऑपरेशन कर मृत शिशु को बाहर निकाला गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस प्रक्रिया में महिला का गर्भाशय भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाईः चिकित्सा प्रभारी

विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जाएगी। यदि जांच में लापरवाही प्रमाणित होती है तो दोषी नर्सों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह मामला एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में संवेदनशीलता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। प्रशासन द्वारा तत्परता से जांच और कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

**प्रशासन से न्याय की मांग**

माया देवी के परिजनों ने मामले को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए बुधवार को उपायुक्त और सिविल सर्जन को लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी नर्सों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मोहम्मदगंज में सड़क हादसा चार युवक घायल, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ पर मंगलवार देर शाम सोनबरसा पेट्रोल पंप के पास बाइक और टेंपो की टक्कर में चार युवक घायल हो गए। बाइक सवार युवक जपला से मेला देखकर लौट रहे थे और टेंपो सवारी छोड़कर वापस लौट रहा था। बाइक चालक की स्थिति गंभीर बताई गई है। सभी घायलों को मझिआंव अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक दीपक माली ने घायलों को स्वयं अस्पताल पहुंचाया। मोहम्मदगंज पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जब्त बाइक (खल्र14ल्र-4824) को थाना ले गई। हादसे के शिकार युवक मलवरिया और विशुनपुरा के निवासी बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोग स्पीड ब्रेकर की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह क्षेत्र लगातार हादसों का केंद्र बनता जा रहा है।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**पांकी।** थाना पुलिस ने बुधवार को फरार अभियुक्त रंजीत सिंह उर्फ करण सिंह, पिता - सूयानंद सिंह, निवासी - पिपरा कला, थाना - पांकी, जिला - पलामू के घर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया किया। दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। पुलिस की ओर से बताया गया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए यह नियमित कानूनी प्रक्रिया है। इससे पूर्व भी पांकी पुलिस कई मामलों में अभियुक्तों के खिलाफ ढोल बजाकर और इश्तेहार चिपकाकर दबाव बना चुकी है।

### पूर्व विधायक ने जेपीएससी में सफल आशीष पाठक को दी शुभकामनाएं

## प्रतिभा परिस्थितियों की मोहताज नहीं होतीः हरिकृष्णा सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह बुधवार को सतबरवा प्रखंड के लोहड़ी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने 11वींझ13वीं जेपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयनित आशीष कुमार पाठक को उनके आवास पर जाकर बधाई दी। हरिकृष्णा सिंह ने आशीष पाठक और उनकी माता सरिता देवी को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा कभी भी परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती, बल्कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से हर मंजिल को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार के जेपीएससी परिणाम इस बात के उदाहरण हैं कि सामान्य और मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता अर्जित की है, जो पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आशीष की सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रेरणा लेंगे और आने वाले वर्षों में कई विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय में वेतन संकट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय में कार्यरत एकमात्र शिक्षक चंद्रशेखर मेहता पिछले 28 माह से वेतन से वंचित हैं।

**28 माह से वेतन से वंचित एकमात्र शिक्षक, 2027 में होंगे सेवानिवृत्त**



अगस्त 2027 में उनकी सेवानिवृत्ति प्रस्तावित है, जिसके साथ ही विद्यालय के अस्तित्व पर भी संकट गहरा गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित यह विद्यालय 1985 में स्थापित हुआ था। पहले यहां सातवीं से दसवीं तक की पढ़ाई होती थी और इसकी छात्र संख्या 500 से अधिक थी। विद्यालय के अन्य शिक्षक व कर्मी मार्च 2023 तक रिटायर हो चुके हैं। वर्तमान में केवल चंद्रशेखर मेहता विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। भवन की स्थिति पहले जर्जर थी, लेकिन पंचायत की मुखिया कमला देवी ने इसे पुनः जीवंत कर दिया। पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रबहादुर सिंह 2011 से इसे शिक्षा विभाग के अधिग्रहण हेतु प्रयासरत रहे हैं, किंतु अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। जल संसाधन विभाग द्वारा अनुशंसा भी की जा चुकी है, परंतु शिक्षा विभाग की ओर से निर्णय लंबित है। शिक्षक चंद्रशेखर मेहता ने विधायक संजय कुमार सिंह यादव से इस दिशा में पहल करने की अपील की है।

## एचडीएफसी बैंक से मिला सामाजिक सहयोग का भरोसा

**छतरपुर।** हाल ही में खुली एचडीएफसी बैंक शाखा से इलाके में विकास की उम्मीदें जुड़ गई हैं। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता 'चुनमून' ने शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार से मुलाकात कर बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। अरविंद गुप्ता ने कहा कि बैंक क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों के लिए वरदान साबित हो सकती है। उन्होंने बैंक से छतरपुर के समग्र विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। इस पर शाखा प्रबंधक ने भरोसा दिलाया कि एचडीएफसी बैंक सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## जपला स्टेशन पर आरपीएफ की कार्रवाईः महिला कोच व स्टेशन परिसर से आठ अनधिकृत यात्री गिरफ्तार

### रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज, न्यायालय ने लगाया जुर्माना, लगातार चलेगा अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड स्थित जपला रेलवे स्टेशन पर अनधिकृत यात्रियों के खिलाफ रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार यात्री सुरक्षा और रेलवे अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान आरपीएफ की टीम ने महिला और दिव्यांग कोच तथा एसएलआर में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे छह यात्रियों को पकड़ा, जबकि दो अन्य व्यक्तियों को स्टेशन परिसर में बिना वैध कारण के घूमते हुए गिरफ्तार किया गया। कुल आठ लोगों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक दंडाधिकारी, डालटनगंज की अदालत में प्रस्तुत किया गया। अदालत ने जुमार्ना वसूलने के बाद सभी को रिहा कर दिया। निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि अनधिकृत यात्रा और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए यह अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि कोई व्यक्ति महिला कोच या स्टेशन परिसर में अनधिकृत रूप से पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में आरपीएफ के उपनिरीक्षक जेपी प्रसाद, कार्तिक बिंझा समेत कई जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### पांकी में 11 करोड़ की लागत से बन रहा भव्य श्रीराम मंदिर



**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बुधवार को मंदिर के प्रथम तल्ले की ढलाई कार्य की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस शुभ अवसर पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, मंदिर अध्यक्ष मुरली प्रसाद, सचिव संजीव गुप्ता और मुखिया प्रेम प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। पूजन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रमदान करते हुए मंदिर निर्माण में भागीदारी निभाई। इस दौरान पूरा परिसर ₹जय श्रीराम₹ के नारों से गूंज उठा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मुरली प्रसाद एवं सचिव संजीव गुप्ता ने बताया कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। जल्द ही मंदिर में भगवान रामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। समिति ने राज्यभर के श्रद्धालुओं से तन, मन, धन से सहयोग की अपील की है। मौके पर संतोष गिरी, उपमुखिया अनारीक राम, कोषाध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, पुजारी वीरेंद्र पांडेय, निर्मल गुप्ता, लखन कुमार, गुड्डू प्रसाद, रूपेश कुमार, चिंटू गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सड़क की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सड़क पर की धनरोपनी



**पांकी।** पांकी प्रखंड के सगालीम-आसेहार मुख्य सड़क की जर्जर हालत के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को ग्रामीणों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए सड़क पर ही धान की रोपनी कर दी। यह विरोध प्रदर्शन पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनय सिंह दांगी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि माइंस से निकलने वाले भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रतिदिन 45-50 टन वजनी हाईवा ट्रक इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे सड़क अब गड्ढों और कीचड़ का गढ़ बन चुकी है। इस स्थिति में स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों का चलना भी जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने बताया कि मात्र 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में अब दो घंटे तक लग रहे हैं। गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। बार-बार मांग के बावजूद प्रशासन और माइंस कंपनियां चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो जन आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### रुद्राभिषेक अनुष्ठान से भीमचुल्हा मंदिर परिसर भक्तिमय



**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचुल्हा स्थित शिव मंदिर में बुधवार को रुद्राभिषेक अनुष्ठान के दौरान माहौल भक्तिमय हो गया। यजमान संजय सिंह (इमलियाटीकर-पांती) ने अपने परिवार संग अनुष्ठान कराया। वाराणसी से आए धमार्चार्य ने पूरे वैदिक विधि से रुद्राभिषेक संपन्न कराया। पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि मंदिर में दूर-दराज से श्रद्धालु आने लगे हैं। मंदिर की बढ़ती महिमा का यह परिचायक है। धर्मशास्त्री पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि रुद्राभिषेक से सभी पाप नष्ट होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रावण मास में इसका विशेष महत्व है क्योंकि यह शिव का प्रिय मास है और इसमें रुद्राभिषेक विशेष फलदायक होता है।

## राम विगहा की नाली में मिट्टी भरने से गंदगी और जलभराव, नपं से त्वरित समाधान की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के राम विगहा मोहल्ले में स्कूल तक बनी नाली में कुछ दबंगों द्वारा मिट्टी भर दिए जाने से जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। इससे मोहल्ले में गंदगी, दुर्गंध और जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। परेशान मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत कार्यालय में लिखित शिकायत देकर स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह नाली नगर विकास विभाग द्वारा इसी वर्ष बनवाई गई थी, ताकि वर्षा जल और घरेलू अपशिष्ट जल की उचित निकासी हो सके। लेकिन कुछ लोगों ने जानबूझकर इसमें मिट्टी डालकर नाली को जाम कर दिया, जिससे नाली का पानी सड़कों और घरों के आसपास जमा हो रहा है।

**मुख्य समस्याएं**

नाली जाम होने से सड़कों पर पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। ठहरे हुए गंदे पानी में मच्छर तेजी से पनप रहे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। गंदा पानी और कचरे की बदबू से मोहल्ले का वातावरण दूषित हो गया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों ने नगर पंचायत से त्वरित कार्रवाई कर नाली की सफाई और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय, जपला-2 में छठी कक्षा में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त तक

**हुसैनाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय जपला-2 में कक्षा छठ में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब विद्यार्थी 13 अगस्त 2025 तक प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में अंतिम तिथि 29 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकें। फॉर्म भरने के दौरान मूल निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की मांग की जा रही है। यदि किसी छात्र के पास यह दस्तावेज फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं, तो वे फॉर्म बिना अपलोड किए भी भर सकते हैं। चयन के बाद इन प्रमाण पत्रों को विद्यालय में प्रस्तुत करना होगा। प्राचार्य ने अभिभावकों और स्कूल प्राचार्यों से अनुरोध किया कि वे योग्य विद्यार्थियों को फार्म भरने के लिए प्रेरित करें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का अवसर मिल सके।

## भकासी में लगी 'खुशी क्लास', बच्चों ने नशा, अंधविश्वास पर की खुलकर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव भकासी में बुधवार को 'खुशी रथ' पहुंचा, जहां उत्क्रमित विद्यालय भकासी में ह्यखुशी क्लासह्न का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने गांव की समस्याएं, नशा और अंधविश्वास जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की। कार्यक्रम का संचालन लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और ह्यखुशी मिशनह्न के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव और डिप्रेशन महामारी का रूप ले चुके हैं। इसे केवल सकारात्मक सोच और संवाद से ही हराया जा सकता है। उन्होंने एक प्रेरणादायक कहानी सुनाकर बच्चों को समझाया कि किसी का भविष्य उसकी सोच पर निर्भर करता है, न कि उसके रंग-रूप पर। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि तनाव संबंधित मामलों में 'खुशी क्लास' की मदद ली जाए। धन्यवाद ज्ञापन संदीप शाह ने किया।

## महुदंड पंचायत में दो स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण की सिफारिश

**हुसैनाबाद (पलामू)।** महुदंड पंचायत में लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधा की कमी को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए महुदंड और लोहबंधा में दो नए स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण की सिफारिश की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएमओ) पलामू को विस्तृत प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव में बताया गया है कि महुदंड पंचायत में वर्तमान में कोई स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेन्द्र मौजूद नहीं है और जो भवन वर्तमान में उपयोग में है, वह स्वास्थ्य विभाग का नहीं है। फिलहाल पंचायत सचिवालय के ऊपरी मंजिल पर एक कमरे में अस्थायी रूप से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं, जो क्षेत्र की 6400 की आबादी के लिए अपर्याप्त है। प्रस्ताव के अनुसार पंचायत के सात गांव झ फटिया, चोरपहरा, कुरदाग, लपसेरा, सलैयाटीकर, प्रतापपुर, नन्या, नसोजमालपुर और लोहबंधा के ग्रामीणों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 3 से 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती। सीएचसी हुसैनाबाद ने इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दो स्थायी उपकेन्द्रों के निर्माण की सिफारिश की है।

**कार्यक्रम**

### गम्हरिया नाग मंदिर में नागपंचमी पर सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

## धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता व सांस्कृतिक मूल्यों को मिलती है मजबूती : अजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक गम्हरिया नाग मंदिर परिसर में नागपंचमी के पावन अवसर पर मंगलवार की रात भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का मंच भी बना। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई। नाग मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और नाग देवता का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



श्रृंखला शुरू हुई जिसमें लोकगीत, भजन और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्र के कलाकार रामजवित पासवान, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, बिहारी चौधरी, शिवपूजन प्रसाद गुप्ता सहित अन्य ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बतौर अतिथि भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल हमारी संस्कृति की पहचान बनी रहती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने नाग देवता एवं भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य की कामना की। अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि गम्हरिया स्थित यह नाग मंदिर काफी प्राचीन है और यहाँ नागपंचमी के दिन हर वर्ष विशेष पूजा और मेले का आयोजन किया जाता है। यह मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है, जहाँ दर्जनों गांवों के लोग शामिल होकर इस पावन अवसर को सामूहिक रूप से मनाते हैं। इस मौके पर मंदिर के पुजारी छोटू प्रजापति, समाजसेवी नरेश कुमार पासवान, बजरंगी पासवान, रामप्रवेश राम समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने पूजा समिति की ओर से किए गए बेहतर प्रबंधन की सराहना की और इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

# डीआईजी ने किया पुलिस निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण, स्वच्छता पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के डीआईजी नौशाद आलम ने बुधवार देर शाम मेदिनीनगर स्थित पुलिस निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि न केवल कार्यालय बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक सुरेश राम से कार्यालय के अभिलेखों और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षक ने विभिन्न दस्तावेजों को दिखाते हुए डीआईजी से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। कार्यालय के अंदर की व्यवस्था को डीआईजी ने संतोषजनक बताया, लेकिन परिसर के बाहर फैली गंदगी और अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई।



उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि पुलिस थाना और अंचल निरीक्षक कार्यालय न सिर्फ प्रशासनिक कार्यों का केंद्र है, बल्कि आम जनता के विश्वास का प्रतीक भी होता है। ऐसे में स्वच्छ वातावरण कार्य संस्कृति और पुलिसकर्मियों की दक्षता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा और मनोबल को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

डीआईजी ने यह भी बताया कि वे एक सप्ताह के भीतर दोबारा निरीक्षण के लिए आएंगे और देखेंगे कि सुधार हुआ है या नहीं। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्यालयीन व्यवस्था के साथ-साथ थाना परिसर का सौंदर्यीकरण और आम नागरिकों से मधुर संबंध बनाना आवश्यक है। जनता के साथ बेहतर संवाद ही पुलिस की छवि को मजबूत करता है। निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## सरकारी कार्यों में निजी नंबर वाले वाहनों का उपयोग जारी



- बिना टैक्सी परमिट दौड़ रहे निजी वाहन, परिवहन नियमों की उड़ रही धज्जियां

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में निजी पंजीकरण वाले वाहनों का व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। इन वाहनों का न तो टैक्सी परमिट है और न ही कई मामलों में बीमा तक अद्यतन है। बावजूद इसके, इनसे अधिकारी सरकारी कामकाज कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है।

पांकी बीडीओ को आवंटित बोलेरो वाहन बिना नंबर प्लेट के ही चल रहा है, जो विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। वहीं, एनडीसी द्वारा इस्तेमाल की जा रही गाड़ी एक निजी व्यक्ति के नाम पर है, जिसका बीमा समाप्त हो चुका है। अपर समाहर्ता और डीएसई द्वारा इस्तेमाल की जा रही गाड़ियां भी निजी रजिस्ट्रेशन की हैं और उनके बीमा की अवधि खत्म हो चुकी है।

प्रश्न उठता है कि जब आम लोगों पर बिना परमिट वाहन चलाने पर कार्रवाई होती है, तो अधिकारियों पर यह नियम क्यों लागू नहीं होते? परिवहन विभाग की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है।

## कचहरी की दुकान से बन रहे थे फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर की एक फोटो स्टेट एवं ऑनलाइन सेवा दुकान से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र सहित कई नकली दस्तावेज तैयार करने का खुलासा हुआ है। दुकान संचालक परवेज इकबाल को गिरफ्तार कर उसकी दुकान को नगर निगम ने सील कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को कई पूर्व नगर आयुक्तों के नाम पर बनाए गए फर्जी प्रमाण पत्र मिले। लंबे समय से यह अवैध कार्य किया जा रहा था, जिसकी सूचना पूर्व में भी दी जा चुकी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परवेज खुद अन्य दुकानों की शिकायत लेकर सहायक नगर आयुक्त के पास जाया करता था। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। नगर निगम ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी फर्जी प्रमाण पत्र की जानकारी मिलते ही प्रशासन को सूचित करें।

## डिज्नीलैंड मेलाः मुख्य प्रवेश द्वार पर ई-रिक्शा चालकों का कब्जा



**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में चल रहे डिज्नीलैंड मेले के मुख्य द्वार पर दर्जनों ई-रिक्शा चालकों ने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया है, जिससे यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। पैदल चलने वालों से लेकर दोपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कत हो रही है। ई-रिक्शा चालक गेट के ठीक सामने कतार में खड़े होकर सवारी का इंतजार करते हैं, जिससे अक्सर कहासुनी और झगड़े की स्थिति बन जाती है। बैरिकेडिंग के बावजूद पुलिस की अनुपस्थिति से ई-रिक्शा चालकों का मनोबल बढ़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य गेट पर पुलिस बल की तैनाती की जाए और बैरिकेडिंग से पहले ही ई-रिक्शा को रोका जाए, ताकि मेला में आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## समस्या से समाधान तक हमारा दायित्व": सन्नी शुक्ला

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सन्नी शुक्ला और आशुतोष विनायक ने बुधवार को नगर विकास, खेलकूद एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार को नगर निगम की जमीनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर की अधिकांश गलियां कीचड़ और गड्ढों से भर गई हैं, सड़कें जर्जर हैं और स्ट्रीट लाइटें वर्षों से खराब पड़ी हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि न सिर्फ सड़कें, बल्कि खेलकूद की भी सुविधाएं पूरी तरह गायब हैं। आशुतोष विनायक ने कहा कि "नगर निगम होल्डिंग टैक्स तो वसूल रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं।" उन्होंने कहा कि "संपूर्ण नगर क्षेत्र में एक भी खेल मैदान न होना आश्चर्यजनक है। इससे नई पीढ़ी को खेलकूद में अवसर नहीं मिल पा रहा।" मंत्री सुदिव्य कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में बदलाव जल्द ही दिखने लगेंगे।

## चेरो समाज की बेटी प्रियंका बनीं प्रशासनिक अधिकारी

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी शिवनारायण सिंह की सुपुत्री प्रियंका कुमारी के झारखंड प्रशासनिक सेवा में चयन पर राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर भव्य सम्मान किया। प्रियंका को समाज की 'नारी शक्ति का प्रेरणास्त्रोत' बताते हुए पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व मिठाइयों से सम्मानित किया गया। समारोह में राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, राष्ट्रीय सलाहकार भारदूल कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने प्रियंका की उपलब्धि को चेरो समाज के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद बताया। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और समाज को दिया और प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## नागपंचमी पर खोहरी में 'बॉगेनविलिया रिज़ॉर्ट' का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत खोहरी में मंगलवार को नागपंचमी के शुभ अवसर पर 'बॉगेनविलिया रिज़ॉर्ट' का विधिपूर्वक उद्घाटन किया गया। अभिषेक पांडेय ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर इस रिज़ॉर्ट की शुरुआत की, जिसमें कई सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्व शामिल हुए। रिज़ॉर्ट के संचालक सुनील पांडेय (लल्लू), संजय पांडेय व सतीश पांडेय ने बताया कि यह पर्यटक स्थल स्विमिंग पूल, रेस्टोरेंट, रेस्ट हाउस और बच्चों के लिए मनोरंजन पार्क जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। बॉगेनविलिया फूलों की प्राकृतिक छटा और पहाड़ी दृश्य इसे विशेष आकर्षण देते हैं। इस अवसर पर विभाकर नारायण पांडेय, अनील पांडेय, देवेंद्र तिवारी, नवीन तिवारी, राजीव रंजन समेत कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह सादगी और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

# जनता दरबार में सुनी गईं समस्याएं, डीसी ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश



- समीरा एस की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में हुआ जन संवाद, बुजुर्ग से लेकर शिक्षक तक ने रखी पीड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं, जिनमें से अधिकांश पर मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देश देकर समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

चैनपुर निवासी 75 वर्षीय अनिल कुमार सिंह ने डीसी को बताया कि उनकी उंगलियां काम नहीं करतीं, इस कारण उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया और उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने हर्निया पीड़ा का इलाज कराने में आ रही दिक्कतों को भी साझा किया।

पांकी के शिक्षक राजीव रंजन ने अपने बीमार बेटे की देखभाल के लिए मेदिनीनगर में स्थानांतरण का आग्रह किया। वहीं हमीदगंज के कृष्णा राम, जो पहले डीसीएलआर के वाहन चालक रह चुके हैं, ने दोबारा चालक के रूप में नियुक्ति की मांग की।

हरिहरगंज से आयीं बिंदा देवी ने अपने मृत पति, जो पूर्व में चौकीदार थे, के लंबित एसीपी/एमएएसीपी लाभ अब तक नहीं मिलने की बात रखी।

जनता दरबार में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता अतिक्रमण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में गड़बड़ी, फर्जी आंगनबाड़ी सेविका चयन, पीएम आवास की अनुचित सूची, दाखिल-खारिज, स्वास्थ्य, राजस्व, आपूर्ति, पेयजल व शिक्षा से जुड़े कुल दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए।

उपायुक्त ने सभी मामलों में 15 दिनों के भीतर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## स्वर्गीय पुरनचंद की राह पर चलना मेरे लिए गौरव की बात : अरुणा



- पचमुहान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर समेत कई गणमान्य लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, पूरनचंद विचार मंच द्वारा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूरनचंद विचार मंच की ओर से बुधवार को पचमुहान स्थित स्वर्गीय पुरनचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि "मैं स्वर्गीय पूरनचंद जी से व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं मिल सकी, लेकिन हर बार जब उनकी पुण्यतिथि या मंच द्वारा आयोजित किसी कार्यक्रम में आती हूं, तो उपस्थित बुजुर्गों व परिजनों से उनकी जीवनगाथा सुनने को मिलती है, जिससे उनके प्रति मेरे मन में सम्मान और श्रद्धा और भी बढ़ जाती है। यदि मैं उनके पदचिन्हों पर थोड़ा भी चल सकी, तो यह मेरे लिए गर्व की बात होगी।" कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरनचंद विचार मंच के अध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामचंद्र केसरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्ञानचंद पांडेय, तारकेश्वर आजाद, बलराम तिवारी, युगल किशोर प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद, शैलेश चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम, रवि पाल, अभिजीत कुमार, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, सुनील प्रसाद, ललन प्रजापति, रिया चंद्रवंशी, संतोष प्रसाद, राजीव रंजन तथा सीएस दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# 22 बजरंग दल सदस्यों की टोली बूढ़ा अमरनाथ यात्रा पर रवाना



- जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में टाटा-जम्मू तवी एक्सप्रेस से हुई विदाई

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की वार्षिक चट्टानी एकता यात्रा 'बूढ़ा अमरनाथ यात्रा' में शामिल होने के लिए मंगलवार की देर रात पलामू जिला से 22 सदस्यीय टोली रवाना हुई। रेलवे स्टेशन पर जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में टाटा नगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस से रवाना हो रहे बजरंगियों को विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अमित तिवारी ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सेवा टोली सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र ने बताया कि वर्ष 2005 से यह यात्रा शुरू की गई। इसका उद्देश्य जम्मू संभाग के सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्रों—राजौरी, पुंछ व सुंदरबनी—में रहने वाले हिन्दू समाज को आत्मबल देना और वहां के सामाजिक व आर्थिक जीवन में ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष देशभर के हजारों कार्यकर्ता इस यात्रा में भाग लेते हैं और यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुकी है।

बजरंग दल के पलामू जिले से इस बार 22 कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में भागीदारी सुनिश्चित की है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। इस टोली में युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# कीचड़ में फंसा नगर निगम का डिपो, कर्मियों की बढ़ी परेशानी



- बरसात में जलजमाव से बदहाल स्थिति, वाहन चालकों और सफाईकर्मियों को हो रही मुश्किल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम का वाहन डिपो बारिश के चलते कीचड़ और जलजमाव का गढ़ बन गया है। जिस जगह से शहर की सफाई व्यवस्था संचालित होती है, वहीं की हालत नारकीय बनी हुई है।

डिपो परिसर में ट्रैक्टर, जेसीबी और कचरा उठाने वाले सैकड़ों वाहन खड़े होते हैं, लेकिन वहां कीचड़ और गंदगी से वाहन चलाना और वहां पहुंचना मुश्किल हो गया है। हल्की बारिश में ही फिसलन और बदबू से पूरा माहौल दूषित हो जाता है।

सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि उचित जल निकासी नहीं होने से यह समस्या हो रही है। इसे स्थायी रूप से ठीक करने के लिए प्रयास जारी हैं।

# डीआईजी नौशाद आलम को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधी राखी, दिया आत्मिक बंधन का संदेश

- रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की ओर से आध्यात्मिक संदेश के साथ मनाया गया पर्व, विकारों की भेंट को बताया सच्चा उपहार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम को ब्रह्माकुमारी बहन निर्मला द्वारा राखी बांधी गई। इस मौके पर आत्मिक स्नेह, आध्यात्मिक शुद्धता और मनोविकारों पर विजय के संदेश के साथ राखी का महत्व समझाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा ने बताया कि यह पर्व केवल बहनों द्वारा भाइयों की कलाई पर राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के बीच के पवित्र संबंध और मन की शुद्धता को सशक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हम लौकिक बहनें अपने भाइयों से स्थूल उपहार की अपेक्षा नहीं रखतीं, बल्कि अपेक्षा करती हैं कि हमारे भाई विकारों की भेंट दें – यानी अपने क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखें।

कार्यक्रम के दौरान ईश्वरीय सेवा केंद्र की बहनों ने राखी बांधने के साथ-साथ ईश्वर की याद में लीन होकर भाईचारे, सौहार्द और शांति का संदेश दिया। डीआईजी नौशाद आलम ने इस अद्भुत पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों और आत्मिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

- 10 से 25 अगस्त तक चलेगा जिलेभर में दवा वितरण कार्यक्रम, जनसहभागिता पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमडीए/आईडीए 2025 अभियान को सफलतापूर्वक लागू करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि 10 से 25 अगस्त 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए डीईसी, एल्बेंडाजॉल और आइवरमेक्टिन की एक खुराक जनसमुदाय को दी जाएगी। केवल 0 से 2 वर्ष के कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति इस दवा सेवन से बाहर रहेंगे।

उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिकतम लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, पीएचसी, सीएचसी, वार्ड कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर दवा वितरण की समुचित व्यवस्था करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा, "फाइलेरिया उन्मूलन तभी संभव है जब समाज के हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी हो। दवा सेवन के ज़रिए हम फाइलेरिया से स्वयं को और पूरे जिले को सुरक्षित कर सकते हैं।" बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, एमडीए नोडल पदाधिकारी, समाज कल्याण, शिक्षा, पंचायती राज, सूचना व जनसंपर्क सहित अन्य विभागों के अधिकारी व अभियंता उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में खाद विक्रेताओं से सीधा संवाद



**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार के संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में दर्जनों खाद विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य खाद वितरण, मूल्य नियंत्रण और किसानों की शिकायतों का समाधान था। जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने उर्वरक नियंत्रण आदेश, स्टॉक रजिस्टर संधारण और लाइसेंस नियमों की जानकारी दी। एसडीएम ने विक्रेताओं से कहा कि वे केवल प्रमाणित कंपनियों का खाद बेचें और दुकान पर रेट लिस्ट और शिकायत रजिस्टर अनिवार्य रखें। उन्होंने चेताया कि कालाबाजारी, ओवररेटिंग या अवैध सामान बेचने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया गया कि खाद की दुकानों में शराब या परचून की बिक्री न हो, ऐसा पाए जाने पर लाइसेंस रद्द किया जाएगा। एसडीएम ने भविष्य में नियमित संवाद कार्यक्रम और प्रशिक्षण आयोजित करने की घोषणा की।

## सरकारी शराब दुकान की जांच में मिला ओवररेटिंग का मामला



**रमना।** बुधवार शाम को रमना स्थित सरकारी शराब दुकान का निरीक्षण सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने किया। ग्रामीणों द्वारा दुकान में तय दर से अधिक राशि वसूलने की शिकायत के बाद यह जांच की गई। जांच में शिकायत सही पाई गई। सीओ ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत दोबारा नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि दुकान के बाहर सक्षम पदाधिकारी और उत्पाद विभाग का टोल फ्री नंबर लगाया जाए, ताकि उपभोक्ता तुरंत शिकायत कर सकें। यदि भविष्य में अनियमितता पाई जाती है, तो दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अनियमितताओं की शिकायत आबकारी विभाग को लिखित, कॉल या ऑनलाइन माध्यम से करें।

## झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराईः रितेश चौबे

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झारखंड सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवाएं ठप हो जाने से मरीज दम तोड़ने की कगार पर हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सिर्फ बयानबाजी में लगे हैं, जबकि स्वास्थ्य सेवाएं ठप हो चुकी हैं। सरकार न तो हड़ताल खत्म करवा पा रही है, न ही वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है। रितेश चौबे ने मांग की कि यदि स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधार नहीं सकते तो उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री, अफसर और जनप्रतिनिधि खुद का इलाज झारखंड के बाहर कराते हैं, जबकि गरीब जनता राज्य की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के भरोसे रह जाती है।

## मिथिलेश ठाकुर ने कांवरियों को किया रवाना, कहा - झामुमो समाज को जोड़ता है

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को लगभग 1000 कांवरियों को ह्वबोल बमह्ल के लिए रवाना किया। कांवरियों ने झारखंड की समृद्धि और दिशोम गुरू शिबु सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ यात्रा शुरू की। ठाकुर ने कांवरियों के लिए भोजन, नाश्ता, ठहराव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की। यात्रा की शुरूआत उनके आवास से हुई, फिर काली मंदिर, संकट मोचन मंदिर और गढ़देवी मंदिर होते हुए कांवरियों ने प्रस्थान किया। मिथिलेश ठाकुर ने कहा, ह्लझामुमो सभी जाति-धर्म के लोगों को साथ लेकर चलता है। कुछ लोग समाज को बाँटने का काम कर रहे हैं, लेकिन झामुमो समाज को जोड़ने में विश्वास रखता है।ह्व इस अवसर पर कई पार्टी पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेजस्वी जायसवाल सम्मान समारोह में छात्रों को मिली सफलता की प्रेरणा

**श्री बंशीधर नगर।** बिरला ओपन माइंड्स विद्यालय में जेपीएससी परीक्षा में 23वीं रैंक हासिल करने वाले तेजस्वी जायसवाल के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, तेजस्वी जायसवाल, डायरेक्टर मनीष सिंह, प्राचार्य रवीश प्रजापति और वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे शामिल हुए। तेजस्वी जायसवाल अपने माता-पिता के साथ कार्यक्रम में उपस्थित हुए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें शॉल और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने तेजस्वी से प्रश्न पूछे और उनकी सफलता यात्रा के अनुभव सुने। तेजस्वी ने कहा, ह्लनिरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है।ह्व समारोह के अंत में विद्यालय द्वारा सभी शिक्षकों की परीक्षा ली गई, जिसमें उत्तीर्ण शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे ने कहा, ह्लतेजस्वी जैसे युवाओं की सफलता समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।ह्व डायरेक्टर मनीष सिंह ने तेजस्वी को विद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर युवराज सिंह, भावना ओझा, गार्गी जायसवाल, पियुष रंजन, रिचा सिंह, रूबी, अनामिका प्रजापति, नीतू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मानवता की मिसाल बना लायंस क्लब, जरूरतमंदों को बांटे 100 निःशुल्क छाते



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने बुधवार को समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में 100 जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क छाते वितरित किए। क्लब अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने कहा कि गरीब और मेहनतकश वर्ग को मानसून में कठिनाइयों से राहत देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। क्लब सचिव उपेंद्र ठाकुर ने बताया कि यह सेवा कार्य क्लब के वार्षिक कार्यक्रमों का हिस्सा है। पहले चरण में रिक्शा चालकों, मजदूरों, दुकानदारों और महिलाओं को लाभान्वित किया गया। छाता पाने वालों के चेहरों पर संतोष और राहत का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अनिल सोनी, सदस्य सरोज सिंह, डॉ. सुशील कुमार, पूनम चंद कांस्यकार, उमेश अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे। लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की।

# गोली मारकर की गई सुनील पासवान की हत्या, परिजनों ने शव उठाने से किया इंकार

### तीन घंटे तक सड़क पर रखा रहा शव, परिजनों ने एसपी को बुलाने व गिरफ्तारी की मांग पर किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के मंडरा गांव में बुधवार सुबह करीब 7 बजे सुनील पासवान की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। 35 वर्षीय सुनील अपने भाई के साथ बाघाट बाबा देव स्थल के पास मवेशी चरा रहा था, तभी तीन-चार युवक वहां पहुंचे और उसे डंडों से पीटने के बाद तीन से चार राउंड गोली चलाई, जिनमें दो गोली सिर में और एक शरीर में लगी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही कांडी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने शव उठाने से मना कर दिया। उनका कहना था कि जब तक एसपी नहीं आते और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव नहीं उठने देंगे। परिजनों ने बताया कि मृतक का गांव के एक व्यक्ति से जमीन विवाद था, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी और जान से मारने की धमकी भी मिली थी। मृतक के परिवार में पत्नी, दो बेटे, चार बेटियां और वृद्ध मां हैं। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर लगभग तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे गढ़वा एसडीपीओ और नगर ऊंटरी थाना प्रभारी ने लोगों को समझाने की कोशिश की। विधायक नरेश प्रसाद सिंह और एसडीएम संजय कुमार ने भी परिजनों से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिलाया। समाचार लिखे जाने तक शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया था।



# 295 विद्यार्थियों को मिली साइकिल बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** बुधवार को चिनिया प्रखंड कार्यालय परिसर में कक्षा 8वीं के 295 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। यह वितरण झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के तहत चिनिया संकुल के आठ स्कूलों के लिए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने की, जबकि बीडीओ सुबोध कुमार और सीओ उमेश्वर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। लाभान्वित स्कूलों में छतैलिया, रानीचेरी, बिलैतीखैर, चपकली, डोल, चिरका व चिनिया के स्कूल शामिल हैं। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि बच्चे समय पर स्कूल पहुंचे और पढ़ाई से न छूटें। बीडीओ व सीओ ने कहा कि साइकिल आत्मनिर्भरता और समय की पाबंदी का प्रतीक है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्य, शिक्षक व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हाथी ने ग्रामीण का घर गिराया, खा गया अनाज

**रंका।** रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत स्थित बरदारीगांव के हांड़ी घाट टोला में जंगली हाथी ने ग्रामीण कन्हाई मांझी का घर गिरा दिया और घर में रखा सारा अनाज खा गया। घटना बुधवार 30 जुलाई की है। पंचायत उपमुखिया जियाउद्दीन अंसारी ने बताया कि पंचायत में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है और वन विभाग से कोई मदद नहीं मिल रही है। ग्रामीण लगातार जान-माल की हानि झेल रहे हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी से सुरक्षा और उचित मुआवजा की मांग की है।

## डीसी ने किया मझिआंव व बिशुनपुरा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण



● **फाइल अद्यतन में लापरवाही पर जताई नाराजगी, कार्यसंस्कृति सुधारने के दिए सख्त निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने मंगलवार को मझिआंव और बिशुनपुरा प्रखंड कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, फाइलों का संधारण, योजनाओं की प्रगति, सफाई व्यवस्था और साइकिल वितरण की व्यवस्था की गहन जांच की। कुछ जगहों पर फाइल अद्यतन में लापरवाही मिलने पर बीडीओ को फटकार लगाई गई और निर्देश दिया गया कि रजिस्टर एवं दस्तावेज नियमित रूप से अपडेट किए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि दफ्तर का वातावरण आम नागरिकों के लिए सकारात्मक होना चाहिए, जिससे शासन की छवि मजबूत हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि साइकिलों की असेंबलिंग सुव्यवस्थित हो और परिसर की मयार्दा बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक अनुशासन और पारदर्शिता से ही जिले में विकास की रफ्तार कायम रह सकती है। औचक निरीक्षण की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### गढ़वा को नीति आयोग को मिला विशेष सम्मान, आकांक्षा हाट का भी हुआ शुभारंभ

## संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकारियों, कर्मियों व संस्थाओं को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान के अंतर्गत गढ़वा जिले को आकांक्षी जिलों की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में 30 जुलाई को टाउन हॉल मैदान में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह और आकांक्षा हाट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने की, वहीं उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जनप्रतिनिधि, नीति आयोग प्रतिनिधि, पदाधिकारीगण, शिक्षक, छात्र और आमजन उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा और आजीविका सहित कई क्षेत्रों में संपूर्णता अभियान के तहत उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई थी। समारोह का मुख्य उद्देश्य अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले विभागों, कर्मियों और प्रतिनिधियों को सम्मानित करना था।



### स्थानीय उत्पादों के लिए मंच बना आकांक्षा हाट

आकांक्षा हाट का उद्घाटन भी इसी अवसर पर हुआ, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह, कारीगरों, स्टार्टअप्स और विभागीय इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाए गए। उपायुक्त व अन्य अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि यह सम्मान पूरे जिले की संयुक्त मेहनत का परिणाम है और सभी को इसी प्रतिबद्धता से आगे भी कार्य करना चाहिए। नीति आयोग के फेलो ऋषिकेश रंजन ने गढ़वा को अन्य आकांक्षी जिलों के लिए आदर्श बताया।

# 10 अगस्त को होगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव, प्रचार में जुटे उम्मीदवार

### मतदान के साथ उसी दिन परिणाम भी घोषित होंगे, व्यापारियों में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स बंशीधर नगर के आगामी चुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी तस्लीम खान ने बताया कि मतदान 10 अगस्त को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा तथा उसी दिन शाम 4 बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

**मतगणना व परिणामः 10 अगस्त, शाम 4 बजे से**

तस्लीम खान ने बताया कि सदस्यता की जांच की जाएगी, और अनुचित सदस्यता पाए जाने पर रद्द की जाएगी। इस चुनाव को लेकर व्यापारियों में उत्साह है और संभावित उम्मीदवार प्रचार में जुट गए हैं। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश चौबे, राजन सोनी, आनंद अग्रवाल और राकेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




### चुनाव कार्यक्रम के अनुसार

**नामांकन फार्म का वितरणः 1 से 2 अगस्त (3 बजे तक)**
**नामांकन जमाः 2 अगस्त को शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक**
**नामांकन वापसीः 3 अगस्त**
**स्क्रूटनी एवं चुनाव चिन्ह आवंटनः 4 अगस्त**
**मतदाता सूची प्रकाशनः 4 अगस्त**
**प्रचार अवधिः 5 से 8 अगस्त**
**मतदानः 10 अगस्त (सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक)**


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज**
E-Mail ID- dscopalamu2019@gmail.com

**आम-सूचना**

**पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 35 दिनांक 23.07.2025 द्वारा पलामू जिले में **वित्तीय वर्ष 2025–26** में राज्य सरकार द्वारा कृषि कार्य को बढ़ाया देने, बहु फसलीय खेती को बढ़ाने एवं सिंचाई की कमी को दूर करने के लिए मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे एवं सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों के साथ ही गत वर्षों में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा सरकारी/निजी तालाब का जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना अन्तर्गत निर्मित परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य किया गया हो उनके पानी पंचायत के सदस्यों एवं **अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों** को निम्न विवरणी के अनुसार अनुदानित दर पर पम्प सेट/सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन पत्र जमा करने की सूचना।

पलामू जिले को प्राप्त कुल भौतिक लक्ष्यः–

| जिला का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | | | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | | | कुल वित्तीय लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1.5-3.0 Hp) | (3.5-5.0 Hp) | सोलर पम्पसेट (1.0 Hp) | (1.5-3.0 Hp) | (3.5-5.0 Hp) | सोलर पम्पसेट (1.0 Hp) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| पलामू | OSP | 152 | 21 | 13 | 30.40 | 6.30 | 11.70 | 48.40 |
| | SCSP | 76 | 7 | 3 | 15.20 | 2.10 | 2.70 | 20.00 |
| कुल योगः– | | **228** | **28** | **16** | **45.60** | **8.40** | **14.40** | **68.40** |

पम्पसेट वितरण हेतू अनुदान की राशिः–

| क्र0 | कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का नाम | 90% अनुदान की राशि | पम्प सेट और पाईप का मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट (1.5–3.0 hp)एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) | Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 2 | पम्पसेट (3.5–5.0 hp)एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | अधिकतम रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र) | Pump Set- BIS Approved Pipe- BIS Approved |
| 3 | सोलर पम्पसेट1.0 hp) (Troly Mounted Movable Type) | अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) | ज्रेडा/उर्जा विभाग द्वारा Approved |

वैसे कृषक जो पूर्व में कृषि विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय, समिति निदेशालय द्वारा पम्पसेट का लाभ ले चुके है। उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

अनुदान की राशि का भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत् होगी।

- ➢ कृषक द्वारा स्वयं पम्पसेट एवं पाईप क्रय कर विपत्र भूमि संरक्षण कार्यालय में जमा कराने के उपरांत भुगतान RTGS के माध्यम से लाभुक कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। या
- ➢ बैंक ऋण के माध्यम से पम्पसेट एवं HDPEपाईप क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि हस्तातंरण किया जायेगा। (ऋण लिये जाने का प्रमाण पत्र जमा करना है) या
- ➢ लाभुक समूह या कृषक के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के माध्यम से कृषि यंत्रों का क्रय करने पर उनके बैंक खाते में अनुदान की राशि हस्तांतरित किया जायेगा।

1. ईच्छुक कृषक दिनांक **30.08.2025** तक कार्यालय दिवस में प्रात 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलामू एवं प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी, पलामू से पम्पसेट या सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पत्ते पर सम्र्पक किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः–**कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK - C**केद्वितीय तल्ला
**फोन नं0–06562–230223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज।

PR 358541 (District) 25-26 (D)



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज**
E-Mail ID:- dscopalamu2019@gmail.com

**आम सूचना**

**(अनुदानित दर पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए आवेदन करने हेतु सूचना)**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–35 दिनांक 23.07.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत पलामू जिले के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को योजना लागत कुल रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत (अधिकतम रू0 5.00 लाख) अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राइस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों को उपलब्ध कराने हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है साथ ही व्यक्तिगत कृषकों के लिए योजना लागत रू0 2.00 लाख का 80% (अधिकतम रू0 1.60 लाख) अनुदान पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत् हैः–

| S. No. | Detail of Agri. Machine | Total Packege cost for group (Rs in lakhs) | Maximum subsidy for group (80%) (Rs in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mini Tractor (12.0 -22.50 PS max PTO) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachement etc. | | | |
| 2 | Power Tiller (8.5 -15.5 Max horse power - ps) Approved model tested by FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | समूह का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 07 SCSP– 03 |
| 3 | Power weeder/ rotary tiller | | | |
| 4 | Self Propelled Rice transplanter. | | | |
| 5 | Self Propelled Reaper | | | |
| 6 | Rice Huller with Polisher. | | | |
| 7 | Mini Rice mill | | | |
| 8 | Mini Tractor Compatible - Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | |
| 9 | Mini Tractor Compatible - Cultivator (5-7 tynes) | 6.25 | 05.00 | |
| 10 | Mini Tractor Compatible - Disc Harrow (8-10) | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drill | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame. | | | |
| 14 | Paddy thresher | | | |
| 15 | Wheat thresher | | | |
| 16 | Paddy harvester | | | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य (सं0) OSP– 13 SCSP– 06 |
| 17 | Post harvest equipments - Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8 kw compatible power source | | | |
| 20 | 63mm/75mm HDPE Pipe maximum upto 500 feet (BIS Certification) | | | |
| | **Total cost:-** | **6.25** | **05.00** | |

लाभुक का चयन की पात्रताः–

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, पलामू द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी/कृषक समूह जिसमें कम से कम 10–12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायकता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पलामू के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। कुल औसत लागत 80 प्रतिशत अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड, स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) कार्यालय पलामू के माध्यम से निशुःल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ईच्छुक कृषक दिनांक 30.08.2025 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरा हुआ आवेदन आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :– कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज ।
पलामू समाहरणालय, BLOCK - C के उपरी तल्ला
फोन नं0–06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज

PR 358540 District (25-26)_D

## परहैया टोला अंधेरे में डूबा, दो दिन से ट्रांसफार्मर खराब



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग के परहैया टोला में पिछले दो दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे आदिम जनजाति व आदिवासी समुदाय के लगभग 60 घर अंधेरे में डूबे हुए हैं। उमस भरी गर्मी, बच्चों की पढ़ाई और सर्पदंश जैसी आशंकाओं ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थिति की जानकारी मिलने पर कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से मिलकर समस्या की जानकारी ली। स्थानीय निवासी राजकुमार परहिया, कुलेशर परहिया व सुलेंदर परहिया ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है और किसान ढिबरी-लालटेन के सहारे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। पंसस अयूब खान ने विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता से जल्द से जल्द बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## सेरक-एरुद-किता पथ की बदहाली बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

**चंदवा।** सेरक-एरुद-किता मुख्य पथ की दयनीय स्थिति ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बरसात के कारण सड़क में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस रास्ते से मूर्तिया, कुरामु, अम्बाटांड समेत कई गांवों के लोग प्रखंड मुख्यालय आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन समाधान नहीं मिला। मुखिया अनीता भगत ने भी जिला प्रशासन को इस संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर आश्वासन तो मिला लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम से भी इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## बारियातू थाने में रंजन पासवान ने संभाला कमान



**बारियातू।** बारियातू थाना में मंगलवार को रंजन पासवान ने चौथे थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और गश्ती व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। मौके पर निर्मला मंडल, सुशील कुमार, द्वारिका नाथ पांडेय, मिथलेश सिंह, सुरेश सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुंदा में विधायक कार्यालय का उद्घाटन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक जनार्दन पासवान ने विधायक कार्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अब क्षेत्र के नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक नया संपर्क बिंदु मिलेगा। इस कार्यालय के माध्यम से आम लोग अपनी शिकायतें सीधे विधायक तक पहुंचा सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में लोजपा जिला अध्यक्ष गौरी प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि जीतेंद्र सौंडिक, सीओ दीपक मिश्रा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से

**कुंदा (चतरा)।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि अभियान के तहत सभी पंचायतों में घर-घर जाकर। अलबेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। यह दवा शरीर के वजन के अनुसार दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों में सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और एएनएम शामिल होंगी। यह टीम न केवल दवा देंगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगी कि लोग उसे खाएं। डॉ. संजीव ने अपील की है कि सभी लोग इस अभियान में सहयोग करें और दवा अवश्य लें ताकि फाइलेरिया से क्षेत्र को मुक्त किया जा सके।

## थाना दिवस में दर्जनों शिकायतों का हुआ समाधान

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना में आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का स्थल पर ही निपटारा किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना दिवस का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अंचलकर्मी सोनू कुमार और अधिकार मित्र अजित कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में किशुन गंझु, लवकुश गुप्ता, जयकुमार यादव, इंद्रदेव भारती समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मानव तस्करी के खिलाफ सेरक में जागरूकता कार्यक्रम




**चंदवा।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को सेरक पंचायत भवन में जन साहस संस्था की ओर से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानव तस्करी की पहचान, इसके तरीके और रोकथाम पर जानकारी दी गई। लोक कला के जरिए लोगों को शिक्षित किया गया। मुखिया अनीता भगत ने प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण और तस्करी रोकथाम को लेकर जानकारी साझा की। जनसाहस के जिला समन्वयक शुभम कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर तस्करी के शिकार बनाया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए संस्था प्रयासरत है। कार्यक्रम में मजदूर हेल्पलाइन नंबर 18001201121 की जानकारी भी दी गई। मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, उपमुखिया शांति देवी और जनसाहस टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# बुलेट और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में पिता की मौत, बेटा घायल

- **नशे में धुत बुलेट चालक ने खैरा मोड़ के पास मारी टक्कर, परिजनों में मचा कोहराम**

**नवीन मेल संवाददाता**





**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा मोड़ के समीप सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका 11 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। शालेय गांव निवासी भोलू चंद्रवंशी (36 वर्ष) अपने पुत्र आलोक कुमार के साथ साइकिल से खैरा मोड़ स्थित एक चाउमीन सेंटर जा रहे थे, जब रात करीब 8:35 बजे विपरीत दिशा से आ रही एक बुलेट बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम बलिया निवासी सोम पंडा, जो नशे की हालत में था, तेज रफ्तार बुलेट (JH 02B N9241) से चला रहा था। उसकी बाइक ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को सीधे टक्कर मारी, जिससे साइकिल दो टुकड़ों में टूट गई और दोनों दूर जा गिरे। हादसे में भोलू को सिर में और बेटे आलोक को पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। दोनों को हजारीबाग स्थित शेख भिखारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भोलू चंद्रवंशी को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सोम पंडा दिन भर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और बार-बार खैरा मोड़ से गुजर रहा था।

थाना प्रभारी आशीष प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बुलेट और घायल चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। सोम पंडा को भी इलाज के लिए इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

मृतक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी सुमन देवी, 15 वर्षीय बेटी अंजलि कुमारी, 11 वर्षीय आलोक कुमार और 9 वर्षीय अंश कुमार को छोड़ गए हैं। वे चार भाइयों में सबसे बड़े थे। बताया जा रहा है कि बुलेट नवल पंडा के नाम पर है, और पहले भी इसी वाहन से चोरहा गांव के एक युवक की मौत हो चुकी है। घटना से गांव में मातम पसरा है।

## दो सड़क हादसों में दो की मौत, दो रेफर

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में ट्रिपल लोड मोटरसाइकिल सवार संदीप महतो, तिलक खेरवार और देवपाल महतो रेगाई-केनाटोली गांव के पास एक ट्रैक्टर से टकरा गए। बिना हेलमेट सवार ये तीनों महुआडांड़ बाजार से मेढारी गांव जा रहे थे। घायलों को महुआडांड़ सीएचसी लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गुमला रेफर किया गया। रास्ते में संदीप महतो की मौत हो गई। दूसरी घटना में रेंगाई गांव निवासी 60 वर्षीय किसान विनय भुणष कुजूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वे पैदल अपने दामाद के यहां शिवनगर जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# ओटीसी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन, आरा की टीम विजयी

- **चिता की टीम को दो गोल से हराकर आरा चमातू ने जीता प्रथम पुरस्कार**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ (लातेहार)।** ओटीसी क्लब द्वारा न्यू तिलैयाटांड़ ओजा टोला में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार देर शाम जोरदार उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में आरा चमातू की टीम ने चिता की टीम को दो गोल से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया।

टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से चार टीमें फाइनल चरण में पहुंचीं। निर्णायक मुकाबले में आरा चमातू बनाम चिता टीम के बीच शानदार टक्कर देखने को मिली। आरा चमातू की टीम ने बेहतर तालमेल और रणनीति के बल पर चिता को 2-0 से हराया।

विजेता टीम को बालूमाथ के प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम द्वारा 20,000 रुपये नकद एवं विजेता शील्ड प्रदान की गई। उपविजेता चिता टीम को क्लब अध्यक्ष दुर्गा उरांव के हाथों 15,000 रुपये और शील्ड प्रदान किया गया। तीसरे स्थान पर रही देवलगड्डा टीम को 10,000 रुपये, जबकि चौथे स्थान पर रही मगध एफसी को 5,000 रुपये नकद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कामेश्वर राम ने अपने संबोधन में कहा, "गांवों में ऐसे खेल आयोजनों से ना केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को भी बल मिलता है। खेल युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है।" आयोजन को सफल बनाने में ओटीसी क्लब के अध्यक्ष दुर्गा उरांव और उनकी समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही। समापन समारोह में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का जोशवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

## हेरहंज पहुंचे वरीय अधिकारी, लिया विकास योजनाओं का जायजा

**हेरहंज।** बुधवार को जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अगुवाई में अधिकारियों की टीम हेरहंज पहुंची। बीडीओ सह सीओ अमित कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान, आम बागवानी योजना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। टीम पातम-डाटम जलप्रपात भी पहुंची जहां आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई का जन्मदिन मनाया गया और वनभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सईद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय रजक, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सीएस डॉ राजमोहन खलको समेत अनेक अधिकारी एवं समाजसेवी मनीष कुमार जायसवाल मौजूद थे।

## जोगियाडीह में हुआ वॉलीबॉल मैच, खेलों से मिलता है अनुशासन का पाठ

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत जोगियाडीह स्थित बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में बुधवार को एक रोमांचक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैच में बालूमाथ और बेलगड्डा की टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को जीवन में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच सिखाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी शिवनाथ ठाकुर (छोटू), अरुण केसरी, और मोहम्मद अजहर भी उपस्थित रहे। आयोजन में टीम के कप्तान पंकज पांडे, विकास रजक, अमन सोनी, अनुराग गुप्ता समेत दर्जनों युवा खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## डीएवी टंडवा के छात्रों ने जीते 83 पदक, विद्यालय में सम्मान समारोह



- **खेलों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** रांची में आयोजित राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, टंडवा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 83 पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। बुधवार को स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन कर विजेता छात्रों को प्राचार्य पुष्पा कुमार झा द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने खो-खो, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक, जुडो-कराटे, बॉक्सिंग और दौड़ में भाग लिया और 17 स्वर्ण, 38 रजत व 28 कांस्य पदक अर्जित किए। सम्मानित छात्रों में सौरव राज, साईं राज, राकेश रंजन, श्रेयांश पांडेय, कुंदन यादव, लक्ष्मी उरांव, महक कुमारी, अलीशा अंजुम, पवन यादव, ऋतिका सिंह, रेशमी भोक्ता, संकेत तिवारी और अंश कुमार शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### पठन-पाठन सामग्री का वितरण, बच्चों के चेहरे खिले

**बेतला।** लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, पोखरी कलां में सोमवार को स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सैनुल अंसारी ने की। इस मौके पर पोखरी कलां के उपमुखिया सुल्तान अहमद ने बच्चों को सामग्री सौंपी। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक आजम अंसारी, शिक्षक खालिद हुसैन और झामुमो नेता अफ़ज़ल अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राजद प्रखंड अध्यक्ष के पिता का निधन

**बेतला।** राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव के पिता गदी प्रसाद यादव (उम्र 75 वर्ष) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे चपरी गांव के निवासी थे और बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। आदित्य यादव ने बताया कि आज सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज अपराह्न 3 बजे स्थानीय श्मशान घाट पर किया जाएगा। इस दुखद घटना पर कई सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया।

### विद्यालय स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में विद्यालय स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत, विज्ञान, अंग्रेज़ी, वैदिक गणित और संगणक विषयों में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न वर्गों (शिशु, बाल और किशोर) से विजेता प्रतिभागियों का चयन आगामी 23 अगस्त को जपला में आयोजित विभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों में विषय ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### संत इग्नासियुस लोयोला पर्व हर्षोल्लास से संपन्न

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज में 30 जुलाई को जेसुइट समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयोला की स्मृति में पर्व श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोस ने संत के जीवन दर्शन और उनके चार मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत, नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर फादर लियो, फादर समीर टोप्पो, सिस्टर चंद्रोदय, प्रोफेसर एलिस, मैक्स, रीमा, शालिनी, अंकिता, शशि, रोनित और सुकुट समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर समन्वित कार्रवाई का आह्वान

**लातेहार।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर वेदिक सोसाइटी के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों और संगठनों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, बीडीओ रेशमा मिंज, स्टेशन मास्टर अरुण कुमार, आरपीएफ के अधिकारी और अन्य बाल अधिकार कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एकमत होकर कहा कि बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के लिए सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। वेदिक सोसाइटी ने बीते वर्ष 409 बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह और ट्रैफिकिंग से बचाया है। कार्यक्रम में बताया गया कि ट्रैफिकिंग सिर्फ श्रम तक सीमित नहीं बल्कि जबरन विवाह व यौन शोषण तक फैली हुई समस्या है, जिसके विरुद्ध समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**लातेहार।** धनकारा पंचायत के लातेहार-सरयू मार्ग पर पतरियाचोटांग के पास देर रात एक सड़क दुर्घटना में कमलदेव उरांव (पिता बुदु उरांव), निवासी जेर पंचायत, घायल हो गए। घायल को लातेहार सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें रेफर किया गया। सतबरवा के पास इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है। प्रशासन से उन्होंने जांच की मांग की है। प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना लग रही है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही सच्चाई सामने आएगी। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।


## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

**मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिले के मत्स्य कृषकों/मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/केज लाभुकों/आर0ए0एस0 लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक/बॉयोफ्लॉक तालाब लाभुकों/आर0एफ0एफ0 समूहो को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश संख्या 10(रा0)/दिनांक 04/07/2025 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजनान्तर्गत मछली के संवर्धन एवं मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड/झास्को फिश फीड उपलब्ध कराने का कार्यक्रम है।

| क्र0 | योजना विवरणी | फीड का आकार | अनुदानित राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | केज मत्स्य पालकों/मत्स्य कृषकों हेतु | 2mm–4mm तक | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल, झास्कोफिश अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 (फीड के रूप में दी जायेगी)। |
| 02 | केज मत्स्य पालकों/मत्स्य पालकों हेतु | 2mm अथवा इससे छोटे | मत्स्य पालकों को खुले बाजार से क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा 25 रू0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से अनुदान राशि देय होगा। एक लाभुक अधिकत्तम 700कि0ग्रा0 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25/–कि0ग्रा0 की समानुपातिक दर पर अधिकत्तम 17500/–रू0 अनुदान राशि के रूप में लाभुके के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| | | 2mm से बड़े 4mm तक | केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पापदन के लिए 2 mm–4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकत्तम के दर से अनुदान देय होगा। एक लाभुक अधिकत्तम 1500कि0ग्रा0 तक के 2 mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फीड के क्रय पर 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान मो0 37500/–की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 03 | आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) | 4mm तक | दूसरे Crop के लिए प्रति लाभुक $90m^3$ के प्रति टैंक (अधिकत्तम 8 टैंक हेतु) अधिकत्तम 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक हेतु फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25/–रू0 कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 04 | बॉयोफ्लॉक टैंक | 4mm तक | दूसरे Crop से मत्स्य उत्पादन के लिए प्रति लाभुक $10m^3$ के प्रति टैंक (अधिकत्तम 50 टैंक हेतु) अधिकत्तम 50 कि0ग्रा0 प्रति टैंक के दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 05 | बॉयोफ्लॉक तालाब | 4mm तक | दूसरे Crop से मत्स्य उत्पादन के लिए प्रति लाभुक को अधिकत्तम 1500 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1हे0) की दर से फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |

नोट :– 1. केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बायोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु उनके चयन में यह ध्यान रखा जाय कि लाभुक सक्रिय केज मत्स्य पालक/सक्रिय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम संचालक/सक्रिय बायोफ्लॉक टैंक संचालक/सक्रिय बॉयोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में बायोफ्लॉक टैंक में/बायोफ्लॉक तालाबों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा है। उसके पास कम से कम पिछले Crop का रिकार्ड हो।मात्स्यिकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिक्री की गई मछलियों का Data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू को अवगत कराने के लिए सहमत हो।
2. आवेदक के पास सक्रिय केज/आर0ए0एस0/बायोफ्लॉक टैंक/बायोफ्लॉक तालाब होना चाहिए जिसमें वर्त्तमान में मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा हो।
3. विगत अथवा प्रथम Crop का ब्यौरा संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मत्स्य बीज संचयन, संचयित मत्स्य बीज की संख्या, प्रजाति, उत्तरजीविता, वृद्धि इत्यादि की विवरणी देना अनिवार्य होगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 358568 Fish (25-26)_D


**पहल**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए

# शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और अधोसंरचना से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय प्रबंध समिति की पहली बैठक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने की, जिसमें विद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम, अधोसंरचना विकास और आवश्यक क्रय प्रक्रिया पर विमर्श किया गया।

प्राचार्य ने जानकारी दी कि इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जा रहा है। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आर. पासवान, सिविल सर्जन प्रतिनिधि डॉ. शोभना टोप्पो, आशीष टैगोर, संत जेवियर एकेडमी की प्राचार्य, अभिभावक सदस्य आभा टोप्पो, मनोज पवइया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रय समिति को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रय समिति को मंजूरी दी गई और पुराने, क्षतिग्रस्त कंप्यूटर व अन्य सामग्रियों के निष्पादन की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कंप्यूटर लैब हेतु दो एसी, पुस्तकालय के लिए पुस्तकों, फर्नीचर और खेल सामग्री की खरीद को अनुमोदन मिला। विद्यालय में एक मेडिकल कैंप आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। विद्यालय के वॉशरूम की मरम्मत एवं दरवाजों की मरम्मती का भी प्रस्ताव पारित किया गया। खेल मैदान की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए मैदान में मौजूद पेड़ों की कटाई हेतु पुन: पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

### सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह-आकांक्षा हाट का आयोजन 2 अगस्त से

**लोहरदगा।** नीति आयोग, भारत सरकार के सहयोग से लोहरदगा जिला में 02 अगस्त से 06 अगस्त, 2025 तक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह- आकांक्षा हाट' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाहरणालय, लोहरदगा के सामने मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोहरदगा जिला के स्थानीय कृषि और वन उत्पादों के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के लिए बेहतर संपर्क स्थापित करना है, जिससे यहां के किसानों, वन-निर्भर समुदायों और कारीगरों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

## लोहरदगा शहर में पहुंचा जंगली हाथी, लोगों में दहशत का माहौल

# जंगली हाथी की दस्तक से सड़क पर मची अफरा-तफरी, प्रशासन सतर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहर में इन दिनों जंगली हाथी का आतंक बना हुआ है। शहरवासियों के लिए बीती रात किसी डरावने सपने से कम नहीं रही, जब एक जंगली हाथी ने शहर के रिहायशी इलाकों में दस्तक दे दी। न्यू रोड, वीर शिवाजी चौक, पावरगंज, किस्को मोड़ जैसे क्षेत्रों में हाथी को घूमते देखा गया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैल गई है। शहर के सड़कों पर घूमते हाथी को देखने के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। वहीं कुछ लोगों ने मशालें लेकर और तेज रोशनी कर हाथी को भगाने की कोशिश की, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो गई। वन विभाग द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद भीड़ ने शोर-शराबा करना नहीं छोड़ा। हाथी के शहर में आने की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर हाथी को देखने लगे, वहीं कुछ उत्साहित लोगों ने मशालें लेकर हाथी को भगाने की कोशिश की। वन विभाग द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद लोग शोर-शराबा करते रहे, जिससे हाथी और अधिक उत्तेजित हो गया। स्थानीय प्रशासन के लिए फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को नियंत्रित करना और हाथी को शांतिपूर्वक जंगल की ओर भेजना है। प्रशासन ने कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम हाथी की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी के पास न जाएं और न ही कोई उत्तेजक गतिविधि करें। हाथी को सुरक्षित वन क्षेत्र में पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं।




### वन विभाग की अपील जंगली हाथियों से सतर्क रहें

**लोहरदगा।** वन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से आमजन से अनुरोध किया गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, भीड़ न लगाएं और हाथी से दूरी बनाए रखें। केवल प्रशासन व वन विभाग की टीम को ही कार्य करने दें। वन विभाग ने कहा है कि हाथी अक्सर भोजन और पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख करते हैं, जिससे जन-धन की हानि की संभावना बनी रहती है। वन विभाग ने बताया कि क्षेत्र में गश्ती दल सक्रिय है और प्रभावित गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए विभाग ने कहा कि सतर्कता और संयम ही सबसे बेहतर सुरक्षा है। सुरक्षा हेतु वन विभाग ने कई निर्देश जारी किए है जिसमे हाथी दिखने पर शोर न मचाएं-भीड़ न लगाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। रात के समय खेत या जंगल की ओर न जाएं। चौराहों, रास्तों और खेतों में तेज़ रोशनी का प्रयोग न करें, जिससे हाथी उत्तेजित हो सकते हैं। स्थानीय वन पदाधिकारियों से संपर्क में रहें और किसी भी मूवमेंट की सूचना दें। मवेशियों को जंगल के किनारे चराने से बचाएं, आदि शामिल हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-6/RCD/Daltonganj/2025-26/657 Dated:- 29.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Ordinary Repair work of Chhatarpur Japla (Including Railway Station road) under non plan for the year 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 99,93,619.00 (Rupees Ninety Nine Lakhs Ninety Three Thousand Six Hundred Nineteen) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 2,00,000.00 (Rupees Two Lakhs) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 06.08.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 28.08.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 29.08.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 358547 Road (25-26)_D


## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने उदरंगी पंचायत का भ्रमण किया

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अपूर्ण योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के उदरंगी पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उदरंगी पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण कर कार्य प्रगति लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीएम आवास, अबुआ आवास योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर अपूर्ण आवास योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने उदरंगी पंचायत सचिव मनीष कुमार, जनसेवक धर्मदास भगत को हर हाल में अपूर्ण योजनाओं को पूरा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं को गति देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अबुआ व पीएम आवास योजना के लाभुकों को मनरेगा के तहत मिलने वाली राशि का समय से भुगतान करें, ताकि लाभुकों को आवास योजना के दौरान किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी से मुलाकात कर पीसीसी, नाली नहीं रहने से उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया है।

### लगातार बारिश से गिरा गरीब किसान का मकान

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण झलजमीरा पंचायत के गगेया छापरटोली गांव में एक गरीब किसान का कच्चा खपरैल मकान गिरकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात हुई तेज बारिश के कारण ग्राम निवासी स्व. घुड़ा उरांव के पुत्र रामा उरांव का मकान धराशायी हो गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन घर में रखे दैनिक उपयोग की वस्तुएं और खाद्य सामग्री मलबे में दबकर नष्ट हो गईं। इस हादसे से किसान रामा उरांव को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मकान के गिर जाने से अब उन्हें अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### श्रम अधीक्षक ने वार्ड सदस्यों के साथ की बैठक

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में बुधवार को श्रम अधीक्षक आन्द्रेयस कुल्लू की उपस्थिति में प्रखंड के सभी मुखिया व वार्ड सदस्यों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से प्रवासी मजदूरों के निबंधन सबंधी जानकारी दी गई। श्रम अधीक्षक आन्द्रेयस कुल्लू ने कहा अंतराज्य प्रवासी मजदूर अधिनियम के तहत के तहत दूसरे राज्यों में काम करने जाने वाले सभी मजदूरों का निबंधन कराना जरूरी है। उन्होंने कहा भारत एक प्रजातंत्रिक देश है। यहां किसी मजदूर को कहीं जाकर काम करने से रोका नहीं जा सकता है। पर उसको कानून को मानना पड़ेगा। बाहर काम करने के लिए गए मजदूरों को रजिस्ट्रेशन होने पर, अगर कोई अनहोनी हो जाती है तो परिजन या स्थानीय प्रशासन को काफी मदद मिलती है। सबंधित नॉमिनी को मुआवजा भी आसानी से मिल जाती है। इसके आलवा निबंधित मजदूरों को मिलने वाले तेरह लाभों जैसे सेफ्टी योजना, डेथ क्लेम, उनके बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, हेल्थ सुविधा, डीबीटी से राशि हस्तांतरण आदि की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। सभी वार्ड सदस्यों को अपने वार्ड के प्रवासी मजदूरों को निबंधन कराने में श्रमिक मित्र की सहयोग करने की बात कही गई।

### जनप्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**लोहरदगा।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र, लोहरदगा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों के जनप्रतिनिधियों—मुखिया, वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधान—के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा के महत्व को रेखांकित करना एवं पेसा कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम स्तर पर शासन और विकास कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। ज्ञात हो कि लोहरदगा एक अनुसूचित जिला है, जहाँ इस अभियान के तहत निरंतर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विमलेश कुमार, सभी प्रखंड समन्वयक, यूपीकॉन के सदस्य, प्रशिक्षकगण, मुखिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चट्टी पिकेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने बुधवार को चट्टी पिकेट के समीप लोहरदगा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चट्टी पिकेट के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें नहीं तो होगी कार्रवाई । थाना प्रभारी ने चालकों को वाहन की रफ्तार पर अंकुश लगाने की हिदायत दी।

### साथी कैंपेन योजना के तहत बच्चों का बनाया आधार

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने साथी कैंपेन योजना के तहत बच्चों का बनाया गया आधार कार्ड। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राज कमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के दिशा निर्देशानुसार बड़की चांपी पंचायत में पी एल वी प्रभु दयाल पांसी के द्वारा साथी कॅपेन योजना के तहत 44 बच्चों का आधर कार्ड बनाया गया। घरेलु हिंसा, विधवा पेंसन, अबुआ आवास, लोक अदालत ,साइबर क्राइम, डायन विसाही, मनरेगा, बाल विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, सड़क दुर्घटना, पंचायत में हो रहे वृद्धा पेंसन का वेरीफ़ाई, डायन बिसाही इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस मौके पर रितेश साहू, दिनेश कुमार शुकला, शंकर उरांव,बनारसी तुरी,विफई भगत सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## पथ निर्माण की बैठक में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

# पथ व पुल निर्माण की अधूरी योजनाएं पूर्ण कराएं : डॉ ताराचंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के पथ व पुल निर्माण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत वर्ष 2022-23 व 2023-23 के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के पथों/पुल योजनाओं एवं मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के पथों की समीक्षा की गई और योजना पूर्ण करने के कारण की पृच्छा की गई। उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा पुरानी योजनाओं का लंबित होना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजनाओं का समय से पूर्ण नहीं होने से आमजनों को विशेषकर बारिश के मौसम में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करें।

राष्ट्रीय उच्च पथ अंतर्गत कुडू-घाघरा मुख्य पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की गई जिसमें शहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए नालियों के मरम्मति के निर्देश अभियंता, एनएच को दिए गए। मुख्य पथ में नगर परिषद क्षेत्र में छूटे हुए नाली का निर्माण कार्य का निर्देश नगर परिषद, लोहरदगा को भी दिया गया। पथ प्रमण्डल अंतर्गत लंबित पथों, नगर परिषद क्षेत्र के बड़ा तालाब से राणा चौक पथ में ब्लैकटॉप का कार्य की समीक्षा की। बारिश के मौसम को देखते हुए सभी अभियंता को अपने-अपने योजनाओं में क्षतिग्रस्त, कीचड़मय और जलजमाव वाले पथों में स्टोन डस्ट व बालू भराव का कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो समेत अन्य विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लोहरगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसमें छात्र-छात्राओं, दिव्यांग, एचआईवी एड्स से पीड़ित, 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों, राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला, राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी आदि को मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत जो बसें जिला में चल रही हैं उनमें नियमित रूप से यह जांच किया जाए कि छूट में शामिल यात्रियों के वर्ग में किसी से भाड़ा तो नहीं लिया जा रहा है। बस मालिकों को बस का फेरा बढ़ाने के लिए प्रेरित करें ताकि उस सुदूरवर्ती क्षेत्र के निवासियों को इस योजना का लाभ मिल सके। बैठक में विभिन्न रूट के लिए प्राप्त इच्छुक आवेदकों के प्रस्ताव भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर, अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-7/RCD/Daltonganj/2025-26/658 Dated:-29.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | हाथी खाना गोदाम परिसर में अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, डालटनगंज के आवास एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय भवन निर्माण का कार्य (वर्ष 2025–26) |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 1,80,00,000.00 (Rupees One Crore Eighty Lakhs) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 3,60,000.00 (Rupees Three Lakhs Sixty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 06.08.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 28.08.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 29.08.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address ofofficer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 358546 Road (25-26)_D


### वायु सेना में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**लोहरदगा।** अग्निवीर वायु इंटेक 02/2026 (अग्निपथ योजना) अंतर्गत भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 11 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 के रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। ऑनलाईन परीक्षा 25 सितंबर 2025 से प्रारंभ होगी। अग्निवीर वायु के भर्ती प्रक्रिया में फेज-1 में ऑनलाईन टेस्ट होगा। फेज-2 में शैक्षणिक योग्यता संबंधित जांच के बाद फिजिकल फिटनेस टेस्ट आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 1.6 किमी की दौड़ होगी। इसी फेज में पुरुष वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पुश-अप, सिट-अप और स्क्वेट्स तथा महिला अभ्यर्थियों को सिट-अप और स्क्वेट्स टेस्ट से गुजरना होगा। फेज-थ्री में अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच की जाएगी। आवेदन के लिए आवेदक का जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक गणित, भौतिकी, व अंग्रेजी विषय के साथ 12 वीं/10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# विकास फंड व मानदेय से वंचित मुखिया, गांवों में विकास कार्य ठप

● भंडरा प्रखंड में पंचायतें बेहाल: दो वर्षों से बिना फंड और मानदेय, मुखिया भुखमरी के कगार पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा (लोहरदगा)।** सरकार एक ओर गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के दावे कर रही है, लेकिन दूसरी ओर भंडरा प्रखंड की जमीनी सच्चाई इन दावों की पोल खोल रही है। दो वर्षों से विकास फंड और मानदेय से वंचित पंचायतों के मुखिया अब आर्थिक तंगी और सामाजिक उपेक्षा का दंश झेलने को मजबूर हैं। गांव की सरकार कहे जाने वाले मुखिया आज खुद बुनियादी ज़रूरतों के लिए मोहताज हैं। ना विकास कार्यों के लिए फंड, ना ही निर्वाह के लिए मानदेय—परिणामस्वरूप गांव में पीसीसी पथ, नाली निर्माण, सोलर लाइट, सड़क मरम्मत और हैंडपंप जैसे आवश्यक कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि कई मुखिया अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए घर का धान, गेहूं बेचकर पंचायत भवन पहुंच रहे हैं। सामाजिक आयोजनों और खेलकूद प्रतियोगिताओं में सहयोग देना तो दूर, अब वे चंदा देने तक में असमर्थ हो गए हैं।





### वोट लेकर आए थे विकास का वादा, अब शर्मिंदा हैं

*मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा, "हम जनता के बीच बड़े सपने और भरोसे के साथ पहुंचे थे। लेकिन अधिकार, संसाधन और सरकारी सहयोग के अभाव में अब खुद को लाचार महसूस कर रहे हैं। संघ के सचिव सुमित उरांव ने भी स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा, ना केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार कोई सहयोग दे रही है। इससे पूरे प्रखंड में विकास कार्य पूर्णतः बाधित हैं।*

**सरकार से गुहार :** मुखियाओं ने राज्य सरकार से शीघ्र विकास फंड और लंबित मानदेय की भुगतान की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक पंचायतों को अधिकार और संसाधन नहीं मिलेंगे, तब तक 'गांव की सरकार' सिर्फ एक दिखावा बनकर रह जाएगी।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**R.F.P**
**Fact Sheet**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at OBC Students Hostel Gurukul, Mako Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 30/07/2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 18/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 20/08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 20/08/2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** - The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:** - Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

**Note**:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
3. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

**District Planning Officer**
**Latehar**

PR 358532 Planning and Development(25-26)D


## कक्षा दशम भैया बहनों के अभिभावक गोष्ठी संपन्न

# अभिभावकों को जागरुक कराना गोष्ठी का उद्देश्य है : प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में कक्षा दशम के भैया बहनों के लिए एक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी और मातृ शक्ति आशा देवी व चिन्ता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने गोष्ठी का उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि भैया बहनों का शैक्षणिक प्रगति अनुशासन, अनुशासन, सम्पूर्ण विकास और आगामी दसवीं बोर्ड परीक्षा पर विचार विमर्श करना एवं सही दिशा में लक्ष्य के अनुरूप आगे बढ़ने की योजना से भैया बहनों और अभिभावकों को अवगत कराना गोष्ठी का उद्देश्य है। वही प्रधानाचार्य के साथ अभिभावकों ने खुल कर अपनी बातें रखी और विद्यालय स्तर पर होने वाला हर गतिविधि की सराहना की गई। तथा विद्यालय में भैया बहनों की कमी को भी सहज ही दूर करने का सुझाव दिया गया। साथ ही प्रधानाचार्य ने कहा सहयोगी अभिभावक एवं कर्मठ आचार्य आचार्या बच्चों का सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वही समीक्षा के दौरान उन्होंने बताते हुए कहा कि विद्यालय का गतिविधि पाठ्यक्रम, अनुशासन और आगामी योजनाओं का क्रियान्वित करने तथा भैया बहनों को रूटीन बनाकर अध्ययन करने संबंधी सुझाव दिया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार**

**"पशुपालकों के लिए आम सूचना"**

वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत सभी चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 01.08.2025 से जिला स्तर पर जिला गव्य विकास कार्यालय के परिसर के सामने, लातेहार में दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया है।

अतः आप सभी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित लाभुकों से अनुरोध है कि अपना–आपना लाभुक अंशदान एस्क्रो बैंक खाता में जमा करते हुए अधिकृत औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध पशु विक्रेता से संपर्क स्थापित कर लगातार तीन पाली दूध दोहन देखकर प्रतिदिन दूध उत्पादन क्षमता के आधार पर विक्रेता के साथ आपसी सहमति से गाय की कीमत तय कर दुधारू गाय/भैंस क्रय करने की कार्रवाई सुनिश्चत करेंगे। अन्यथा आपको अयोग्य समझते हुए नियमानुसार प्रतिक्षा सूची के लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

**जिला गव्य विकास पदाधिकारी,**
**लातेहार**

**PR 358536 Animal Husbandry(25-26)#D**

# न्यूज बॉक्स

## घाघरा में चल रहे कल्याण कारी योजना का डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण

**घाघरा।** घाघरा, जिले के उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने बुधवार को आम बागवानी, अबुवा आवास, आंगनबाड़ी केंद्र, पीडीएस दुकान सहित आदर पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में डीसीसी श्री महतो ने अबुवा आवास के लाभुक लालमुनिया देवी द्वारा उनके खाते में आवास की राशि पाँच माह पूर्व मिलने के वावजूद कार्य प्रारंभ नही किये जाने को लेकर आपत्ति जताई एवं राशि वापस लेने की बात कही लेकिन लाभुक ने एक हफ्ते के भीतर कार्य प्रारंभ करने की बात बताने पर बीडीओ दिनेश कुमार को इसपर नजर बनाए रखने की बात कही। आयुष्मान आरोग्य केंद्र में दवा की उपलब्धता की जांच की। मौके पर एएनएम द्वारा छत से पानी की रिसाव की जानकारी देते हुवे मरम्मती की गुहार लगाई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं काफी दूर से पानी की ब्यवस्था को देख इसका निराकरण का आश्वाशन दिया। उन्होंने कक्षा छः के बच्चों से माउस एवं कीपैड की जानकारी ली। डीडीसी श्री महतो ने पीडीएस दुकानदार हेठ आदर एवं एचएसजी चमेली समूह का निरीक्षण किया और स्टॉक एवं निर्गत पंजी के संधारण का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र इटकिरी का भी निरीक्षण किया जहां सेविका ने शौचालय निर्माण की बात कही। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी दिलेश्वर महतो सहित बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, स्वमसेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर आगामी एक अगस्त को डीलरों का महाधरना प्रदर्शन

**सिसई (गुमला)।** जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर आगामी एक अगस्त को महाधरना दिया जाएगा। इस बावत डीलर संघ सिसई के प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीलरों को कोरोना काल से लेकर अब तक अलग-अलग महिनों का कमिशन बकाया भुगतान, ग्रीन कार्ड खाद्यान्न वितरण का बकाया भुगतान, जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के नोमिनी की अनुज्ञप्ति हस्तांतरण, स्मार्ट पीडीएस सिस्टम की खामियों में सुधार, सभी राशन डीलर को अगस्त तक 4 जी ई-पॉश मशीन उपलब्ध कराने, खाद्यान्न वितरण तथा नमक,चना दाल, का सही आप्शन जारी करने, इलेक्ट्रॉनिक वैट मशीन रिपेयरिंग में शोषण बंद करने, पेपर लैस सिस्टम लागू करने, ई-केवाईसी की जिम्मेवारी कार्डधारकों को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में एक अगस्त को जिला के सभी प्रखंडों के डीलर्स के द्वारा महाधरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सिसई प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित रहेंगे।

## धर्म परिवर्तन कराने पहुंचे तीन युवकों को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

**गुमला।** गुमला शहर में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन युवाओं को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पूछताछ की और कड़ी चेतावनी देने के बाद छोड़ दिया। मामला मंगलवार का है, जब लोहरदगा रोड स्थित डाकघर के समीप दो युवतियों और एक युवक को हिंदू लड़कियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदित्य खलखो, मेरी खलखो और आकांक्षा खलखो नामक तीन युवक-युवतियां गुमला के दुन्दरिया सब्जी बाजार के पास ईसाई धर्म और बाइबल के बारे में जानकारी दे रहे थे। बताया जा रहा है कि ये लोग रांची से गुमला आए थे और इनके संगठन ने इन्हें लोगों को ईसाई धर्म के बारे में बताने के लिए भेजा था। जब इन युवकों ने बाजार में सब्जी खरीद रही दो हिंदू लड़कियों से संपर्क कर बाइबल और धर्मांतरण से संबंधित बातें की, तो दोनों लड़कियों ने यह जानकारी बजरंग दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं को दी। सूचना मिलने पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तीनों युवाओं को लोहरदगा रोड स्थित डाकघर के पास पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान तीनों युवाओं ने स्वीकार किया कि वे रांची के रहने वाले हैं और एक संगठन के निर्देश पर गुमला आए हैं ताकि लोगों को बाइबल और ईसाई धर्म के बारे में जानकारी दे सकें। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी और छोड़ दिया।

## सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज का मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ

**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल में इलाजरत एक घायल मरीज का मोबाइल चोरी हो गया। चोरी की यह घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ-साफ कैद हो गई है, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सुभाष उरांव, जो कि पोढ़ा, सिसई का निवासी है, हाल ही में ऑटो और बाइक की टक्कर में घायल हुआ था। मंगलवार रात को उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल के 124 नंबर वार्ड में भर्ती कराया गया था। रात करीब 12 बजे वह वार्ड के बाहर बेड पर सो रहा था, तभी लाल टी-शर्ट पहने एक युवक पास आया और तकिये के नीचे रखा मोबाइल चुपके से चुरा लिया। चोरी की जानकारी पत्नी सुनीता देवी ने बुधवार शाम अस्पताल प्रबंधन को दी। जब सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो पूरा घटनाक्रम स्पष्ट रूप से सामने आ गया। हैरानी की बात यह है कि चोरी करने वाला युवक भी 125 नंबर वार्ड में भर्ती मरीज है, जो एक सप्ताह से अस्पताल में इलाज करवा रहा है। पीड़िता के अनुसार, चोरी के बाद से मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को लिखित आवेदन देकर चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जरी ब्लॉक परिसर स्थित होटल से राशन बर्तन चोरी, थाने में दर्ज शिकायत

**गुमला।** जरी प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित संतोष होटल से रात अज्ञात चोरों ने बर्तन और राशन की चोरी कर ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, जबकि होटल संचालक ने जारी थाना में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, होटल संचालक संतोष कुमार ने रोज की तरह शाम होटल बंद करने के बाद बर्तन व राशन को लॉकर में बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब वह होटल खोलने पहुंचे तो देखा कि लॉकर का ताला टूटा हुआ है और भीतर रखे सारे बर्तन और खाद्यान्न सामग्री गायब हैं। गौरतलब है कि जारी ब्लॉक परिसर में पहले भी चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई की खबर नहीं है। होटल में चोरी की यह घटना दिनभर ब्लॉक परिसर और आस-पास के इलाकों में चर्चा का विषय बनी रही।

## बारिश ने छीना आशियाना, दो घर बेघर

**भरनो।** भरनो प्रखंड के मारासिली पंचायत अंतर्गत कुसुम्बाहा गांव में बीती रात हुई भारी बारिश ने दो गरीब परिवारों का आशियाना उजाड़ दिया। बारिश के कारण कच्चा घर भरभरा कर ढह गया, जिससे खुर्सीदा खातून और जसिमुन खातून के परिवार बेघर हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय दोनों परिवार घर के अंदर वाले कमरे में सो रहे थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घर गिरने से अंदर रखे बर्तन, कुर्सी, सीलिंग पंखा, अलमीरा, खाद्यान्न (चावल), विलियस मशीन सहित कई जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह बर्बाद हो गए। पीड़ित परिवार दैनिक मजदूरी और खेतीबाड़ी कर जीवन यापन करते हैं।

## रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, युवाओं व जनप्रतिनिधियों ने दिखाया उत्साह

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार, 30 जुलाई 2025 को रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय युवाओं, सरकारी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर उपायुक्त गुमला ने जिलेवासियों से अपील की कि वे रक्तदान जैसे मानवीय कार्य में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा, "रक्तदान एक सुरक्षित और जीवनरक्षक प्रक्रिया है। इससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है और रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।" जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि रक्तदान शिविरों की श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। आगामी तिथियों में विभिन्न प्रखंडों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 31 जुलाई – पालकोट, 1 अगस्त – सिसई, 2 अगस्त – चैनपुर, 4 अगस्त – कामडारा, 5 अगस्त – रायडीह, 6 अगस्त – बसिया, 7 अगस्त – डुमरी, 8 अगस्त – जारी, 11 अगस्त – घाघरा

### मरासिली में उत्पाद विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

# 22 लीटर देसी शराब नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के मरासिली गांव में बुधवार को उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर करीब 22 लीटर अवैध देसी शराब जब्त कर उसे नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया और कई ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार अंग्रेजी शराब को बढ़ावा देती है लेकिन गरीबों द्वारा बेची जा रही देसी शराब पर सख्त कार्रवाई करती है, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी छिन रही है। छापेमारी के बाद मरासिली पंचायत के मुखिया सुकेश उराँव ने गांव के अखाड़ा के पास ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं मुखिया के समक्ष रखीं। उन्होंने कहा कि गांव के कई गरीब परिवार देसी शराब बनाकर और बेचकर अपने घर का खर्च चलाते हैं। ऐसे में बार-बार की छापेमारी और शराब की नष्ट करने की कार्रवाई उनके लिए संकट बनती जा रही है।

### अगर देसी शराब नहीं बेचेंगे तो खाएंगे क्या?

ग्रामीणों ने कहा कि रोपा-डोभा का कार्य चल रहा है, थकान मिटाने के लिए थोड़ा बहुत पीना पड़ता है। लेकिन अंग्रेजी शराब उनकी पहुंच से बाहर है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि केवल देसी शराब पर कार्रवाई क्यों की जाती है? अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री पर कोई रोक क्यों नहीं लगाई जाती?

### रोजगार की मांग पर मुखिया ने दिया आश्वासन

मुखिया सुकेश उराँव ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि सरकार केवल लाइसेंसशुदा अंग्रेजी शराब की बिक्री की अनुमति देती है, जबकि देसी शराब अवैध श्रेणी में आता है, इसलिए उस पर कार्रवाई होती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नशे से दूरी बनाएं और वैकल्पिक रोजगार की ओर ध्यान दें।

मुखिया ने मनरेगा योजना के तहत रोजगार मुहैया कराने का आश्वासन दिया और कहा कि जैसे ही मुखिया फंड की राशि प्राप्त होगी, गांव में स्थानीय कार्य शुरू कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर अनिल उराँव, जोहन उराँव, सुरेश उराँव, सोमा उराँव, सुमति उराँव, चारी उराँव, संतोषी उराँव सहित दर्जनों महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

## युवाओं को मिला जीवन लक्ष्य व करियर जागरूकता का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रेमनगर स्थित परिवार विकास संस्थान में आज युवाओं के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं को जीवन लक्ष्य निर्धारण, करियर मार्गदर्शन और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी गई। संस्थान के फील्ड कोऑर्डिनेटर कपिलदेव यादव ने युवाओं को उनके करियर को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सही दिशा में किया गया प्रयास युवाओं के भविष्य को संवार सकता है। प्रशिक्षण के दौरान कौशल शिक्षा के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।युवाओं को बताया गया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में कौशल विकास क्यों आवश्यक है और यह उन्हें किस प्रकार आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगा। इसके अतिरिक्त, युवाओं को नशापान जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसका उद्देश्य युवाओं को एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बनाना था। परिवार विकास संस्थान का यह प्रयास युवाओं के भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# झपकी लगने से ट्रक चालक ने खोया नियंत्रण, मंदिर में घुसा वाहन

- मंदिर पुनर्निर्माण की मांग पर अड़े
- जाम से यातायात ठप, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने किया हस्तक्षेप

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** रांची-गुमला एनएच-23 पर स्थित भरनो ब्लॉक चौक के समीप एक बार फिर से एक मालवाहक ट्रक ने सड़क किनारे बने शिव मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह दुर्घटना रात को उस समय घटी जब मध्यप्रदेश के इंदौर से रांची की ओर जा रहा ट्रक चालक झपकी के कारण नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे मंदिर से जा टकराया। इससे मंदिर बुरी तरह टूट गया, वहीं ट्रक के खलासी को हल्की चोटें आई हैं और चालक मौके से फरार हो गया। उल्लेखनीय है कि यह दूसरी बार है जब इसी मंदिर को मालवाहक ट्रक ने क्षति पहुंचाई है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। सुबह से ही लोग एनएचआई और निर्माण कार्य में लगी आरकेडी कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। जब दोपहर 1 बजे तक कोई ठोस पहल नहीं हुई, तो भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही और बजरंग दल के अध्यक्ष सुदामा केशरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सड़क जाम कर दिया।

सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, सीओ अविनाश कुजूर, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, प्रमुख पारस नाथ उरांव समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण आरकेडी और एनएचआई अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा पुराने मंदिर को तोड़कर ग्रामीणों की निगरानी में नया मंदिर बनवाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। वहीं, ग्रामीणों ने निर्माणाधीन मंदिर की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया, जहां ढलाई के बाद पानी रिसने (सीपेज) की शिकायत सामने आई है।

### प्रशासन व कंपनी के अधिकारियों से हुई वार्ता

करीब 3 बजे आरकेडी कंपनी की तीन सदस्यीय टीम जाम स्थल पहुंची। कंपनी और प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। इसके बाद प्रखंड सभागार में बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, प्रमुख समेत एनएचआई और आरकेडी के अधिकारियों तथा ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ लंबी बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि शिव मंदिर और पुराने अस्पताल के पास स्थित हनुमान मंदिर – दोनों की स्थिति को लेकर अगले पांच दिनों में वरीय तकनीकी टीम द्वारा जांच की जाएगी। यदि जांच में निर्माण में खामी पाई जाती है, तो दोनों मंदिरों को तोड़कर फिर से निर्माण करने पर सहमति बनी।


## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

### आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)

विभागीय राज्यादेश सं0 10 रा0(वि0)/दिनांक 04/07/2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | योजना इकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना इकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य हेतु सामान्य नाव (सं0 में) | 14 | 30000 (प्रति नाव) | 3000 प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष 2019–20 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 07 | 30200 (प्रति पीस) | 7550 (प्रति पीस) | |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए मोटरचलित नाव (सं0 में) | 02 | 372600 (प्रति पीस) | 41400 (प्रति पीस) | |
| 4 | ब्लू रिभोल्यूशन/एन0एफ0डी0बी0/PMMSY के केज लाभुकों के लिए केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 01 | 540409 (प्रति केज हाउस) | 60100 (प्रति केज हाउस) | |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 10 | 25000 (प्रति केज) | 10000 (प्रति केज) | |
| 6 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट (सं0 में) | 20 | 2655 (प्रति 5कि0ग्रा0) | 295 (प्रति 5कि0ग्रा0) | |
| 7 | नये रिवराईन फिश फार्मिंग /ओपन एरिया फार्मिंग | 08 इकाई | 86,000.00 | | नये आर0एफ0एफ0 के लिए प्रति 40 X 05 मी0 के नेट के साथ इनपुट व्यय सहित इकाई लागत मो0 86,000.00 रू0 है। |
| 8 | तालाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिका के क्रय में सहायता | 130 एकड़ | अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र | | स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। |

नोट :– संबंधित योजनाओं में लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में **Escrow Account** में **DBT** के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अन्दर उक्त खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी।

उपरोक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20/08/2025 है। इससे संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य कार्यालय–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू

PR 358561 (Fish)25-26*D



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

### ई–निविदा

#### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 05/2025–26(ZP) दिनांक 28.07.2025

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कुडू | कोलसीमरी | सुकुरहुटू | प्रकाश उरॉव के घर से ऑगनबाडी केन्द्र तक पक्की नाली निर्माण। | 433700.00 | 7550.00 | 8700.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | कैरो | सढाबे | एडादोन | अमरदीप उरॉव के घर से सहवीर उरॉव घर के पुलिया तक पक्की नाली निर्माण | 623200.00 | 1250.00 | 12500.00 | 03(तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 07.08.2025 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 14.08.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 18.08.2023/11:00 बजे पूर्वाह्न में |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 358553 (Lohardaga) 25-26 (D)



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

### "लातेहार जिला के सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं के लिए आम सूचना"

निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची के निदेश के आलोक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राँची के अधीन गव्य विकास निदेशालय द्वारा लातेहार जिले के लिए औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध सभी दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता/पशु विक्रेता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में चयनित लाभुकों के बीच दुधारू गाय/भैंस वितरण किया जाना है के आलोक में दिनांक– 01.08.2025 से जिला स्तर पर जिला गव्य विकास कार्यालय के परसिर के सामने, लातेहार में दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया है।

अतः विभाग द्वारा लातेहार जिले के निबंधित सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु/आपूर्तिकर्त्ता से अनुरोध है कि विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप आयोजित दुधारू पशु मेला में अधिक से अधिक संख्या में राज्य के बाहर से स्वस्थ एवं निरोग (अच्छी गुणवत्ता) की दुधारू पशु उपरोक्त वर्णित स्थल पर लाकर बिक्री करना सुनिश्चित करें।

दुधारू पशु रखने के लिए अस्थायी शेड निर्माण, संक्रमण रोग रेडवार/थैलेरिया/खुरहा/चपका आदि का टीकाकरण/खून–पेशाब आदि का जांच, जहाँ से दुधारू पशु लाई जाती है वहां के पशु चिकित्सक का फिटनेस टीकाकरण प्रमाण पत्र एवं वाहन प्रमाणक आदि पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित आपूर्तिकर्त्ता द्वारा किया जाएगा।

दुधारू पशुमेला में लाए गए दुधारू पशुओं का संघरोध अवधि में रखने के उपरान्त पशु चिकित्सक द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के बाद ही दुधारू पशु का क्रय किया जाएगा। पानी/बिजली एवं प्राथमिक सुरक्षा की व्यवस्था यथासंभव इस कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार

PR 358535 Animal Husbandry(25-26).D



## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

### दीर्घकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के तरहसी अंचल अन्तर्गत राजस्व जलकर की दीर्घकालीन बन्दोबस्ती कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के संकल्प सं0 1575/दिनांक 09/11/2017 के आलोक में वर्ष 2025–26 से 2034–35 तक दस वर्षों (01/04/2025 से 31/03/2035 तक) के लिए किया जाना है। जो इस प्रकार है :–

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (हे0 में) | जलक्षेत्र (हे0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| अंचल –तरहसी | | | | | | | |
| 1 | सेवती डैम | - | - | - | 12.00 | 1200.00 | |

प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत/अभिप्रमाणित समिति के सदस्यों की सदस्यता सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्त्ताएँ पूरी करती हो तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति को जलकर की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी। समिति नहीं होने पर स्थानीय विस्थापितों के **S.H.G** के साथ की जाएगी।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 12/08/2025 तक कार्यालय अविध में अपनी अहर्त्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 358567 Fish(25-26)D



## जिला मत्स्य कार्यलिय, पलामू

### तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 10 रा0(वि0)/दिनांक 04/07/2025 के क्रम में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत पलामू जिले के मत्स्य कृषकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मुख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी/सरकारी ((लीज पर) वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 के लिए बन्दोबस्त लिये गये) तालाबों पर राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बत्तख पालन की योजना है। इस योजनान्तर्गत पलामू जिले का भौतिक लक्ष्य निम्नवत् है।

| क्र0 | योजना | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | | | इकाई लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 101 | | 789 | | |
| | | सामान्य एवं अन्य कोटि | अनु0ज0 जा0 | अनु0 जा0 | | |
| 01 | समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) | 04 | 01 | 02 | 153350/– प्रति 0.4हेक्टेयर (एक एकड़) जलक्षेत्र। (Duck House) लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा।) | अ0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत (122680/–रू0 होगी) एवं अन्य सभी कोटि के लाभुको के लिए 70प्रतिशत (अधिकत्तम 107345/–रू0 होगी।) शेष राशि लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा। |

नियम व शर्ते –

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक का एक यूनिट (160 Duckling) ही स्वीकृत किया जायेगा। तालाब का लगान रसीद तथा खतियान संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. आवेदक को आवेदन के साथ तालाब का जियो टैग फोटो संलग्न करना होगा तथा निजी तालाब होने का प्रमाण पत्र मुखिया से प्राप्त कर संलग्न करना होगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2025–26 से तीन वर्षो के लिए लीज पर बन्दोबस्त तालाब होना आवश्यक है एवं आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकत्तम दो इकाई की परियोजना होगी। लाभुक का अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा वहन किया जाएगा।
4. जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जायेगी, ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
5. अनुदान की प्रथम किश्त तथा लाभुक की अंशदान की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter Feed/Medicines तथा Duckling क्रय किये जायेंगे। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जाएगा साथ ही योजना अन्तर्गतमत्स्य अंगुलिका, मत्स्य आहार, बत्तख आहार, चूना आदि क्रय पर योजनान्तर्गत नियमानुसार अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा।
6. 0.2 हेक्टेयर जलक्षेत्र पर मछली–सह बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रूप से लागू होगी।
7. कार्यो की प्रगति के अनुरूप अनुदान की राशि DBT के माध्यम से भुगतान की जाएगी।
8. पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन ही स्वीकार किया जायेगा।

**उपरोक्त विवरण एवं शर्तो के अधीन इच्छुक सुयोगय मत्स्य पालकों से विहित प्रपत्र में दिनांक 20/08/2025 तक जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निशुल्क उपलब्ध है।**

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 358570 Fish(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

हमेशा सहज रहने की चाह में आप आलसी हो जाते हैं, हमेशा पूर्णता की चाह में, आप क्रोधित हो जाते हैं, हमेशा अमीर बनने की चाह में आप लालची हो जाते हैं। - श्री श्री रविशंकर जी

## संपादकीय

### भाषा विवाद व राज्यपाल का संदेश

कहा जाता है महाजनो येन गतः स पन्थाः" यानी "जिस मार्ग पर महान व्यक्ति चलते हैं, वही मार्ग सही है।" झारखंड के पूर्व वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भले ही तमिल भाषी हों, लेकिन मराठी गौरव बोध के बहाने जारी भाषा विवाद में हस्तक्षेप करके उन्होंने एक तरह से अपने दायित्वबोध को ही जाहिर किया है। वह मानते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय व्याप्ति के लिए हिंदी का सहयोग जरूरी है। 1968 में तमिलनाडु में हिंदी को राजभाषा बनाने के खिलाफ हिंसक आंदोलन हो चुका है। राधाकृष्णन ने उस आंदोलन की हिंसक तपिश महसूस की है। फिर भी, हिंदी सीखना उनकी चाहत रही है। हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है। वह मानती है कि अगर हिंदी विरोध की आंच से झुलसने का उसे अंदाजा होता, तो हिंदी के विरोध में वह अपनी जिंदगी और अपने सपनों को होम नहीं करती। राज्यपाल ने सिर्फ यह कहा है कि किसी को पीटने के बाद क्या वह तत्काल मराठी बोलने लगेगा। निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है। सीपी राधाकृष्णन 1998 और 1999 में लगातार दो बार कोयंबटूर से चुने गए थे। उन दिनों वह तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष भी रहे। उसी दौर की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा है कि एक बार वह तमिलनाडु में कहीं जा रहे थे, तो तमिल न बोलने के चलते स्थानीय भाषा आंदोलनकारी कुछ हिंदी भाषी लोगों को पीट रहे थे। इसके लिए उन्होंने हिंदी भाषियों से माफी मांगी और तमिल बोलने की जिद करने वाले लोगों से कहा था कि क्या उनके हाथों पिट जाने के बाद कोई तत्काल तमिल बोल पाएगा। भारत की हर भाषा और उसे बोलने वालों का सम्मान हो, इस सोच को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत की भाषाएं आपस में बहनें हैं। इस भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है। बहुभाषी भारत में कहावत है कि कोस-कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर बानी, यानी कुछ ही दूरी पर भाषा का स्वरूप बदल जाता है। लेकिन क्या व्यक्ति इसका व्यवहार करना छोड़ देता है, क्या कुछ दूरी पर बदली भाषा से वह घृणा करने लगता है। भाषाओं की दुनिया किसी राष्ट्र की चौहद्दी नहीं है कि बाड़ लगाकर उन्हें रोक दिया जाएगा, भाषाओं का समाज नदी के पाट की तरह भी नहीं है कि उनके किनारों को बांध बनाकर रोक दिया जाएगा और उसके पानी को नियंत्रित कर लिया जाएगा। दरअसल, भाषाएं नदी के प्रवाह की तरह हैं। जिस तरह हर नदी का अपना प्रवाह है, उसके प्रवाह की अपनी ध्वनि है, कुछ ऐसा ही हाल हर भाषा का है। राज्यपाल के बयान का मकसद भाषाओं की दुनिया की इसी खूबसूरती और उनके गौरव बोध से लोगों का परिचय कराना है। महाराष्ट्र में मराठी बोली जाए या तमिलनाडु में तमिल का व्यवहार बाकी भाषाओं की तुलना में बेहतर हो, इससे भला किसी को क्यों इन्कार होगा। लेकिन मराठी और तमिल को बेहतर बताने और हिंदी या अन्य दूसरी भाषा को कमतर बताने की सोच को स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपनी भाषा के कथित गौरव बोध के नाम पर हिंसा का सहारा लेना कतई उचित नहीं है। ऐसा करना एक तरह से कानून-व्यवस्था का मामला बन जाता है। ऐसे में राज्यपाल का यह कहना उचित ही है कि कानून-व्यवस्था ठीक नहीं रहेगी, तो निवेशक राज्य में आने से बचेंगे, निवेश घटेगा तो राज्य में उत्पादक इकाइयां कम होंगी, इससे रोजगार घटेगा और राज्य का राजस्व भी। भाषा की राजनीति को इन तथ्यों को भी समझना होगा। उसे देखना होगा कि भाषा के प्रति प्यार अराजकता का जरिया न बने।

*हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है।*

---

31 जुलाई कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती पर विशेष

# आज भी प्रासंगिक है प्रेमचंद का विस्तृत रचना संसार



भारत के गांवों की जीवंत कहानी रचने वाले कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां आज भी प्रासंगिक हैं और उनका उनका रचना संसार लोगों को अपना दर्द लगता है । उनकी कहानियों के पात्र आज भी बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में उसी तरह संघर्षरत हैं। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुकुमरानों से उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह सामाजिक बदलाव के लिए आंदोलनरत हैं जब इन्हें लिखा गया था । सवाल है कि इतना कुछ बदल जाने के बावजूद आज भी उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह लाचार, बेबस और निसहाय क्यों हैं ? हम सब विकास और आधुनिकता की जितनी भी बातें कर लें, लेकिन गांवों और कस्बों की सूरत अभी नहीं बदल पाई है । इन्हीं गांवों और कस्बों की सूरत को बदलने के लिए मुंशी प्रेमचंद लगातार अपने पात्रों के माध्यम से समाज को आईना और संघर्ष के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा देते रहे थे। इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी । प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा ही बदल कर रख दी थी। उन्होंने समकालीन व पूर्व के लेखकों को कहानी रचनाकर्म की एक नई धारा से परिचित कराया था। उस कालखंड में यह बात प्रचलित थी कि हिंदी कहानियों में तिलस्म और ऐय्यारी का ही बोलबाला था । प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था ।

समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं ? समाज किस ओर जा रहा है ? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है ? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है ? उनका जीवन स्तर क्या है ? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं ? समाज में बच्चों की स्थिति क्या है ? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है ? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है ? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है ? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है ? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है ? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है ? ये अनेक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे इतने मार्मिक ढंग से चित्रित नहीं होते थे।

प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में एक परिवर्तन लाने का सार्थक प्रयास किया था। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के सच से लोगों को परिचित कराया। उनकी कहानियों का भारतीय जनमानस पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखे । इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां सामाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। उनकी कृतियां सामाजिक मुद्दे पर समाज में एक नई चेतना लाना चाहती हैं। उनकी कृतियां समाज में एक नई बहस कराना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक परिवर्तन है ।

उनकी कहानियों को समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है। उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थी। उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है। प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे । गुलामी का दौर था । देश के स्वाधीनता सेनानी, देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आंदोलनरत थे। तब भला प्रेमचंद इस आंदोलन से कैसे अलग रह सकते थे ? उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था। वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे। फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था। यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था। वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों पर चलते भी रहे थे।

आज की बात



विजय केसरी

वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी । उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना ज्यादा थी । यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है। उनकी एक लोकप्रिय कहानी 'कफन' है,जो तत्कालीन समय , समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है। ग़रीबी और भूख क्या होती है ? इस बात को भी प्रस्तुत करती है । जब आदमी भूखा होता है, तब उसकी मानसिक अवस्था कैसी हो जाती है ? भूख आदमी को कितना नृशंस बना देती है ? इसकी भी तस्वीर कफन कहानी में उभर कर सामने आती है । इसके साथ ही मनुष्य जब मनुष्यता का त्याग कर देता है, तब वही मनुष्य, राक्षस के रूप में कैसे तब्दील हो जाता है। एक मनुष्य को दूसरे लाचार मनुष्य की पीड़ा भी सुनाई नहीं पड़ती है । कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य को सुनाई नहीं पड़ती है । मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है ? क्या हमारे समाज का सच यही है ? सुबह, प्रसव पीड़ा से कराह रही स्त्री के मरणोपरांत, उसके दाह संस्कार के लिए मिले कुछ पैसे का वे दोनों बाप बेटे कैसे दुरुपयोग करते हैं। प्रेमचंद ने इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया । मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है। इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं।

प्रेमचंद अपनी तमाम कहानियों के माध्यम से समाज के हर उथल-पुथल पर अपनी दृष्टि रखते हैं। एक परिवार में एक बहू की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बेटी की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बहू का अपने ससुराल के प्रति क्या कर्तव्य होना चाहिए ? ऐसे पारिवारिक मुद्दे पर प्रेमचंद ने 'बड़े घर की बेटी' लिखकर पाठकों के बीच उनके ही आसपास घरों की घटनाओं को प्रस्तुत कर रख दिया। प्रेमचंद की कहानियों में समाज के अंतर्द्वंद्व, पीड़ा और शोषण की ध्वनि साफ सुनाई पड़ती है। प्रेमचंद के जमाने में गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी अपनी पराकाष्ठा पर थी । आम आदमी का जीवन स्तर बहुत ही निम्न कोटि का बन चुका था। वहीं शासक और जमींदार वर्ग बहुत ही शानदार जीवन जी रहे थे । उन्होंने समाज के इस दोहरे जीवन पर जमकर प्रहार किया है। एक ओर गरीबी, भुखमरी और लाचारी है, तो दूसरी ओर बड़े-बड़े आलीशान भवनों में रात में पार्टियां चल रही थीं ।

उन्होंने समाज में व्याप्त जात पात पर जोरदार प्रहार किया है। 'सवा सेर गेहूं' कहानी के माध्यम से उन्होंने ब्राह्मणवाद व्यवस्था पर जबरदस्त प्रहार किया है । प्रेमचंद का मानना है कि समाज में रहने वाले हर जाति, धर्म ,वर्ग और वर्ण के लोग एक हैं। सबों को ईश्वर ने बनाया है । तब जाति , धर्म, वर्ग ,वर्ण के नाम पर अलग-अलग क्यों हैं ? जात पात के नाम पर कितनी नृशंसता बढ़ती हैं ? किस तरह दलितों, वंचितों को समाज में दबाकर रखा जाता है। सवा सेर गेहूं के माध्यम से कहानीकार प्रेमचंद ने एक हरिजन की पीड़ा और बेबसी को पाठकों के बीच रखा है। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से एक नव जागृति लाने का काम किया है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिलजुल कर रहने का संदेश दिया है। 'नमक का दरोगा' 'दो बैलों की कथा' 'पंच परमेश्वर' आदि कहानियां समाज के उसी यथार्थ पर बुनी गई हैं । बस जरूरत है, उसे समझने की ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

### मोदी की लोकप्रियता को खबरों में कम आंकना सही नहीं

17 सितम्बर 25 के दिन का प्रधान मंत्री मोदीजी का मीडिया में खुब खबर चल रही है कि वो 75 साल के हो जायेंगे और क़ोई और होगा। इधर यह भी चर्चा में है उपराष्ट्रपति किसी दबाब में इस्तीफा दिए हैं और इसमें प्रधानमंत्री को भी घसीटा जा रहा और बहुत से यू टुबर ने इतना गन्दा राजनीती बयान दे रहें हैं कि उपराष्ट्रपति कँगना रनौत होगी ऐसा गलत संदेश पहुँचाना देश के प्रधानमंत्री का अपमान है। नारजगी है तो अगले चुनाव में उनके खिलाफ वोट दे देना लेकिन घटिया यू टुब मत बनाएं। इससे पढ़े लिखे लोग में आपके चैनल में गलत संदेश जाता है जो उनकी नहीं आपकी मानसिकता को गलत दृष्टिकोण से देखती है। देखिए ये लोकतान्त्रिक देश है इसमें संख्या बल देश को सरकार बनाती है आज ये बात सही है बीजेपी के पास बहुमत नहीं है लेकिन थोड़ा ही कम है मात्र 30 सांसद जो एनडीए के 292 सीट के साथ बहुमत में हैं 75 साल उम्र पर बहस करना प्रधानमंत्री जैसे पद के लिए ठीक नहीं है क्योंकि 2024 का चुनाव मोदीजी के नेतृत्व में लड़ा गया और एनडीए की सरकार बनी जहाँ तक किसी को लाने या ना लाने का प्रश्न है उसमें जब आप जीतते हैं तो सब आपके पीछे लग जाते हैं और जब हारते हैं तो भाग कर इधर उधर चले जाते हैं। मोदीजी भले ही 17 सितम्बर 25 को 75 साल के हो जाए, लेकिन प्रधानमंत्री लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः जब 2024 में सब कुछ स्पष्ट हो गया तो उम्र का सवाल ही पैदा नहीं होता ट्रम्प जो 79 साल के हैं वो अमेरिका के राष्ट्रपति है अतः किसी नेता के नाम की चर्चा करना की योगी होंगे, केंद्रीय मंत्री गडकरी होंगे या राजनाथ सिंह होंगे ये सब एक भर्मित करना और देश हित में नहीं है। आज किसी से पूछ लीजिएगा मोदीजी की लोकप्रियता सभी नेता से ज्यादा है और क़ोई एनडीए में अपना भी भविष्य देखेगा तो मोदी पर पूर्ण भरोसा होगा ऐसा इसलिए है कि उनके पास ना तो बहुत बड़ी संपत्ति है और ना ही परिवार लेकिन सभी लोग चाहते हैं प्रधानमंत्री के लिए 6राज्य यूपी, महाराष्ट्र,मप्र, गुजरात और बिहार बहुत महत्वपूर्ण हैं और ऐसे कर्नाटक भी है। लेकिन जब देश की बात आती है तो उप्र और बिहार को पहले देखा जाता है जहाँ बीजेपी का गढ़ है और वहाँ मोदीजी को लोग इसलिए पसंद करते हैं कि क्योंकि वहाँ महिलाओ, बुजुर्गो और युवाओ का बड़ा तपका उनके पक्ष में नजर आता है। 2014 चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि बीजेपी अब कभी सत्ता में नहीं आएगी। लेकिन मोदीजी को जनता ने पसन्द किया और जीत मिली जितने पर जो उनके खिलाफ भी थे सब ने भरे मन से नहीं लेकिन किसी पद की लालच में बाहबाहि लूटने की कोशिश की और कहीं राजयपाल कहीं मंत्री के रूप में जमे रहें और सभी जो पहले सत्ता का स्वाद चख चुके थे नहीं मिलने पर नाखुश हुए जो ठीक नहीं है अतः जो होगा वो भी प्रभु राम की मर्जी से होगा।

आपकी बात



संजय गोस्वामी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

## तुलसीदास ने अपनी लेखनी से धर्म और भक्ति को जन-जन तक पहुंचाया

अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती रांची के उपाध्यक्ष सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गोस्वामी तुलसीदास जयंती का पर्व इस वर्ष 31 जुलाई दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। यह तिथि श्रावण मास की सप्तमी को पड़ती है जिसे महान संत कवि और भक्त गोस्वामी तुलसी दास जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। गोस्वामी तुलसीदास जयंती, भारतीय धर्म और साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन हम उन महान संत की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से धर्म, भक्ति, और आदर्श जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। महान ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 ग्रंथों की रचना की। सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस को मिली,ये उन्होंने सरल अवधि भाषा में लिखी। श्रीरामचरितमानस के बाद हनुमान चालीसा उनकी लोकप्रिय रचना है। गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान शिव और माता पार्वती के मार्गदर्शन से अपने जीवन में सगुण रामभक्ति की धारा को ऐसा प्रवाहित किया कि वह धारा आज भी प्रवाहित हो रही है। रामभक्ति के द्वारा न केवल अपना ही जीवन कृतार्थ किया अपितु जन-जन को श्रीराम के आदर्शों से बांधने का प्रयास किया।गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन एक प्रेरणा का स्रोत है। वे हिंदी साहित्य के महान कवि और संत थे, जिनकी काव्य रचनाएं विशेष रूप से भगवान राम के प्रति उनकी गहरी भक्ति को दर्शाती हैं। उनके प्रमुख ग्रंथों में 'रामचरितमानस', 'हनुमान चालीसा', 'दोहावली', और 'कवितावली' शामिल हैं। 'रामचरितमानस' उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना है, जो वाल्मीकि की रामायण का हिंदी में सरल रूपांतरण है। इस ग्रंथ में भगवान राम की जीवनी को सरल और सरस भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे हर व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। उन्होंने अपना अंतिम समय काशी में व्यतीत किया और प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हुए अपने शरीर का त्याग किया एवं उनकी आत्मा प्रभु श्री राम में विलीन हो गई। उनके ग्रंथों में भगवान राम के जीवन के आदर्श पहलुओं को उजागर किया गया है, जो हर भक्त के लिए मार्गदर्शक हैं। 'हनुमान चालीसा' में हनुमान जी की शक्तियों और उनके भक्तों के प्रति असीम कृपा का वर्णन किया गया है, जो भक्तों को साहस और विश्वास प्रदान करता है। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर हम उनकी शिक्षाओं और रचनाओं की महत्ता को समझते हुए, अपने जीवन को धार्मिकता और भक्ति की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उनका जीवन और उनके ग्रंथ हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे, और हम उनकी उपासना के माध्यम से उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने काव्य में केवल धार्मिक भावनाओं को ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता सदाचार और करूणा जैसे मानवीय मूल्यों को भी स्थान दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को भगवान श्री राम के आदर्शों से जुड़ने का कार्य किया उन्होंने भक्ति को ही मोक्ष का मार्ग बताया और बताया कि प्रभु केवल भाव के भूखे हैं, जाति भाषा वर्ण के नहीं। गोस्वामी तुलसीदास जयंती केवल एक कवि या संत की जयंती नहीं है यह दिन हमें उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है आज जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है तुलसीदास जी के विचार उनकी भक्ति और साहित्य एक प्रकाश स्तंभ की भांति मार्गदर्शन करता है उनकी रचनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस युग में थी। रामचरितमानस की चौपाइयां में आज भी भारतीय संस्कृति की आत्मा बसती है तुलसीदास का जीवन काव्य और भक्ति अनंत काल तक मानवता को राह दिखाते रहेंगे।



अध्यात्म की बात



संजय सर्राफ

गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 31 जुलाई को

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

पाक न था संबल , गयी बिना उड़े ही जान।
संबल ले उस 'पाक' का, पार गये हनुमान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

---

## धनखड़ की महत्वाकांक्षा ने सिद्धांतों की दुहाई देने वाली सत्ता को किया बदरंग

जगदीप धनखड़ को अब जाट नेता के तौर पर प्रायोजित किया जा रहा है। जाति के एक संकुचित से दायरे में लाकर खड़ा कर देने वाला यह तर्क उस खेमे से आ रहा है जिसके कारण बीमारी के नाम उपराष्ट्रपति जैसे सम्मानित पद से इस्तीफा देने को लाचार धनखड़ आज उसी व्यूह रचना में फंस चुके हैं जहाँ से उन्होंने राजनैतिक पारी की शुरुआत की थी। अब कई बातों को लेकर चर्चाएं हो रही है कि परंपरा के विपरित निजी विदेश यात्रा पर गई धर्मपत्नी के लिए प्रोटोकॉल की नाजायज मांग, तमाम सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की तरह उपराष्ट्रपति के फोटो लगाने की मांग, धुर विरोधी होने के बावजूद अचानक संघ की तारीफ, एक न्यायाधीश पर महाभियोग मामले में कांग्रेस को पक्षपातपूर्ण बढ़त देने और भारत दौरे पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ मीटिंग की मांग आदि तमाम उदाहरणों के बीच उनके द्वारा कैसे सरकार को कटघरे में लाकर खड़ा करने का प्रयास किया गया ! धीरे धीरे अकड़ की एक लंबी सूची सामने है जिसमें प्रधानमंत्री को चुनौती देता एक संदेश साफ नजर आ रहा है कि उपराष्ट्रपति की हैसियत के सामने मोदी जी बहुत छोटे हैं। इसी तरह उनके वक्तव्यों में प्रायः देश की सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और मान्य परंपराओं से भी बड़े होने का भ्रम लगातार अपडेट होता रहा। निसंदेह प्रोटोकॉल के अनुसार उपराष्ट्रपति का पद देश के प्रधानमंत्री से बड़ा होता है परन्तु धनखड़ के अकड़ को शायद यह कभी समझ में ही नहीं आया कि प्रधानमंत्री देश का प्रशासनिक प्रमुख होता है। संविधान में भी उपराष्ट्रपति के लिए अपेक्षाकृत बहुत सीमित अधिकारों की चर्चा है और देश में उपराष्ट्रपति के अधिकार व कर्तव्यों को लेकर कोई भ्रम भी नहीं है। ऐसा नहीं है कि पेशे से वकील और लंबे राजनैतिक कैरियर वाले धनखड़ साहब को इन तथ्यों की कोई जानकारी न थी। सबकुछ जानते हुए लगा मानों अपनी कुंठा, संस्कार और महत्वाकांक्षा के कारण भस्मासुर की तरह वे मोदी व सरकार को उंगली करते नजर आते रहे। अब तो उन पर चंद्रबाबू नायडू को बरगलाकर उस मोदी को पदच्युत करने की साजिश का हिस्सा बनने जैसे गंभीर व आपत्तिजनक आरोप भी लग रहे हैं जिस मोदी ने उन्हें गुमनामी से बाहर निकालकर पहले राज्यपाल बनाया और फिर उपराष्ट्रपति का ताज पहनाने का काम किया। यह साजिश भी ऐसी कि चंद्रबाबू नायडू को भी यह पता है कि वे मोदी जी के साथ उनकी हैसियत नंबर दो की है और इंडी का हांथ पकड़ते ही यह गिरकर पांचवें पायदान पर आ जाएगी। दूसरी ओर, भाजपा को भी इस बात का पूरा अहसास है कि मोदी सरकार का वर्तमान कालखंड अभी तेरह महीनों का है जबकि कभी इन्हीं तेरह महीनों में एक साजिश के तहत वाजपेयी जी की सरकार को शहीद कर दिया गया था। इस घटनाक्रम को बीते छब्बीस साल हो गए है और भाजपा को अब कहीं अधिक परिपक्व माना जा रहा है। ऐसे में धनखड़ की अकड़ निकालने में चुक की कोई गुंजाइश नहीं थी परन्तु इस सवाल का जवाब किसी भाजपाई के पास नहीं है कि किसी भी संवैधानिक पद के लिए आयातित नेताओं पर वह भरोसा ही क्यों करती है? क्या भाजपा यह भूल बैठी है कि सैकड़ों उदाहरणों के बीच लेफ्ट विंग से आए सुधीर कुलकर्णी जैसे एक अदद सलाहकार के कारण "जिन्ना के जिन्न" ने उनके शीर्षस्थ नेता आडवाणी जी के जीवन भर की तपस्या पर पानी फेरकर रख दिया? हैरानी की बात तो यह भी है कि विपक्ष के जो लोग कल तक धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के जुगाड़ में बैठे थे उनके लिए यह सबकुछ जाटों के अपमान का कैसे विषय बन गया? इस पूरे प्रकरण से अभी रहस्य का पर्दा भी पूरी तरह से नहीं उठ सका है परन्तु इस घटनाक्रम ने इतना तो साबित कर ही दिया है कि पीट चुके विपक्ष और सिद्धांतों को स्वार्थ से पाट चुके सत्तापक्ष की राजनीति में परिपक्वता की कोई अहमियत ही नहीं है।



अलग बात



केदारनाथ दास

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्रावण शुक्ल सप्तमी पर अशुभ योग, बृहस्पति पूजन से खुलेंगे सफलता के द्वार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी गुरुवार को है। इस दिन आडल योग भी पड़ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह अशुभ योग है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित होते हैं। दृक पंचांग के अनुसार, इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 12 बजकर 54 मिनट तक रहेगा और राहुकाल का समय दोपहर के 02 बजकर 09 मिनट से शुरू होकर 3 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। आडल योग, ज्योतिष में एक अशुभ योग माना जाता है। इससे पहले ऐसा योग नवरात्रि के पहले दिन साल 2022 में हुआ था। इस दिन शुभ कार्य भी वर्जित होते हैं, लेकिन बृहस्पतिदेव के पूजन से जीवन में सुख-शांति के साथ सफलता के द्वार खुलते हैं। बृहस्पति के पूजन के साथ उनका व्रत रखना भी उत्तम माना जाता है।

मान्यता है कि केले के पत्ते में भगवान विष्णु का वास होता है। इसलिए गुरुवार के दिन केले के पत्ते की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत शुरू करने के लिए आप सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, फिर मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर पूजन सामग्री रखें, इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करके व्रत का संकल्प लें। फिर केले के वृक्ष की जड़ में चने की दाल, गुड़ और मुनक्का चढ़ाकर भगवान विष्णु की पूजा करें। दीपक जलाएं और कथा सुनें और भगवान बृहस्पति भगवान की आरती करें। उसके बाद आरती का आचमन करें। इस दिन पीले रंग के खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।



## पीले वस्त्र और फल-फूल दान करने से मिलते शुभ फल

अग्नि पुराण में उल्लेख मिलता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने काशी में शिवलिंग की स्थापना की थी, जिस वजह से गुरुवार के दिन भगवान बृहस्पति की पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। अग्नि पुराण और स्कंद पुराण के अनुसार गुरुवार के दिन व्रत रखने से धन, समृद्धि, संतान और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। व्रत रखने के लिए इस दिन पीले वस्त्र धारण करने और पीले फल और पीले फूलों का दान करने से भी लाभ होता है। गुरुवार के दिन भगवान विष्णु को हल्दी चढ़ाने से मनोकामना पूरी होती है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, इस दिन विद्या की पूजा करने से भी ज्ञान में वृद्धि होती है। गुरुवार के दिन किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को अन्न और धन का दान करने से भी पुण्य प्राप्त होता है। इस व्रत को किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के पहले गुरुवार से शुरू कर सकते हैं और 16 गुरुवार तक व्रत रखकर उद्यापन कर दें।

## 'सरकार में ट्रंप को झूठा कहने की हिम्मत नहीं', मल्लिकार्जुन खड़गे का हमला

**एजेंसी। नी दिल्ली**



लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम का जिक्र न होने पर कांग्रेस पार्टी फिर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उनमें इतनी हिम्मत नहीं है कि वे ट्रंप को झूठा कह सकें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैंने कहा था कि संसद में मेरा भाषण समाप्त होने तक डोनाल्ड ट्रंप का 'सीजफायर' वाला दावा 30 दफा हो जाएगा, लेकिन इनमें (प्रधानमंत्री) हिम्मत नहीं है कि वो ये बोल पाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। और हम इसको सहन नहीं करेंगे। हम ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं करेंगे, ऐसा बोलने की इनकी हिम्मत नहीं है।"मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा, "दाल में कुछ काला है, इसीलिए वह (प्रधानमंत्री) कुछ नहीं कह रहे हैं। उनकी क्या कमजोरी है, यह देश को बताना चाहिए। दो घंटे के भाषण में डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया।"इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री ने ट्रंप का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है क्या हुआ है और प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया तो ट्रंप खुलकर बोलेंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे, इसलिए प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं।"राहुल गांधी ने यह भी कहा कि ट्रंप बार-बार एक ही बात को इसलिए दोहरा रहे हैं, क्योंकि वो ट्रेड डील में भारत सरकार को दबाएंगे।

### जेपी नड्डा का कांग्रेस पर हमला, कहा-

## पिछली सरकार में भारत-पाकिस्तान के बीच आतंक, व्यापार और पर्यटन चलता रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जारी चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक नेतृत्व बहुत अहम है। पिछली सरकार में भारत-पाकिस्तान के बीच आतंक, व्यापार और पर्यटन चलता रहा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा, "21 जुलाई को जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई थी, तो उस दौरान मैंने कहा था कि हम 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पहलगाम हमला बहुत ही दुखदायी है और मानवता को झकझोर देने वाला है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए, वह बहुत कम है। हमें मालूम है कि पहलगाम के हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक ने अपनी जान गंवाई। हम इस घटना की पूरजोर निंदा करते हैं। साथ ही यह भी बताना चाहते हैं कि जिस दिन पहलगाम में घटना घटित हुई, उसके तुरंत बाद शाम पांच बजे गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहुंच गए थे। इसके अलावा, पीएम मोदी सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर भारत आए और कैबिनेट सुरक्षा कमेटी की बैठक की।

# 212.85 करोड़ से अधिक की अचल संपत्तियों को किया ईडी ने कुर्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **कुर्क की गई संपत्ति :** गोवा में ₹212.85 करोड़ की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क
- **कानूनी आधार :** प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए, 2002 के तहत कार्रवाई की
- **जांच का कारण :** भूमि हड़पने और जालसाजी की एक व्यापक आपराधिक साजिश की जांच
- अपराध से अर्जित 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' (POC) को
- परिजनों और सहयोगियों के खातों में भेजा गया
- फर्जी लेन-देन से वैध दिखाने की कोशिश की गई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पणजी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने गोवा में 212.85 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गोवा राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थित अचल संपत्तियों पर ये कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को एक बयान में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने 28 जुलाई को गोवा के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थित कई अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनका मूल्य 212.85 करोड़ रुपए है। यह कार्रवाई रोहन हरमलकर और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा किए गए भूमि हड़पने और जालसाजी की व्यापक साजिश की चल रही जांच के संबंध में की गई है। ईडी के मुताबिक, ईडी ने गोवा पुलिस द्वारा दर्ज दो प्राथमिकियों के आधार पर जांच शुरू की है।



ये एफआईआर रोहन हरमलकर और अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। उन पर जालसाजी, धोखाधड़ी, फर्जी पहचान का इस्तेमाल करने और नकली दस्तावेजों के जरिए उत्तर गोवा में जमीन के टुकड़े धोखे से हड़पने के आरोप हैं। ईडी की जांच में पता चला है कि रोहन हरमलकर ने अलकांट्रो डिसूजा और अन्य लोगों के साथ मिलकर एक आपराधिक षड्यंत्र रचा, जिसके तहत अंजुना, रेवोरा, नडोरा, कैमुरलिम, पर्रा, और बारदेज तालुका व मापुसा शहर, गोवा के आसपास के अन्य क्षेत्रों में स्थित उच्च मूल्य की संपत्तियों को हड़पने की साजिश रची गई।

पीएमएलए जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने कीमती अचल संपत्तियों पर झूठा मालिकाना हक जताने के लिए नकली वंशावली रिकॉर्ड, फर्जी बिक्री विलेख, जाली वसीयत, बदली गई इन्वेंट्री कार्यवाहियां और अन्य नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इसके जरिए वे इन संपत्तियों को वैध दिखाने की कोशिश कर रहे थे। इस तरह उन्होंने बड़ी मात्रा में अपराध की कमाई (पीओसी), जो पीएमएलए की धारा 2(1)(यू) के तहत परिभाषित है, उत्पन्न की। अपराध से कमाई गई रकम (पीओसी) का एक हिस्सा सीधे रोहन हरमलकर, अलकांट्रो डिसूजा और अन्य आरोपियों को मिला। बाद में इस रकम को उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के बैंक खातों के जरिए घुमाया गया। इस अवैध कमाई को अलग-अलग खातों से गुजारकर और मिलाकर ऐसे दिखाया गया कि जैसे वह वैध (साफ-सुथरी) हो, ताकि काले धन को सफेद किया जा सके।

## हैदराबाद में भेड़ वितरण घोटाले को लेकर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 8 ठिकानों पर छापेमारी

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को भेड़ वितरण घोटाले के सिलसिले में हैदराबाद के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। ईडी ने यह जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की है। छापेमारी उन लोगों के ठिकानों पर की गई है जो योजना के लाभार्थी या बिचौलियों के तौर पर पहचाने गए हैं। जिन लोगों पर कार्रवाई की गई उनमें जी. कल्याण भी शामिल हैं, जो पूर्व बीआरएस मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) रह चुके हैं। उन्हें एसीबी की एक एफआईआर में नामजद किया गया है। तेलंगाना सरकार ने वर्ष 2017 में 'भेड़ वितरण एवं विकास योजना' (एसआरडीएस) की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत चरवाहा परिवारों को 75 प्रतिशत सब्सिडी पर 20 मादा और एक नर भेड़ देने का लक्ष्य रखा गया था। पहले चरण में 1.28 करोड़ से अधिक भेड़ वितरित की गई थी। हालांकि, बाद की जांच में सामने आया कि योजना में बड़ी हेराफेरी हुई। नकली बिल, फर्जी परिवहन दस्तावेज और बेनामी खातों के जरिए सरकारी धन की बड़ी मात्रा में बंदरबांट की गई।

## दुर्ग में ईडी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त छापेमारी मोक्षित कॉर्पोरेशन के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में मोक्षित कॉर्पोरेशन के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त कार्रवाई में दुर्ग स्थित तीन आवासीय परिसरों और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, इस छापेमारी में दो दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल थे, जिनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी भारी संख्या में तैनात रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया और किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) में हुए 650 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले से जुड़ी हुई है। इस घोटाले में पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। लगभग छह महीने पहले ईओडब्ल्यू और एसीबी ने इस मामले में संयुक्त रेड डाली थी। अब मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम इस घोटाले से जुड़ने के बाद यह मामला प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ गया है।

## सोनिया और कई विपक्षी नेताओं ने एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था। उन्होंने 'एसआईआर वापस लो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों की मांग है कि इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## एसआईआर विवाद: संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो। सीपीआई सांसद पी. संतोष ने भी एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव आयोग पर नियंत्रण कर रखा है और इसीलिए यह प्रक्रिया बंद की जानी चाहिए। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। 2003 और 2006 में भी यह प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और वही इस प्रक्रिया का निर्णय करता है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, "जो लोग संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं, वही संवैधानिक व्यवस्था का सबसे अधिक मजाक उड़ा रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, धन लाभ के नए स्रोत नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, आप से प्रतिस्पर्धा करने वालों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष :** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। रोजगार में आपको बड़े मौके मिलेंगे, जिनका लाभ उठाकर आप बढ़िया धन कमायेंगे। किसी सोचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन काम में लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहित जातकों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज सारा काम आपके हिसाब से होगा, आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज भाई बहनों के साथ मौज-मस्ती करेंगे, बाहर घूमने जायेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कन्या :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके व्यापारिक मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरु करेंगे, तो फायदा हो सकता है। पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। छात्र आज अपनी पढाई पर अच्छे से फोकस करेंगे, सीनियर्स का साथ मिलेगा। कपड़ा व्यापारियों को अधिक धन लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको बढ़िया लाभ मिलेगा। आज नौकरी करने वाले लोगों को पदोन्नति मिलने से ख़ुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन मिलने के चांस बन रहे हैं। पारिवारिक सुख सौहार्द बना रहेगा, संतान से सुख मिलेगा।

**धनु :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑटोमोबाइल कम्पनी में काम करने वाले व्यक्तियों को आज आर्थिक लाभ होगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, परिवार का सहयोग मिलेगा। आज ससुराल पक्ष से मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे।

**मकर :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी, कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कुंभ :** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज व्यापारिक गतिविधियों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरुरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज आप परिवार के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते है।

**मीन :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख - सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। छात्र आज किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा।

### ऑपरेशन शिवशक्ति

## पुंछ में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया, तीन हथियार बरामद

**एजेंसी। पुंछ**

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक सफल आतंकवाद-रोधी अभियान चलाया। इस अभियान को 'ऑपरेशन शिवशक्ति' नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जो सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इस ऑपरेशन में तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सटीक और समन्वित खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। एक्स पोस्ट में लिखा है, "हमारी सतर्क सेना ने सटीक टारगेट के साथ त्वरित कार्रवाई से आतंकियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।" यह अभियान बुधवार सुबह शुरू हुआ और अभी भी जारी है। सेना ने बताया कि यह ऑपरेशन उनकी अपनी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के समन्वय से संचालित किया गया, जिसके कारण यह सफल रहा।

इससे पहले, सोमवार को जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़े ऑपरेशन में 3 आतंकवादियों को मार गिराया था। इन आतंकियों में एक लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर सुलेमान भी शामिल था। इसके अलावा, दो अन्य आतंकी, अफगान और जिब्रान भी लश्कर के 'ए' ग्रेड के आतंकवादी थे। आतंकी सुलेमान पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में लिप्त था। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत इन तीन आतंकियों को ढेर किया। लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जानकारी दी कि इन तीनों आतंकवादियों ने ही पहलगाम की घटना को अंजाम दिया था। अमित शाह ने सदन में आतंकियों की पहचान से जुड़े तथ्य बताए थे। इसके अलावा, पहलगाम हमले में इन आतंकियों के शामिल होने की पुष्टि एफएसएल चंडीगढ़ में घटनास्थल से बरामद हुए कारतूसों के मिलान के बाद हुई।

## महागठबंधन के घटक दलों की बैठक शुरू, चुनावी तैयारी को लेकर चर्चा

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। इसे लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी रणनीतियां बनाने में जुट गई हैं। इस बीच, बुधवार को महागठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कहते हैं कि इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की बैठक में आगे की रणनीतियों पर चर्चा होगी। हम लोग सारे मुद्दों पर बात करेंगे। सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हो सकती है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि महागठबंधन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी के 'हम' के साथ आने पर कहा कि डरे, सहमे लोग हमारे मजबूत सहयोगी को साथ आने का ऑफर देते रहते हैं, लेकिन कहीं कोई बात नहीं है। कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि बैठक में सभी विषयों पर चर्चा होगी।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' राजनीतिक तमाशा : शिवसेना-यूबीटी

## लोगों का सरकार से विश्वास उठ गया है

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) ने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन महादेव' पर सवाल उठाए हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी ने दावा किया कि सरकार ने विपक्ष के सवालों की बौछार से बचने के लिए सुलेमान जैसे मामले को गढ़ा है। बता दें कि सुलेमान लश्कर का आतंकी है, जिसे 'ऑपरेशन महादेव' के तहत सेना ने सोमवार को ढेर किया। यह आतंकी पहलगाम हमले में शामिल था। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा कि भाजपा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक राजनीतिक तमाशा बनाया है। पार्टी ने यह भी कहा कि भाजपा का हिंदुत्व और देशभक्ति सिर्फ पाखंड है। 'ऑपरेशन महादेव' की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए शिवसेना-यूबीटी ने कहा, "संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा चल ही रही थी कि कश्मीर में तीन आतंकियों के मारे जाने की खबर आई। कहा गया कि उनमें से एक सुलेमान पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड था। संपादकीय में आरोप लगाया गया, "लोगों का सरकार से विश्वास उठ गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सरकार सुलेमान जैसे मामले गढ़ने का हथकंडा अपना रही है। लोकसभा में सरकार बेनकाब हो गई है।"शिवसेना-यूबीटी ने संपादकीय में बहस के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान का हवाला दिया और पूछा, "क्या सरकार पहलगाम में मारे गए 26 लोगों के घर जाकर उन्हें बता सकती है कि हमने बदला ले लिया है? अब आप भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच देख सकते हैं?" सामना के संपादकीय में आगे कहा गया, "प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानियों को चेतावनी दी थी कि 'पानी और खून साथ-साथ नहीं बहेंगे', लेकिन जय शाह की कृपा से भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच जरूर होने वाला है। इस पर अमित शाह का क्या कहना है?"संपादकीय में कहा गया, "विपक्ष के सदस्यों जैसे गौरव गोगोई, अरविंद सावंत, सुप्रिया सुले और ओवैसी ने सरकार की सुरक्षा में चूक और ऑपरेशन सिंदूर के परिणाम पर गंभीर सवाल उठाए।

### ऑपरेशन सिंदूर | 22 अप्रैल से 16 जून तक पीएम मोदी-ट्रंप में कोई बातचीत नहीं हुई

# कान खोलकर सुन लें : जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

- भारत की कूटनीतिक सफलता का उदाहरण।
- रूस सहित कई देशों का भारत को समर्थन।

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### एस जयशंकर ने राहुल गांधी को बताया चीन गुरु

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला करते हुए उन्हें नया चीन गुरु करार दिया। गांधी पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि कांग्रेस नेता, खासकर डोकलाम संकट जैसे महत्वपूर्ण क्षणों में, भारत सरकार से जानकारी लेने के बजाय चीनी राजदूत से निजी ट्यूशन लेना पसंद करते हैं। जयशंकर ने याद दिलाया कि 2017 के डोकलाम गतिरोध के दौरान, गांधी ने कथित तौर पर भारत की आधिकारिक स्थिति के साथ तालमेल बिठाने के बजाय चीनी दूत से मिलने का विकल्प चुना था। जयशंकर ने अपने बयान में कहा कि ये रहे 'चीन गुरु'। इनमें से एक मेरे सामने बैठे सदस्य (जयराम रमेश) हैं, जिनका चीन के प्रति इतना गहरा लगाव है कि 'उन्होंने एक संधि बना ली थी भारत और चीन की, चीनिया'... ।

राज्यसभा में बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश और रक्षा नीति पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनिया के किसी भी नेता ने भारत पर दबाव नहीं डाला। इसी दौरान विदेश मंत्री जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जवाब दे रहे थे, तभी विपक्षी नेता हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को टोकते हुए कहा, ''मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक बार भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत नहीं हुई थी।' अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य देशों से जो भी संवाद हुआ, उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम चाहता है, तो उसे हमारे डीजीएमओ चैनल से संवाद करना होगा।चीन और पाकिस्तान को लेकर विपक्ष पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीतिक सफलता इस बात से साबित होती है कि यूएनएससी में भारत भले ही स्थायी सदस्य न हो, लेकिन सुरक्षा परिषद प्रमुख का बयान भारत के पक्ष में आया। रूस सहित कई देशों ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, ''जो लोग मुंबई हमलों पर चुप रहे थे, आज वे हमें ज्ञान दे रहे हैं।' विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय सेना को किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और उसने आतंकियों के ठिकानों पर खुद ही सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। उन्होंने नूर खान एयरबेस सहित कई आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर की गई तबाही का जिक्र करते हुए कहा कि सेना का श्रेय किसी और को देना उसका अपमान होगा।

# ब्रिटेन और फ्रांस सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे सकते हैं

**लंदन (आईएएनएस)**

ब्रिटेन की सरकार ने इजरायल से कहा है कि वह गाजा में लोगों की बदतर हालत को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और लंबे समय तक चलने वाली शांति के लिए गंभीरता से काम करे। अगर ऐसा नहीं होता है, तो ब्रिटेन सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे सकता है, ताकि दो देशों वाले समाधान (द्वि-राज्य समाधान) की संभावना को बचाया जा सके।

एक बयान में डाउनिंग स्ट्रीट ने इजरायल से अपील की कि वह संयुक्त राष्ट्र को गाजा में लोगों तक खाने-पीने की मदद पहुंचाने की अनुमति दे, युद्धविराम के लिए सहमत हो, और यह साफ करे कि वह वेस्ट बैंक (पश्चिमी तट) पर कब्जा नहीं करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, बयान में हमास से अपील की गई है कि वह सभी बंधकों को तुरंत रिहा करे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार का मुख्य लक्ष्य जमीनी हालात को बदलना है और यही इस फैसले का मकसद भी है। स्टारमर ने घोषणा के समय को लेकर कहा, "मैं इस बात को लेकर खास तौर पर चिंतित हूं कि दो-राज्य समाधान (इजरायल और फिलिस्तीन के लिए) का विचार अब धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है और आज यह पहले से कहीं ज्यादा दूर नजर आता है।

ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, "क्षेत्र के भविष्य के लिए दो-राज्य समाधान से बेहतर कोई रास्ता नहीं है।" उन्होंने कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षित सीमाओं के भीतर आतंकवाद के खतरे से मुक्त होकर शांतिपूर्वक रहने का अधिकार है और फिलिस्तीनियों को भी एक स्वतंत्र देश में सम्मान और सुरक्षा के साथ, बिना किसी कब्जे के जीने का हक मिलना चाहिए।



### लैमी का भावुक बयान

- बैठक में बयान देने के बाद लैमी ने मीडिया से बात की।
- कहा, "यह कदम फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता की दिशा में है।

### बच्चों पर हिंसा को लेकर गहरा दुख

- लैमी ने कहा, मदद मांगते बच्चों पर गोली चलाई गई।
- इस दृश्य को उन्होंने "दुखद और डरावना" बताया।

## फिलिस्तीन को मान्यता देने की योजना पर भड़के नेतन्याहू ब्रिटेन हमास को इनाम दे रहा



**तेल अवीव ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उस योजना पर कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की बात कही। नेतन्याहू ने इस कदम को हमास के "भयावह आतंकवाद" को इनाम देने के बराबर बताया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "स्टार्मर हमास के भयावह आतंकवाद को इनाम दे रहे हैं और इससे पीड़ितों को दंडित कर रहे हैं। आज इजरायल की सीमा पर एक जिहादी जमीन कल ब्रिटेन के लिए खतरा बनेगी। जिहादी आतंकवादियों को खुश करने की नीति हमेशा विफल होती है। यह आपको भी विफल करेगी। इस बीच, इजरायली विदेश मंत्रालय ने भी इस फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार का ऐसा कदम गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के प्रयासों को कमजोर करेगा। इजरायली विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "इजरायल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बयान को खारिज करता है।

## ताइवान के पास दिखे 11 चीनी विमान और 6 युद्धपोत: रक्षा मंत्रालय

**ताइपे ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के मुताबिक बुधवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के पास 11 चीनी एयरक्राफ्ट और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। ताइवान के 'एमएनडी' के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 11 में से 10 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान साउथ-वेस्टर्न एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। चीन की सैन्य कार्रवाई के जवाब में, ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित प्रणालियां तैनात कीं। ताइवान के एमएनडी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "बुधवार सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास 11 पीएलए विमान और 6 पीएलएएन जहाज देखे गए। 11 में से 10 उड़ानें मध्य रेखा पार करके ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं।

# कर्नाटक की महिला में पाया गया दुर्लभ ब्लड ग्रुप 'सीआरआईबी'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** कर्नाटक के कोलार जिले से एक चौंकाने वाला अनोखा मामला सामने आया है। एक महिला को कार्डियक अरेस्ट को बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसका ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए सैंपल लैब में भेजा। लैब असिस्टेंट की जांच में जो रिपोर्ट सामने आई उसने सभी को हैरान कर दिया। 38 वर्षीय महिला में एक नया ब्लड ग्रुप पाया गया है। यह ब्लड ग्रुप अब तक दुनिया में कहीं भी नहीं देखा गया था। हार्ट की सर्जरी के लिए भर्ती कराई गई महिला का ब्लड ग्रुप O RH+ था, जो कि आम है। लेकिन कोई भी O पॉजिटिव ब्लड यूनिट उसके ब्लड से मैच नहीं हो हुआ। इसके बाद गहन जांच के लिए ब्लड सैंपल को रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर भेजा गया। बैंगलोर में आधुनिक तरीके से ब्लड की जांच की गई लेकिन महिला का ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स के साथ मेल नहीं खा रहा था। परिवार के करीब 20 लोगों के सैंपल भी लिए गए, लेकिन किसी का ब्लड महिला के ब्लड सैंपल से मैच नहीं हुआ। रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि मामले को काफी सावधानी से लिया गया। महिला का ऑपरेशन बिना ब्लड के ट्रांसफर के सफलतापूर्वक हो गया है। महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरिटी यूके भेजा गया। दस महीने की रिसर्च के बाद एक नया ब्लड ग्रुप एंटीजन मिला, जिसे CRIB नाम दिया गया। यह रिसर्च जून 2025 में इटली में हुई ISBT की एक मीटिंग में बताई गई।रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि टीम ने एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, 'एडवांस तकनीकों से पता चला कि उनका ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स से मेल नहीं खा रहा था। यह एक दुर्लभ ब्लड टाइप हो सकता है। इसलिए, हमने परिवार के सदस्यों के ब्लड सैंपल लिए, लेकिन कोई मैच नहीं मिला।' जहां तक सीआरआईबी नाम रखने का सवाल है, सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' और आईबी का मतलब 'इंडिया', 'बैंगलोर' है। डॉ. माथुर ने यह भी कहा कि रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर ने दुर्लभ ब्लड डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। वे पहले भी कई दुर्लभ ब्लड टाइप के मरीजों की मदद कर चुके हैं।



- सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' व आई का 'इंडिया', बी का 'बैंगलोर'
- हृदय की सर्जरी के लिए भर्ती महिला का ब्लड ग्रुप किसी भी ज्ञात ब्लड सैंपल से मेल नहीं खाया

# विटामिन बी 12 की हर दूसरे आदमी में है कमी

## हाथ-पैरों में झनझनाहट और सुन्नपन हो सकती है विटामिन बी 12 की कमी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन बी 12 का सेवन बहुत ही जरूरी है। यह विटामिन हमारे शरीर में नहीं बनता बल्कि हमें ये भोजन से मिलता है। विटामिन बी 12 से जुड़ी डाइट की बात करें तो ये विटामिन हमें मांसाहारी खाद्य जैसे अंडा, दूध,मछली,मांस व बीफ का सेवन करने से पर्याप्त मिलता है। जानवर व उनके मांस संबंधित खाद्य इस विटामिन का बेहतर स्त्रोत माना जाता है। लेकिन शाकाहारी लोगों के लिए दूध, दही, मशरूम, आदि भी इसके स्त्रोत हैं। शरीर के लिए जरूरी ये विटामिन नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखता है। डीएनए व आरएनए के निर्माण में मददगार ये विटामिन शरीर में फोलेट व आयरन को सही तरह से काम करने में मदद करता है। ये विटामिन ब्रेन हेल्थ व याददाश्त को बेहतर बनाए रखने में मददगार है। पाचन से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे लोगों में भी इस विटामिन की कमी होती है। विटामिन बी12 एक पानी में घुलनशील विटामिन है जिसकी क मी से शरीर में कई तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानियां होने लगती हैं। इसकी कमी से हाथ-पैरों में झनझनाहट या सुन्नपन होना, थकान व कमजोरी होना, याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना या सिर भारी लगना, भूख कम लगना, मूड स्विंग्स या डिप्रेशन, जीभ पर जलन या फिर सूजन होने जैसे लक्षण दिखते हैं। इस विटामिन की कमी ज्यादातर बुजुर्गों में होती है। जो युवा एक जैसी डाइट लेते हैं उनकी बॉडी में भी इस विटामिन की कमी होने लगती है।चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों विटामिन बी12 की कमी हर दूसरे आदमी में देखने को मिल रही है। इस विटामिन को शरीर में बढ़ाना जरूरी है। एक स्वस्थ व्यक्ति में विटामिन बी 12 का स्तर 200-300 पिको ग्राम प्रति मिली होना चाहिए। शाकाहारी लोगों में इस विटामिन की खासतौर पर कमी होती है, क्योंकि विटामिन बी 12 का मुख्य स्त्रोत एनिमल फूड है। इस विटामिन की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में कुछ खास आहार शामिल करें ताकि आपके शरीर में इस विटामिन की भरपाई हो सके। चलिए जानते हैं कि शरीर में विटामिन बी 12 को बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ कौन से हैं-यदि शरीर में विटामिन बी 12 की कमी को पूरा करना चाहते हैं तो आप पनीर का सेवन करें। दूध की मलाई निकालकर बनाया गया पनीर शरीर के विटामिन की कमी को पूरा करेगा। यदि आप हर रोज़ एक पाव दूध पीते हैं तो आपकी शरीर में विटामिन बी 12 की कमी पूरी होगी। 250 मिली ग्राम दूध में लगभग 1.1 से 1.4 माइक्रोग्राम विटामिन बी 12 होता है। एक वयस्क व्यक्ति को रोज लगभग 2.4 माइक्रोग्राम बी12 की जरूरत होती है। आधी विटामिन बी 12 की ज़रूरत मात्र 1 गिलास दूध से पूरी हो सकती है।दही भी विटामिन बी 12 का अच्छा स्त्रोत है जो नर्वस सिस्टम, याददास्त व एनर्जी लेवल के लिए ज़रूरी है। ये विटामिन पाचन में सुधार करता है। दही में प्रोबायोटिक बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों की सेहत सुधारते हैं और बी 12 को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करते हैं।प्रोटीन व कैल्शियम से भरपूर दही का सेवन करने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। हां, मशरूम भी शरीर में में विटामिन बी 12 की कमी पूरी करता है। शिटेक मशरूम में इस विटामिन की अच्छी खासी मात्रा मौजूद होती है। शिटेक मशरूम खासतौर पर जब धूप में सुखाए गए होते हैं, तो इनमें विटामिन डी के साथ-साथ बी 12 की भी मात्रा ज्यादा होती है। यह मशरूम नर्व हेल्थ, ब्लड सेल बनाने व इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में सहायता करता है।

## बांग्लादेश में 'जुलाई नेशनल चार्टर' पर विवाद



**ढाका ।** बांग्लादेश में कई राजनीतिक दलों ने 'जुलाई नेशनल चार्टर' के मसौदे पर आपत्तियां उठाई हैं। इनमें जमात-ए-इस्लामी, नेशनल सिटीजन्स पार्टी (एनसीपी) और इस्लामी आंदोलन शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह दल, खासकर राष्ट्रीय चुनावों के बाद सरकार बनने के दो साल के भीतर सुधार प्रस्तावों को लागू करने के प्रावधान का विरोध कर रहे हैं। इन दलों की मांग है कि जुलाई चार्टर को एक कानूनी ढांचे में शामिल किया जाए, ताकि इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। बांग्लादेश की नेशनल कंसेंसस कमीशन (एनसीसी) ने हाल ही में राजनीतिक पार्टियों से अपील की है कि वह 'जुलाई नेशनल चार्टर 2025' में दिए गए सुधारों को सत्ता में आने के दो साल के अंदर लागू करने का वादा करें।कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी 'जमात-ए-इस्लामी' ने जुलाई चार्टर को दो साल के भीतर लागू करने के प्रस्ताव को खतरनाक बताया।

# स्विस बैंक में भारतीयों की जमा राशि हो गई है 37,600 करोड़

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** स्विस बैंकों में भारतीयों का कितना पैसा जमा है, यह सवाल अक्सर चर्चा का विषय बना रहा है। संसद में भी इसको लेकर कई बार सवाल उठते है। एक बार फिर इसको लेकर सवाल उठे। क्या 2024 में भारतीयों की जमा राशि 3 गुना बढ़कर लगभग 37,600 करोड़ रुपये हो गई है? क्या इसमें काला धन भी शामिल है? 2022 से अब तक विदेशों से कितना काला धन वापस लाया गया है? इन सवाल का केंद्र सरकार ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि स्विस नेशनल बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि बढ़ी है।वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्य सभा सदस्य जावेद अली खान द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों पर आधारित कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उल्लेख किया गया है कि 2024 में स्विस बैंकों में भारतीयों से जुड़ी धनराशि बीते वर्ष की तुलना में बढ़ी है।" उन्होंने कहा, 'मीडिया रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्विस अधिकारियों के अनुसार, एसएनबी के आंकड़ों में, अन्य बातों के अलावा, ग्राहकों की जमा राशि (किसी भी देश में स्थित स्विस बैंकों की विदेशी शाखाओं में जमा राशि सहित) और अन्य देनदारियों के साथ-साथ बैंकों को देय राशि भी शामिल है, और स्विस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि एसएनबी के वार्षिक बैंकिंग आंकड़ों का उपयोग स्विट्जरलैंड में भारत के निवासियों द्वारा जमा राशि के विश्लेषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।' सरकार ने एसएनबी डेटा का नेचर स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें ग्राहकों की जमा राशि, अन्य देनदारियां, विभिन्न बैंकों को देय राशि और विदेशी ब्रांच में जमा राशि शामिल है। इसलिए, यह मान लेना गलत है कि यह पूरी राशि स्विट्जरलैंड में भारतीय नागरिकों द्वारा जमा "काला धन" है।मंत्री महोदय की तरफ से यह भी बताया गया है कि सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान स्ट्रक्चर के तहत वर्ष 2018 से स्विट्जरलैंड हर वर्ष भारत को भारतीय निवासियों से संबंधित वित्तीय जानकारी प्रदान करता रहा है। पहली बार, यह डेटा भारत को सितंबर 2019 में प्राप्त हुआ था और यह प्रक्रिया अब हर साल जारी है। इसके अलावा, भारत को 100 से अधिक विदेशी कर क्षेत्राधिकारों से विदेशी आय और संपत्ति से संबंधित जानकारी भी मिलती है।सरकार ने कहा कि काला धन अधिनियम 2015 के लागू होने के बाद 2015 में 3 महीने की एकमुश्त अनुपालन अवधि के दौरान, 684 खुलासों से 4,164 करोड़ रुपये मूल्य की अघोषित विदेशी संपत्ति का पता चला, जिस पर 2,476 करोड़ रुपये का टैक्स और जुर्माना वसूला गया।काला धन अधिनियम के तहत 31 मार्च, 2025 तक 1,021 असेसमेंट पूरे किए गए, जिनसे 35,105 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स और जुर्माना वसूला गया। इन मामलों में कुल 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गईं। पहले ही कर/जुर्माना/ब्याज के रूप में 338 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। सरकार कह रही है कि इस बात को समझना काफी जरूरी है कि स्विस बैंकों में जमा पैसा हमेशा ब्लैक मनी नहीं होता है। किसी भी व्यक्ति या संस्था का स्विट्जरलैंड में खाता रखना गैरकानूनी नहीं है, बशर्ते कि धन घोषित किया गया हो और उस पर आवश्यक टैक्स चुकाया गया हो।





**2022 से अब तक कितनी ब्लैक मनी हुई रिकवर?**

## कक्षा तक नहीं पहुंच पाया ऑस्ट्रेलियाई रॉकेट लांच के 14 सेकेंड में ही हो गया क्रैश



**मॉस्को ।** रूस ने यूक्रेन पर 'इस्कंदर' मिसाइलों से बड़ा हमला किया है। आरटी न्यूज के अनुसार रूस ने अपने दावे में कहा है कि उसने ज़ेलेंस्की के मिलिटेंट कैंप को निशाना बनाकर बड़ा हमला किया है। आरटी ने रूसी रक्षामंत्रालय के हवाले यूक्रेन के होंचारिवस्के में 200 से अधिक मौतों का दावा किया है। आरटी ने कहा कि रूसी रक्षा मंत्रालय (MoD) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने 'इस्कंदर' बैलिस्टिक मिसाइलों से यूक्रेन के होंचारिवस्के क्षेत्र में स्थित एक कथित ज़ेलेंस्की समर्थक मिलिटेंट कैंप पर सटीक हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमले में 200 से अधिक हताहत के होने की सूचना है। वहीं, मंत्रालय के मुताबिक इस हमले में क्लस्टर और हाई-एक्सप्लोसिव वॉरहेड्स का इस्तेमाल किया गया, जिससे ज़मीन पर भारी नुकसान हुआ। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इसे "प्रेसिजन स्ट्राइक" बताया और कहा कि इसका उद्देश्य यूक्रेनी सशस्त्र बलों के पीछे के ठिकानों और रणनीतिक जमावड़ों को कमजोर करना था।

## धर्मांतरण पर देशभर में लगे प्रतिबंध बने कड़ा कानून : विहिप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में केरल की दो ननों की छत्तीसगढ़ में गिरफ़्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विश्व हिंदू परिषद के महासचिव सुरेंद्र जैन ने बुधवार को केंद्र सरकार से धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून लाने का आग्रह किया। एएनआई से बात करते हुए, जैन ने आरोप लगाया कि चर्च पर मानव तस्करी के आरोप लगाए गए हैं और अवैध धर्मांतरण को रोका जाना चाहिए। जैन ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि यह पहली बार नहीं है जब ये आरोप लगाए गए हैं चर्च पर मानव तस्करी जैसे आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। सेवा की आड़ में वे जो अवैध धंधा चला रहे हैं, उसे रोका जाना चाहिए... हम केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि यह कानून (धर्मांतरण विरोधी कानून) कुछ राज्यों में लागू है, लेकिन इसका नेटवर्क व्यापक और देशव्यापी है। इसलिए, धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी कानून लाया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे दावा किया कि गिरफ़्तारी के बाद एक "हिंदू-विरोधी माहौल" सक्रिय हो गया और उन्होंने इसका विरोध करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। यह पाया गया कि वे मानव तस्करी और अवैध धर्मांतरण के अवैध धंधे में शामिल थीं। जैसे ही ननों की गिरफ्तारी हुई और जांच शुरू हुई, हिंदू-विरोधी माहौल तुरंत सक्रिय हो गया। हिंदू-विरोधी माहौल सक्रिय हो गया और राहुल गांधी भी तुरंत सक्रिय हो गए अगर यहां कुछ गड़बड़ है, तो कांग्रेस को विरोध नहीं करना चाहिए, लेकिन अगर वे विरोध करते रहेंगे, तो इसका मतलब ज़रूर है कि कुछ गड़बड़ है। इससे पहले दिन में तिरुवनंतपुरम के मेजर आर्कबिशप, कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस ने जबरन धर्मांतरण के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि कथित पीड़ित पहले से ही ईसाई थे। कथित धर्मांतरण के सिलसिले में छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार केरल की दो ननों की ज़मानत याचिकाएं निचली अदालत और सत्र न्यायालय, दोनों ने खारिज कर दी हैं।

सत्र न्यायालय की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश अनीश दुबे (एफटीएससी) ने फैसला सुनाया कि मानव तस्करी के आरोपों के कारण यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है, जिसके कारण यह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत के दायरे में आता है। अब इस मामले की सुनवाई बिलासपुर स्थित एनआईए कोर्ट में होगी। तब तक, नन न्यायिक हिरासत में रहेंगी। शिकायतकर्ता के वकील राजकुमार तिवारी द्वारा इस अदालत में एक नई याचिका दायर करने की उम्मीद है।

**दो नन छत्तीसगढ़ से इसी मामले में गिरफ्तार**

## जिहादी आतंकियों के कहर से दहल गया ये देश, 50 सैनिकों की मौत



**लागोस ।** बुर्किना फासो के उत्तरी हिस्से में स्थित दारगो में एक आर्मी बेस पर हुए भीषण हमले में करीब 50 सैनिकों की जान चली गई। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय समुदाय के एक नेता और एक निवासी ने दी। दोनों ने अपनी पहचान छिपाने की शर्त पर यह बात बताई, क्योंकि उन्हें सैन्य अधिकारियों से डर था। यह हमला सोमवार को बोउल्सा प्रांत के दारगो में हुआ। बताया जा रहा है कि इस हमले के पीछे जिहादी संगठन जमात नस्त्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन का हाथ हो सकता है।

वहीं, सूत्रों के मुताबिक, करीब 100 हथियारबंद आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया। हमलावरों ने आर्मी बेस पर धावा बोलकर पहले तो सैनिकों को निशाना बनाया, फिर अड्डे को लूटा और आग के हवाले कर दिया। बुर्किना फासो की सैन्य सरकार ने अभी तक इस हमले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बता दें कि देश में जिहादी आतंकियों का असर दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है।

## कहानी फिल्म जगत की

# अधिकारी से निर्माता निर्देशक बने सनातन

### भोजपुरी फिल्म 'बाट निहारुँ घर आ जा सजनवा' दूसरी फिल्म





सनातन एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता, लेखक और निर्देशक हैं, जिन्हें मीडिया का खासा अनुभव है। केंद्र सरकार के प्रमुख विभागों- विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, श्रम मंत्रालय और दूरदर्शन में विभिन्न वरिष्ठ पदों पर तीन दशकों से अधिक समय तक सेवा देने के बाद, उन्होंने खुद को थिएटर और फिल्म निर्माण में पूरी तरह से समर्पित करने के लिए 2021 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना.भावनात्मक यथार्थवाद और सांस्कृतिक गहराई में निहित कहानियों के लिए आजीवन जुनून के साथ, सनातन ने सिनेमा की दुनिया में सफलतापूर्वक प्रवेश किया है।

एक निर्माता के रूप में, वह अपने साथ प्रशासनिक कौशल, कथात्मक अंतर्दृष्टि और रचनात्मक अनुशासन का एक असाधारण मिश्रण लाते हैं। उनकी लघु फिल्म "सबीना" का लेखन, निर्माण और निर्देशन किया, जो सार्वजनिक सेवा में उनके व्यापक अनुभव से प्रेरित है। फिल्म को आधिकारिक तौर पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों के लिए चुना गया है और फ्लोरेंस फिल्म अवाड्र्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का रजत पुरस्कार पहले ही मिल चुका है। सबीना को पूरी तरह से उनके नेतृत्व में अवधारणा, वित्तपोषित और निर्मित किया गया था। सनातन वर्तमान में अपनी आगामी भोजपुरी फीचर फिल्म 'बाट निहारुँ घर आ जा सजनवा' पर काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण संस्कृति, भावनात्मक गहराई और झारखंड और बिहार से संबंधित सामाजिक विषयों पर आधारित है. प्रामाणिक भारतीय कथाओं को प्रदर्शित करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, वह इस फिल्म का निर्माण झारखंड की स्थानीय प्रतिभा, क्षेत्रीय भाषा और क्षेत्रीय सिनेमा को मजबूत करने के दृष्टिकोण के साथ कर रहे हैं। एक निर्माता के रूप में सनातन का दृष्टिकोण अत्यंत व्यक्तिगत और पेशेवर है - कुशल प्रोडक्शन प्लानिंग के साथ कलात्मक संवेदनाओं को संतुलित करना उनकी विशेषता है । उनका उद्देश्य क्षेत्रीय फिल्मों के विकास में सार्थक योगदान देना है, विशेष रूप से वे जो भारत के हृदय स्थल की सांस्कृतिक आत्मा को चित्रित करती हैं। फिल्म 10 सितंबर को फ्लोर पर आ जाएगी और पूरी शूटिंग रांची के निकट जोन्हा के आसपास होगी अधिकांश कलाकार और क्रू मेंबर्स झारखंड के हैं।

# थाईलैंड में हुआ दर्दनाक हादसा, पटाखा कारखाने में भयानक विस्फोट, 9 लोगों की दर्दनाक मौत

**बैंकॉक । एजेंसी**

मध्य थाईलैंड में पटाखा कारखाने में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। विस्फोट बैंकॉक से लगभग 95 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, सुफान बुरी प्रांत में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है।

पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट को लेकर 'समरकुन सुफान बुरी रेस्क्यू फाउंडेशन' ने नौ लोगों की मौत की सूचना दी है और बताया है कि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। प्रांतीय सरकार के जनसंपर्क विभाग ने बताया है कि घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। लापता लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है।

**पहले भी हुए हैं हादसे :** पुलिस के वरिष्ठ सार्जेंट मेजर पिन्यो चानमनी ने बताया कि विस्फोट पटाखा निर्माण वाली एक इमारत में हुआ। यह स्पष्ट नहीं है कि कारखाने को पटाखा निर्माण का लाइसेंस था या नहीं। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो और तस्वीरों में खेतों में लकड़ी की क्षतिग्रस्त इमारतें दिखाई दे रही हैं। जनवरी 2024 में इसी क्षेत्र में हुई एक ऐसी ही घटना में लगभग 20 लोग मारे गए थे। अधिकारियों के अनुसार, जुलाई 2023 में दक्षिणी थाईलैंड में पटाखा गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए।



### थाईलैंड की राजधानी में हुई थी गोलीबारी

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के एक बाजार में बंदूकधारी हमलावर ने पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पांच लोगों को गोली मारने के बाद हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली थी। यह घटना'ओर टोर कोर' बाजार में हुई थी। इस बाजार को उच्च गुणवत्ता वाले ताजे फलों और समुद्री खाद्य पदार्थों के लिए जाना जाता है। मुताबिक मृतकों में चार सुरक्षा गार्ड भी शामिल थे।

## हड़ताल खत्म, चालक व ईएमटी कर्मी लौटेंगे काम पर

# आज से 108 एंबुलेंस सेवा पटरी पर

## संघ ने सरकार से वार्ता के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य की 108 एंबुलेंस सेवाएं एक बार फिर से सुचारू हो जाएंगी। पिछले दो दिनों से जारी एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने सरकार से बातचीत के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है। गुरुवार से सभी कर्मचारी पुनः ड्यूटी पर लौटेंगे।

यह सहमति बुधवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी के एमडी शशि प्रकाश झा, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ प्रवीण प्रकाश एवं 108, 104 और एनजीओ के स्टेट नोडल पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सिन्हा उपस्थित थे।



### सरकार ने की मांगों पर सकारात्मक पहल

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कर्मचारियों को कुशल श्रमिक की श्रेणी के मानदेय व ओवरटाइम भुगतान का निर्देश दिया। अगस्त से ईपीएफ लाभ सुनिश्चित करने तथा 15 हजार से अधिक की राशि पर कर्मियों से कंसेंट लेटर लेने का निर्देश दिया गया। सितंबर माह से ईपीएफ कटौती के साथ वेतन भुगतान करने को कहा गया। जिन कर्मियों को हड़ताल अवधि में हटाया गया था, उन्हें भी पुन: काम पर लेने का भी आदेश दिया गया। ड्राइवरों को अपने लाइसेंस और ईएमटी कर्मियों को अपने प्रमाण पत्र व्हाट्सएप ग्रुप में अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में कर्मचारी संघ की चार सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें कुशल श्रमिक के अनुरूप मानदेय देने, अगस्त माह से ईपीएफ लागू करने तथा ओवरटाइम का नियमानुसार भुगतान शामिल था। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कर्मचारी अनुशासन बनाए रखें, अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मांगे मान लिए जाने के बाद संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और सभी कर्मियों को काम पर लौटने के निर्देश दिए। यह निर्णय राज्य भर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली की दिशा में एक राहतभरी खबर है, जिससे आम जनजीवन को बड़ी राहत मिलेगी।

### जेयूटी के वीसी को रांची विवि के वीसी के रूटीन वर्क का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति पद के सामान्य कार्यों (रूटीन वर्क) के निष्पादन के लिए अगले आदेश तक झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), रांची के कुलपति को अतिरिक्त प्रभार दिया है। साथ ही, यह निदेश दिया गया है कि सामान्य प्रशासनिक कार्यों को छोड़कर किसी भी नीतिगत निर्णय के लिए कुलाधिपति की स्वीकृति अनिवार्य होगी।

### सूचना अधिकार कानून से डरती है सरकार : विजय

**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के बार-बार निर्देश के बावजूद राज्य सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों से सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करना इस बात का प्रतीक है कि हेमंत सरकार सूचना अधिकार कानून से डरती है। उन्होंने कहा कि यह देश का संभवतः पहला राज्य होगा, जहां सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पिछले पांच वर्षों से लंबित पड़ी है। मंच का मानना है कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 को लागू करने में अपनी नाकामी को छिपा नहीं सकती। पिछले पांच वर्षों से राज्य सूचना आयोग को जानबूझकर पंगु बनाए रखा गया है। क्या सरकार को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 से एवं पारदर्शिता और जवाबदेही से डर लगता है। नायक ने कहा कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद वर्ष 2020 से रिक्त हैं।



## राज भवन में हुई इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की स्टेट मैनेजिंग कमेटी की बैठक

# रेड क्रॉस की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी हो : राज्यपाल गंगवार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में बुधवार को राज भवन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की स्टेट मैनेजिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने रेड क्रॉस की भूमिका को और अधिक प्रभावी तथा जन-कल्याणकारी बनाने के लिए कई अहम निदेश दिए। राज्यपाल गंगवार ने विशेष रूप से स्वैच्छिक रक्तदान को एक सामाजिक जनांदोलन का रूप देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए और इनमें विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड जैसी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, सभी को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उन्हें भी अपने जीवन में 15-20 बार रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्त की बर्बादी नहीं होनी चाहिए, यदि रक्त अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाए, तो उसे समीपवर्ती जिलों में भेजा जाए। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। ऐसे रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने 50 बार या उससे अधिक रक्तदान किया है।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी विगत एक सदी से अधिक समय से निःस्वार्थ मानव सेवा में संलग्न है। यह संस्था आपदा, विपदा और स्वास्थ्य संकट के समय लोगों की संवेदनशील, त्वरित और मानवीय सहायता के लिए जानी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा, करुणा और परोपकार भारतीय संस्कृति के मूल मूल्य हैं और ऐसी अपेक्षा है कि रेड क्रॉस की झारखंड शाखा इन मूल्यों का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करे।

राज्यपाल ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी की मृत्यु केवल समय पर रक्त न मिलने के कारण होती है, तो यह न केवल संबंधित अस्पताल प्रबंधन, बल्कि रेड क्रॉस से जुड़े सभी व्यक्तियों की भी असफलता व निष्क्रियता मानी जाएगी। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि कुछ स्थानों पर रक्त की बिक्री की शिकायतें प्राप्त होती हैं। उन्होंने सख्त निदेश दिए कि रेड क्रॉस सुनिश्चित करे कि कोई भी मरीज या परिजन विवश होकर रक्त न खरीदे। संस्था को एक समर्पित और भरोसेमंद रक्तदाता मंच के रूप में समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करनी चाहिए।

राज्यपाल गंगवार ने भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा किए गए देहदान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मानवीय उदाहरण रेड क्रॉस के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सोसाइटी को सक्रियता और समर्पण के साथ सेवा कार्य करने के लिए कहा।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने रेड क्रॉस की जिला इकाइयों को अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाने, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों तक सेवा का विस्तार करने तथा संस्था के सभी कार्यों में वित्तीय पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संकट से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि रेड क्रॉस के स्वयंसेवक हर परिस्थिति में सक्षम और तत्पर रहें। उन्होंने संस्था को जीवंत बनाए रखने हेतु सतत सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि संस्था अच्छे कार्य करेगी, तो कई संस्थाएं अनुदान व सहयोग के लिए स्वयं आगे आएंगी। इस अवसर पर यह भी कहा गया कि रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला इकाइयां लावारिस शवों का अंतिम संस्कार भी कर सकती हैं, जो एक संवेदनशील सामाजिक दायित्व है।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सह सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ नितिन कुलकर्णी, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, निदेशक (खेल) शेखर जमुआर, सोसाइटी की झारखंड राज्य शाखा से जुड़े पदाधिकारी, जिला इकाइयों के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण उपस्थित थे।



### 'सेवा ही हमारा संकल्प हो', यही रेड क्रॉस की पहचान बने

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आशा व्यक्त की कि यदि रेड क्रॉस के सभी सदस्य मानव सेवा के प्रति संपूर्ण निष्ठा और संकल्प के साथ कार्य करें, तो यह संस्था एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यपाल के रूप में वे रेड क्रॉस की सेवा भावना से जुड़े हर प्रयास में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही हमारा संकल्प हो', यही रेड क्रॉस की पहचान बने।


(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार)
अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या– 01/2025

–: आवश्यक सूचना :–

प्रभारी पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक 725 दिनांक 29.05.2025 के द्वारा लातेहार जिला के प्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावी क्षेत्र नगर पंचायत अंतर्गत ओ0बी0सी0 छात्रावास गुरूकुल माको, लातेहार में छात्र–छात्राओं हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय एवं अधिष्ठापन किया जाना है।

आवश्यक सामग्रियों की सूची दर निर्धारण हेतु https://jharkhandtenders.gov.in पर प्रकाशित की गई हैं। संबंधित निविदाकर्ता उक्त प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए दिनांक 07.08.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपना निविदा https://jharkhandtenders.gov.in पर कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार

PR 358537 (Human Resource Developement)25-26*D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय:– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की अंतिम तिथि 29.08.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वादों से संबंधित अधिहरण वादों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20/2025 | (1) सेमल लकड़ी–लगभग 100 घनफुट (11 पीस) एवं (2) महिन्द्रा पिकअप निबंधन संख्या–UP 60J 3811 | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 358608 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2025–26)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक–**21-08.2025** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**22-08.2025** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**22-08.2025** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची।
(2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | NH-98 से नौडिहा बाजार ब्लॉक हेड ऑफिस भाया उदयगढ़ मोड़ पथ का साधारण मरम्मति कार्य (वर्ष 2025–26) | 34,94,157.47 | 70,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

**नोटः–** (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2)निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 358548 (Road)25-26*D


## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर नो फ्लाइंग जोन की हुई घोषणा



**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची में 31 जुलाई और 01 अगस्त 2025 को परिदर्शन (विजिट) प्रस्तावित है। रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से बिरसा चौक, बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन की 200 मीटर की परिधि को ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून के संदर्भ में नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निषेधाज्ञा जारी की है। जारी निषेधाज्ञा के अनुसार 31 जुलाई 2025 से 01 अगस्त 2025 तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से बिरसा चौक, बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन की 200 मीटर के क्षेत्र में तथा इसके ऊपर ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेंगे। यह निषेधाज्ञा 31 जुलाई 2025 की प्रातः 06:00 बजे से 01 अगस्त 2025 की रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

### मुख्यमंत्री से विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मंईयां योजना की सराहना की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में विश्व बैंक के भारत स्थित कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर ऑगस्टे तानो कौमे ने झारखंड के आर्थिक विकास तथा गरीबी उन्मूलन उत्थान की प्रमुख योजना (मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना) की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल को राज्य में हो रहे ग्रामीण आर्थिक विकास, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, उत्पादन, कृषि, शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधन में हो रहे कार्य तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों सहित निवेश की संभावनाओं से अवगत कराया। श्री कौमे और उनकी टीम ने भारत में विश्व बैंक द्वारा समर्थित परियोजनाओं के अनुभव साझा किए और राज्य सरकार को विकास योजनाओं, कार्यक्रम डिजाइनिंग तथा क्रियान्वयन तंत्र को मजबूत करने में सहयोग देने की इच्छा जताई, जिससे राज्य के नागरिकों को लाभ मिल सके।

## भाजपा का सरकार पर हमला, कहा

# शराब घोटाले के बाद अब 'कोचिंग घोटाले' की बारी

- फिजिक्स वाला का नाम टेंडर से पहले क्यों?
- भाजपा ने उठाए सवाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासी छात्रों की शिक्षा योजनाओं में भ्रष्टाचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व में शराब घोटाले को अंजाम दिया गया, उसी तर्ज पर अब सरकार "अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम" के नाम पर एक और कोचिंग घोटाले की तैयारी में है। अजय के अनुसार, ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर की ओर से टेंडर संख्या 2025_WELFR_103203_1 जारी किया गया है, जिसमें 300 अनुसूचित जनजाति के छात्रों को NEET और IIT-JEE जैसी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए विभिन्न संस्थानों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। यह प्रक्रिया अभी जारी है और टेंडर खुलने की तिथि 11 अगस्त निर्धारित है। अजय साह ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही विभागीय मंत्री और अधिकारियों द्वारा एक विशेष संस्था फिजिक्स वाला का नाम सार्वजनिक रूप से घोषित कर देना पूरे तंत्र की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी फिजिक्स वाला के नाम का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि परिणाम पहले से तय है और टेंडर प्रक्रिया महज औपचारिकता बनकर रह गई है।

अजय साह ने इसे सरकार की एक और सुनियोजित लूट बताते हुए आरोप लगाया कि पहले शराब घोटाले में भी श्री बाबूलाल मरांडी जी ने जिस कंपनी का नाम पहले ही उजागर किया था, वही बाद में ठेका प्राप्त करती दिखाई दी। अब इसी पैटर्न को कोचिंग योजना में दोहराया जा रहा है जहां मंत्री और अधिकारी टेंडर खुलने से पहले ही तय संस्थान के साथ बैठक कर उसका नाम उजागर कर रहे है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की लापरवाही और कमीशनखोरी की नीति ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पहले ही बर्बाद कर दिया है, और अब यह योजना आदिवासी छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मज़ाक बनती जा रही है। ऐसे छात्रों के लिए उन संस्थाओं का चयन होना चाहिए, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हों—ना कि वे जो मंत्रियों और अधिकारियों को कमीशन दे सकें।


जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 11(रा0)(वि0)/दिनांक 04/07/2025 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत निम्नांकित योजनाओं का लाभ लेने हेतु उनसे विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। **जिसके लिए 20/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

| क्र0 | योजना का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई रू0 में। | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई रू0 में। | अनुदान एवं लाभुक अंशदान का विवरण। | अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | 30 | 0.5445 (2420/– रू0 प्रति इकाई) | 1815/– रू0 प्रति इकाई | 605/– रू0 प्रति इकाई | स्वीकृत कार्य में प्रति इकाई सरकार का अनुदान 75 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 25 प्रतिशत निहित होगा। | 1. आवेदनकर्त्ता जलाशय केज कल्चर के लाभुक हो। 2. लाभुक द्वारा केजों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 101 | 02 | 2.56 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का जीयो–टैग फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| | | 789 | 01 | 1.28 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | | | | |
| 3 | पुरस्कार | 101 | 03 | 0.90 | सभी वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 30000/– रू0 देय होगा। | शेष लाभुक अंशदान होगा। | – | 1. प्रगतिशील मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य उत्पादकों/उत्कृष्ट हैचरी संचालक आवेदन कर सकते है। 2. तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 3. मछली उत्पादन संबंधित विवरणी पूर्ण हो। 4. वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभाग से मत्स्य स्पॉन प्राप्त किया हो। 5. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। 6. आवेदक आवेदन के साथ मत्स्य कार्य का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **नोट :– (चयनोपरान्त पुरस्कार के रूप में 12Paddle Wheel Areator (विभाग द्वारा अनुमोदित अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिंडर) (Accessories सहित) का क्रय किया जायेगा। )** |
| 5 | निजी क्षेत्र के तालाब में देशी मांगुर पालन कार्य | – | – | – | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0ा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 की दूरी के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 358572 Fish(25-26).D

# बेन स्टोक्स 5वें टेस्ट से बाहर, इंग्लैंड ने प्लेइंग-11 में किए सारे बड़े बदलाव

## जो रूट को कप्तानी मिल सकती है दोबारा मौका

**नई दिल्ली । एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ द ओवल में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण इंग्लैंड की प्लेइंग XI में चार बदलाव हुए हैं। इंग्लैंड चयन समिति ने बुधवार को टीम में बदलावों की घोषणा की, जिसमें जैकब बेथेल, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में कप्तानी की जिम्मेदारी अनुभवी ओली पोप को सौंपी गई है।

टीम प्रबंधन ने अपनी गेंदबाजी लाइनअप में बड़े बदलाव किए हैं, जिसमें स्पिनर लियाम डॉसन और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए सरे के गेंदबाज गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। जैकब बेथेल संभवतः छठे नंबर पर खेलेंगे, जिससे इंग्लैंड के मध्य क्रम में नई प्रतिभाएं जुड़ेंगी।

विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी जेमी स्मिथ संभालेंगे, जो स्टंप के पीछे अपनी जगह बनाए रखेंगे। चोटिल बेन स्टोक्स की जगह ओली पोप को कार्यवाहक कप्तान नियुक्त किया गया है। बल्लेबाजी क्रम में जैक क्रॉली और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाए रखेंगे, उनके बाद पोप तीसरे और अनुभवी रूट चौथे नंबर पर होंगे। हैरी ब्रुक बल्लेबाजी क्रम में पांचवें नंबर पर बने रहेंगे, जबकि क्रिस वोक्स निचले क्रम में हरफनमौला खिलाड़ी हैं। नए गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शामिल है।



### बेन स्टोक्स अंतिम टेस्ट से बाहर

- दाहिने कंधे की चोट के कारण स्टोक्स नहीं खेल पाएंगे द ओवल टेस्ट।
- चोट गंभीर होने के कारण चयन समिति ने उन्हें बाहर रखने का निर्णय लिया।

### इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में चार बदलाव

- इंग्लैंड ने अंतिम टेस्ट के लिए टीम में 4 नए खिलाड़ियों को शामिल किया।
- बदलावों की घोषणा बुधवार को इंग्लैंड चयन समिति ने की।

### ओवल टेस्ट में भारत की प्लेइंग-11 क्या होगी

## अर्शदीप डेब्यू करेंगे, आकाश की वापसी या कुलदीप को मौका



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ द ओवल में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण इंग्लैंड की प्लेइंग 11। में चार बदलाव हुए हैं। इंग्लैंड चयन समिति ने बुधवार को टीम में बदलावों की घोषणा की, जिसमें जैकब बेथेल, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में कप्तानी की जिम्मेदारी अनुभवी ओली पोप को सौंपी गई है। टीम प्रबंधन ने अपनी गेंदबाजी लाइनअप में बड़े बदलाव किए हैं, जिसमें स्पिनर लियाम डॉसन और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए सरे के गेंदबाज गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है।

## पांचवां टेस्ट मैच खेलने पर जसप्रीत बुमराह पर संशय



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस मैच में नहीं खेलने की सलाह दी है। बुमराह ने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों में 14 विकेट लिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पांच मुकाबलों की सीरीज में भारत के 1-2 से पिछड़ने के बावजूद, टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं ने मूल योजना के अनुसार ही आगे बढ़ने का फैसला किया है। सीरीज से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ तीन ही टेस्ट खेलेंगे। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला, लेकिन एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट नहीं खेले। इसके बाद लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में बुमराह मैदान पर उतरे। 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' के अनुसार बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह को बताया कि उन्हें इस सुझाव पर विचार करना चाहिए।

### कोको गॉफ ने दिखाया दमखम

- अमेरिका की कोको गॉफ ने डेनिएल कोलिन्स को हराया।
- गॉफ ने सीधे सेटों में मुकाबला अपने नाम किया।



## कैनेडियन ओपन : गॉफ ने कोलिन्स को हराया, इतो ने पाओलिनी को शिकस्त दी

### अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने सीधे सेटों में दर्ज की जीत

**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)**

टॉप सीड कोको गॉफ ने कैनेडियन ओपन में डेनिएल कोलिन्स के खिलाफ लगभग तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने जून में रोलां गैरो जीतने के बाद पहला मैच अपने नाम किया। गॉफ तीसरे सेट में हार से सिर्फ दो अंक दूर थीं, लेकिन उन्होंने पासा पलटते हुए आखिरकार 7-5, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की। कोलिन्स ने आखिरी 80 मिनटों में पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन वह कभी भी मैच प्वाइंट तक नहीं पहुंच सकीं और अंतिम 11 में से 9 अंक गंवा बैठीं। यह मुकाबला आईजीए स्टेडियम में खेला गया। मुकाबला जीतने के बाद कोको गॉफ ने कहा, "मैं अच्छी प्रैक्टिस कर रही थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस मैच में उस तैयारी के अनुरूप खेल सकी। उम्मीद है कि मैंने टूर्नामेंट का अपना खराब मैच जीत लिया है। डेनिएल शानदार बॉल स्ट्राइकर हैं। मैंने जितनी बार उनकी सर्विस ब्रेक की, उससे मुझे कुछ सकारात्मक बातें सीखने को मिलेंगी।

अब गॉफ का अगला मुकाबला पूर्व टॉप-10 खिलाड़ी वेरोनिका कुडरमेतोवा से होगा। पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुडरमेतोवा ने दूसरे राउंड में नंबर 29 सीड ओल्गा डानिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया था। दूसरी ओर, आओई इतो ने सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए 7वीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 2 घंटे 27 मिनट में 2-6, 7-5, 7-6(5) से हरा दिया। दुनिया की 110वें नंबर की खिलाड़ी एक सेट और 4-1 से पिछड़ रही थीं। दूसरे सेट में 5-4 से पिछड़ने के बाद उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया। इतो अब तीसरे दौर में जेसिका बूजास मानेरो से भिड़ेंगी। आओई इतो ने 2025 की शुरुआत में कैनबरा में अपना पहला डब्ल्यूटीए 125 खिताब जीता और मई में शीर्ष 100 में जगह बनाई। हालांकि, सीजन में उन्होंने इस हफ्ते केटी वोलिनेट्स पर पहले दौर की जीत तक कोई टूर-स्तरीय मैच नहीं जीता था। यह डब्ल्यूटीए 1000 मेन ड्रॉ में उनकी पहली जीत भी थी। इससे पहले, बियांका एंड्रेस्कू अपने घरेलू डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में बाएं टखने की चोट के कारण दूसरे दौर के मैच से हट गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी, चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा, वॉकओवर के जरिए तीसरे दौर में पहुंच गईं।

## टोरंटो ओपन में ज्वेरेव रूने व मुसेट्टी की जीत

**टोरंटो (आईएएनएस)**



शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने कैनेडियन ओपन अभियान की शुरुआत एडम वाल्टन को 7-6(6), 6-4 से हराकर की। इस दौरान 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहले गेम में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सेट प्वाइंट हासिल किया। टाई-ब्रेक में 3/5 से पिछड़ने के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 5/5 पर एक लंबी रैली के बाद लय हासिल की और बेसलाइन से बेहतर रिदम के साथ खेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ज्वेरेव जब 5-3 की बढ़त पर मैच सर्व कर रहे थे, तब उनकी सर्विस टूट गई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच को अपने नाम कर लिया। एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं, जिनमें 2017 में कनाडा में मिली खिताबी जीत भी शामिल है। ज्वेरेव अब अपने खिताबों की सूची में एक और नाम जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में ज्वेरेव, अर्नाल्डी से 1-0 से आगे हैं। इस साल उनका एकमात्र मुकाबला अकापुल्को में हुआ था।

### देश पहले, बिजनेस बाद में

## स्पॉन्सर ने भारत-पाकिस्तान डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल से नाम वापस लिया



**टोरंटो (आईएएनएस)**

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने कैनेडियन ओपन अभियान की शुरुआत एडम वाल्टन को 7-6(6), 6-4 से हराकर की। इस दौरान 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहले गेम में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सेट प्वाइंट हासिल किया। टाई-ब्रेक में 3/5 से पिछड़ने के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 5/5 पर एक लंबी रैली के बाद लय हासिल की और बेसलाइन से बेहतर रिदम के साथ खेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ज्वेरेव जब 5-3 की बढ़त पर मैच सर्व कर रहे थे, तब उनकी सर्विस टूट गई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच को अपने नाम कर लिया। एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं, जिनमें 2017 में कनाडा में मिली खिताबी जीत भी शामिल है। ज्वेरेव अब अपने खिताबों की सूची में एक और नाम जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा।

## सीएएफए नेशंस कप खेलेगी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड की तैयारी के तहत भारत की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन ने भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। दरअसल, यह टूर्नामेंट फीफा के आधिकारिक कैलेंडर से बाहर है और मलेशिया ने लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों और खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के चलते इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद भारत को आमंत्रित किया गया। भारत को उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान की तरफ से संयुक्त रूप से आयोजित द्विवार्षिक सेंट्रल एशियन टूर्नामेंट में शामिल किया गया।

## एवर्टन ने बायर्न म्यूनिख से एडम अज्नो को चार साल के अनुबंध पर साइन किया

**लिवरपूल (आईएएनएस)**



एवर्टन ने बायर्न म्यूनिख से एडम अज्नोउ का ट्रांसफर पूरा कर लिया है। 19 वर्षीय डिफेंडर ने जून 2029 के अंत तक ब्लूज के साथ चार साल का अनुबंध किया है। मोरक्को के एक सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अज्नोउ बार्सिलोना की प्रसिद्ध ला मासिया अकादमी के युवा खिलाड़ी हैं। एडम ने जर्मनी में रहते हुए बुंडेसलीगा और चैंपियंस लीग में और फिर इस गर्मी में क्लब विश्व कप में भी हिस्सा लिया था। एडम ने एवर्टन टीवी से कहा, "मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मुझे इस टीम का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। उन्होंने मुझे जो प्रोजेक्ट दिया है, वह वाकई बहुत अच्छा है। प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे अच्छी लीग है, इसलिए मैं शुरुआत करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। एवर्टन के मैनेजर डेविड मोयेस के साथ बातचीत के बाद एडम को तुरंत साइन करने के लिए मना लिया गया। एडम ने बताया, "मोयेस ने मुझसे बात की, उन्होंने मुझे टीम के बारे में बताया मुझसे टीम की उम्मीदों का भी जिक्र किया। बातचीत के बाद मैंने तुरंत अनुबंध को फाइनल करने का निर्णय ले लिया। अपने शुरुआती करियर में अज्नोउ यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों पर बहुमूल्य अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। एडम ने 2024/25 की दूसरी छमाही में ला लीगा में 13 मैच खेले, जिसमें कुल 10 शुरुआती मैच शामिल हैं। मोयेस ने कहा, "हमें एडम को एवर्टन में लाकर खुशी हो रही है। वह एक युवा, प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिसमें अपार क्षमताएं हैं। लेफ्ट-बैक मिलना आसान नहीं है और हम एक युवा खिलाड़ी को लेकर आए हैं, जिसके बारे में हमें उम्मीद है कि वह एवर्टन में अपने समय के दौरान निखरेगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन किए गए इंस्टॉल : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश में राज्य, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 1,46,342 किलोमीटर की लंबाई में कुल 4,557 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी बुधवार को संसद को दी गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि उत्तर प्रदेश में 507 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं, जिसके बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। उन्होंने कहा, "ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश में राज्य/राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे पर कुल 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों



(सीपीओ) को प्रोत्साहन देने की कोई योजना नहीं है। इस बीच, देश के टियर 2 शहरों में वर्तमान में 1 अप्रैल, 2025 तक 4,625 ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू हैं। सरकार ने हाल ही में कहा था कि 2,000 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में सहायता करेगी।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि ये स्टेशन 50 राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों, मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, ईंधन आउटलेट और राज्य राजमार्गों जैसे उच्च-यातायात स्थलों पर रणनीतिक रूप से स्थापित किए जाएंगे। पीएम ई-ड्राइव योजना मांग प्रोत्साहनों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने और देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए अक्टूबर 2024 में शुरू की गई थी।

## सोना-चांदी की कीमतों में तेजी, 700 रुसे ज्यादा बढ़े पीली धातु के दाम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोना-चांदी की कीमतों में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 700 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी की कीमत 1 लाख 13 हजार के पार हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 721 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते मंगलवार को 98,296 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,700 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,039 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,263 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,722 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है।

## ब्याज दरों पर फेड के ऐलान से पहले सेंसेक्स तेजी के साथ बंद

**मुंबई (आईएएनएस)।** अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों पर ऐलान



से पहले बुधवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 143.91 अंक या 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,481.86 और निफ्टी 33.95 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 पर बंद हुआ। आईटी और इन्फ्रा सेक्टर दोनों ने बाजार की तेजी का नेतृत्व किया और निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी इन्फ्रा इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसके अलावा, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, कमोडिटी और सर्विसेज हरे निशान में बंद हुए। वहीं, ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 42.60 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,942.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94.60 अंक या 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,156.85 पर बंद हुआ।

## केरल में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने में लाएं तेजी : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद में केरल के रेलवे नेटवर्क को लेकर चल रहे विकास कार्यों पर जानकारी दी और पिछली सरकारों, खासकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केरल में रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया, लेकिन केरल के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कुछ खास नहीं किया। आज अगर नई ट्रेनें शुरू करनी हैं, तो सबसे पहले ट्रैक की क्षमता बढ़ानी होगी।" रेल मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने केरल के रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कई प्रमुख रेल मार्गों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये डीपीआर देश के अलग-अलग हिस्सों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बेहद अहम हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आज केरल में पूरे रेलवे नेटवर्क की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसके तहत शोरनूर से मैंगलोर तक तीसरी और चौथी लाइन के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार की जा रही है।

शोरनूर से एर्नाकुलम तक तीसरी लाइन की डीपीआर बनाई जा रही है। शोरनूर से कोयंबटूर (99 किमी) तक तीसरी और चौथी लाइन के लिए डीपीआर तैयार हो रही है। एर्नाकुलम से कायनकुलम (115 किमी) तक तीसरी लाइन के लिए डीपीआर बन रही है। कायनकुलम से तिरुवनंतपुरम (105 किमी) तक तीसरी लाइन की डीपीआर बनाई जा रही है। तिरुवनंतपुरम से नागरकोयल (71 किमी) तक तीसरी लाइन की डीपीआर तैयार हो रही है।

## भारत-यूके एफटीए से एमएसएमई कारोबारियों में उत्साह का माहौल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट



(एफटीए) से एमएसएमई कारोबारियों में उत्साह का माहौल है और इससे देश के निर्यात को बड़े स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी व्यापारियों की ओर से दिया गया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए, तमिलनाडु के करूर में मौजूद होमलाइनंस टेक्सटाइल की मालिक एंजेला स्टीफन बाबू ने कहा कि भारत और यूके के बीच साइन हुआ एफटीए काफी अच्छा है, इससे हमारे उत्पादों पर लगने वाला 9.2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत का टैरिफ अब जीरो हो गया है। इससे निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत वर्तमान में ब्रिटेन को प्रति वर्ष लगभग 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल और रेडी-मेड गारमेंट्स का निर्यात करता है। मुक्त व्यापार समझौते के साथ, अगले 5-6 वर्षों में यह मात्रा दोगुनी होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीए होने के बाद यूके के आयातकों से हमारा संचार बेहतर होगा।